हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची • गुरुवार • 06.06.2024 • वर्ष : 14 • अंक : 313 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा, कई इलाकों में भाजपा समर्थकों के घरों पर हमला

एजेंसी

**कोलकाता :** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। बीती रात सूबे के कई इलाकों में भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके घरों पर हमले हुए हैं। कुछ मामले तो पुलिस में रिपोर्ट भी हुए हैं।

उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में बीती देर रात तृणमूल कांग्रेस की विजय रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला हुआ। तृणमूल उम्मीदवार पार्थ भौमिक की जीत के बाद बैरकपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 24 के तृणमूल कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला था। आरोप है कि विजय जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ता बाबू नाग के घर में तोड़फोड़ की गई। उस समय बाबू घर पर नहीं थे। वहां उनकी मां, पत्नी और बच्चे थे। जब बाबू नहीं मिला तो उसके घर पर कांच की बोतलें और ईंटें फेंकी गईं। भाजपा कार्यकर्ता के परिजनों ने कहा कि पार्थ भौमिक की जीत की घोषणा के बाद विजय जुलूस की ओर से हमारे घर पर हमला किया गया। महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया।

उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में भी बीती देर रात भाजपा समर्थकों के कई घरों में तोड़फोड़ की गई। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस अपराधियों को पनाह दे रही है। बारासात लोकसभा सीट पर इस बार भी तृणमूल की काकली घोष दस्तीदार ने जीत हासिल की है। कथित तौर पर काकली की जीत पक्की होने के बाद मध्यमग्राम के नेताजीपल्ली में कई भाजपा



समर्थकों के घरों पर हमला किया गया।

बीती रात नेताजी पल्ली में भाजपा समर्थकों के घर पर हमला हुआ। हमलावरों ने लोहे की रॉड, बांस और बंदूक से निवासियों को आतंकित किया। इलाके में भाजपा पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की कोशिश की गई। कथित तौर पर कई लोगों की पिटाई की गई।

जादवपुर लोकसभा क्षेत्र में अनिर्बान गांगुली के पोलिंग एजेंट समीर मिस्त्री के घर में तोड़फोड़ को लेकर दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर में तनाव फैल गया। नरेंद्रपुर के खेयादह के खुदीराबाद में समीर मिस्त्री डर के कारण बेघर हैं। हालांकि नरेंद्रपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है लेकिन फिलहाल आरोपित लापता हैं। कहा जा रहा है कि नतीजे घोषित होने के बाद समीर के घर पर हमला किया गया। समीर की पत्नी और मां से गाली-गलौज की गई। उस वक्त समीर घर पर नहीं थे। हालांकि हमले से इनकार करते हुए तृणमूल ने इसे भाजपा खेमे के गुटीय संघर्ष को जिम्मेदार ठहराया है।

बीती रात हावड़ा के डोमजूर थाना अंतर्गत के तहत जोधगिरी इलाके में भाजपा कार्यकर्ता स्वरूप धारा ने आरोप लगाया कि बीती रात करीब 12:30 बजे तृणमूल से जुड़े बदमाशों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि घरों में तोड़फोड़ की गई और बम फेंके गए। घटना से पूरा परिवार डरा हुआ है। सोनारपुर के ख्याड़ा में भाजपा के पोलिंग एजेंट के घर में तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप तृणमूल पर लगा है।

न्यूटाउन में भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला और बाइक में तोड़फोड़ की घटना हुई है। कथित तौर पर बीती रात 12-14 लोगों ने भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला कर दिया। खिड़की का शीशा टूटा हुआ था। दो बाइकें भी तोड़ दी गईं।

# एनडीए की बैठक में सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को चुना गया नेता



बैठक में नरेन्द्र मोदी समेत एनडीए के सभी नेता

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री आवास पर बुधवार को हुई एनडीए की बैठक में सभी दलों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है। पीएम आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई बैठक में एनडीए नेताओं ने प्रस्ताव पारित कर कहा, भारत के 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। बहुत लंबे अंतराल, लगभग 6 दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं।

प्रस्ताव में आगे कहा गया है कि, मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत के गरीब-महिला-युवा-किसान और शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास हेतु एनडीए सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

**आठ जून को एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण संभव**

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता एकनाथ शिंदे, टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से चिराग पासवान, एनसीपी (अजित पवार गुट) से प्रफुल्ल पटेल एवं सुनील तटकरे, अपना दल (एस) से अनुप्रिया पटेल, आरएलडी से जयंत चौधरी, जेडीएस से एचडी कुमारस्वामी, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से जीतन राम मांझी, असम गण परिषद से अतुल बोरा, आजसू से सुदेश महतो, जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा सहित एनडीए में शामिल अन्य सहयोगी दलों के भी कई नेता मौजूद रहे।

एनडीए की बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुलदस्ता भेंटकर और सभी नेताओं ने तालियां बजाकर प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। बैठक में मौजूद सभी दलों के नेताओं ने जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में आस्था भी व्यक्त की। पीएम मोदी के बगल में एक तरफ चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार और एकनाथ शिंदे और दूसरी तरफ जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह बैठे नजर आए।

बताया जा रहा है कि एनडीए की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून को हो सकता है। इससे पहले 7 जून को भाजपा संसदीय दल की बैठक में भाजपा के सभी सांसद मिलकर नरेंद्र मोदी को पार्टी के संसदीय दल के नेता के तौर पर चुनेंगे। इसके बाद एनडीए के सभी सांसदों की बैठक होगी, जिसमें नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। इसके अगले दिन 8 जून को नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्तमान लोकसभा (17वीं लोस) को भंग करने की सिफारिश को मंजूरी दी गई थी, जिसे राष्ट्रपति ने मंजूर करते हुए वर्तमान लोकसभा को भंग कर दिया है।

## नरेन्द्र मोदी ने मंत्रिपरिषद् के साथ राष्ट्रपति मुर्मू को सौंपा इस्तीफा



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें अपना और अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंप दिया। राष्ट्रपति ने उनका और मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है तथा उन्हें नयी सरकार के गठन तक कार्यभार संभालने का अनुरोध किया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने आज यहां बताया कि श्री मोदी ने श्रीमती मुर्मू से मुलाकात की और अपना तथा मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा उन्हें सौंप दिया। राष्ट्रपति ने केन्द्र में नयी सरकार का गठन होने तक प्रधानमंत्री को कार्यभार संभाले रखने का अनुरोध किया है। इससे पहले श्री मोदी की अध्यक्षता में यहां केन्द्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक हुई जिसमें 17 वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गयी। सत्रहवीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि 18वीं लोकसभा के चुनाव एक जून को संपन्न हुए थे और चार जून को हुई मतगणना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सरकार बनाने का जनादेश मिला है।

## राजग का हिस्सा है टीडीपी : चंद्रबाबू



**विजयवाड़ा :** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सुप्रीमो एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को स्पष्ट किया है कि वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा हैं और वह दिल्ली में राजग की बैठक में भाग लेंगे। श्री नायडू ने विजयवाड़ा के समीप उंडावल्ली स्थित अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के हिस्से के रूप में वह गठबंधन का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे राजनीति का बहुत अनुभव है और मैंने देश में बहुत सारे राजनीतिक बदलाव देखे हैं।

### आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं ने बैठक कर बनाई आगे की रणनीति

# सरकार बनाकर जनमत को नकारने की कोशिश कर रहे मोदी : मल्लिकार्जुन खड़गे



इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल विभिन्न दलों के नेता

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक में बुधवार को कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। खरगे के इस बयान से प्रतीता होता है कि वे इंडिया गठबंधन में और दलों को जोड़ना चाहते हैं ताकि सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सके। उनका बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एलडीए) ने बुधवार को सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में मोदी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया है। हालांकि विपक्ष भी पूरी कोशिश में जुटा है।

बैठक से जारी बयान में खरगे ने कहा कि लोकसभा चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है, लेकिन वह इसे नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने बैठक में अपने संबोधन में कहा, मैं 'इंडिया' गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताकत से लड़े। आप सबको बधाई। उन्होंने कहा, 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, व्यक्तिगत रूप से नरेन्द्र मोदी के लिए यह ना सिर्फ राजनीतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। उन्होंने दावा किया, परन्तु, हम सब उनकी आदतों से वाकि फ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने कहा, हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि 'इंडिया' गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है, जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

### अगर नीतीश कुमार किंग मेकर हैं तो बिहार को दिलाएं विशेष राज्य का दर्जा

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, एनडीए के पास नंबर है लेकिन हम चाहेंगे कि जिसकी सरकार बने वह बिहार को लेकर विषेश ध्यान दें। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाए। हमारे मंत्रीमंडल ने 75 प्रतिशत के आरक्षण शेड्यूल-9 में डालने का प्रस्ताव रखा था। अगर नीतीश कुमार किंग मेकर के रूप में हैं तो वे बिहार के लिए इतना तो कर ही सकते हैं। पहली बार नरेंद्र मोदी का मैजिक खत्म हो चुका है, वे बहुमत से काफी दूर हैं, वे अपने दो बड़े सहयोगी के बिना नहीं चल सकते हैं।

### झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन व कल्पना भी हुए शामिल

झारखंड के सीएम और जेएमएम नेता चंपाई सोरेन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में शामिल हुए। साथ ही गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन भी बैठक में हिस्सा मौजूद रहीं।

इस बैठक में संसदीय दल के नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा नेता अखिलेश यादव, नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आआपा नेता संजय सिंह और राघव चड्ढा, तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी और गठबंधन के अन्य प्रमुख घटक दल के नेता शामिल रहे।

# भविष्य में होने वाले चुनाव में बहुत सोच-समझकर मुसलमानों को मौका देगी बीएसपी : मायावती

एजेंसी

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने लोकसभा चुनाव में अपने दल के खराब प्रदर्शन की समीक्षा का इरादा जाहिर किया और कहा कि विभिन्न चुनावों में उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद मुस्लिम समाज बसपा को ठीक से नहीं समझ पा रहा है लिहाजा पार्टी भविष्य में होने वाले चुनावों में बहुत सोच समझ कर ही मुसलमानों को मौका देगी। मायावती की पार्टी मंगलवार को घोषित लोकसभा चुनाव के परिणाम में खाता नहीं खोल सकी। मायावती ने बुधवार को एक विस्तृत बयान जारी कर चुनाव नतीजे पर प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव परिणाम का हर स्तर पर गहन विश्लेषण करेगी और दल तथा उसके अभियान के हित में जो भी जरूरी होगा, उसे लेकर ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने पार्टी का समर्थन करने के लिए दलित वर्ग में, खासकर जाटव समाज का आभार प्रकट किया मगर मुस्लिम समाज के प्रति नाराजगी भी जाहिर की।

मायावती ने कहा, 'बहुजन समाज पार्टी का खास अंग मुस्लिम समाज जो पिछले कई चुनावों में व इस बार भी लोकसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद बसपा को ठीक से नहीं समझ पा रहा है तो अब ऐसी स्थिति में आगे इनको काफी सोच समझ के ही चुनाव में



पार्टी द्वारा मौका दिया जायेगा ताकि पार्टी को भविष्य में इस बार का तरह नुकसान ना हो।' गौरतलब है कि इस साल लोकसभा चुनाव में बसपा ने सबसे ज्यादा 35 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिए थे।

लोकसभा चुनाव के मंगलवार को घोषित नतीजे में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने सबसे ज्यादा 37 सीटें जीतीं। उसकी गठबंधन सहयोगी कांग्रेस को भी छह सीटें मिलीं। मुस्लिम समाज परंपरागत रूप से सपा का मतदाता माना जाता है और माना जा रहा है कि इस बार भी मुस्लिम समाज का ज्यादातर वोट सपा और कांग्रेस को ही मिला है। मायावती ने कहा, 'लोकसभा चुनाव का जो भी व जैसा भी नतीजा आया है वह लोगों के सामने है, और उन्हें ही अब देश के लोकतंत्र, संविधान व देशहित आदि के बारे में सोचना और फैसला करना है। मायावती ने लोकसभा चुनाव भीषण गर्मी में कराए जाने पर भी ऐतराज जताते हुए कहा कि उनकी पार्टी शुरू से ही चुनाव आयोग से मांग करती रही है कि चुनाव बहुत लंबा नहीं खींचना चाहिए और आम लोगों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में लगाए जाने वाले लाखों सरकारी कर्मचारी के हितों को ध्यान में रखते हुए चुनाव ज्यादा से ज्यादा तीन या चार चरणों में ही कराए जाने चाहिए।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 जून तक बढ़ी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 जून तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर यह आदेश दिया। विशेष रूप से, आम आदमी (आप) प्रमुख फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। इससे पहले ईडी ने कहा था कि केजरीवाल अदालत को गुमराह कर रहे हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि लगातार चुनाव प्रचार कर रहे केजरीवाल का स्वास्थ्य तब खराब हुआ जब सरेंडर करने का समय आया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, बुधवार को सुनाया गया है।

# बांग्लादेश की तीन लड़कियों को रांची पुलिस ने बरियातू से किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य की राजधानी रांची की बरियातू थाना पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाली तीन बांग्लादेशी लड़कियों को गिरफ्तार किया है। इनमें निम्पी बरुआ (21), सरमीन अख्तर (20), निपा अख्तर उर्फ खुशी (21) शामिल हैं। तीनों बांग्लादेश के चटग्राम की रहने वाली हैं। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड, तीन मोबाइल और एक आईफोन बरामद हुआ है। तीनों ने रात के अंधेरे में तार काट कर बार्डर क्रॉस किया था।

सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने आज संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सुचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी लड़कियां बरियातू के हिल व्यू रोड स्थित होटल बाली रिसोर्ट में अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रुकी हुई है। सूचना के बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बनाकर छापेमारी की गई। इस दौरान तीन लड़कियों को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि तीनों बांग्लादेश की रहने वाली हैं, जिन्होंने रात के अंधेरे में तार काट कर बार्डर क्रॉस किया था।

इन लड़कियों के फर्जी तरीके से भारत में बनाये गये आधार कार्ड में पायल दास, अनिका दत्ता और खुशी नाम लिखा है। गहन पूछताछ में पता चला कि इन सभी का नाम निम्पी बरुआ उर्फ पायल दास, सरमीन अख्तर उर्फ अनिता दत्ता, निपा अख्तर उर्फ खुशी है, जो नाम बदलकर भारत में रह रही थीं। इन तीनों को महिला पुलिस पदाधिकारी के जरिये गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर

### पुलिस ने फोर्ड कार से जब्त की अवैध शराब




**बरही :** बरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रुप से बिना कागजात के फोर्ड गाड़ी संख्या डब्लूबी 06 एच 1875 पर अग्रेजी शराब ले जाते समय रंगे हाथ पकड़ा। इसके आरोप में बरही थाना कांड संख्या 224/24 दर्ज किया गया है। फोर्ड गाड़ी संख्या डब्लूबी 06 एच 1875 का विधिवत जप्ती तलाशी लेने पर गाड़ी पर लोड 07 कार्टून में इम्पिरियल ब्लू का 140 अदद एवं 04 कार्टून में मैकडोवेल्स का 80 अदद कुल 11 कार्टून में 375 एम0एल0 का 220 पीस अंग्रेजी शराब एवं फोर्ड गाड़ी संख्या डब्लू बी 06एच 1875 को विधिवत जप्त किया गया। साथ ही गाड़ी संख्या डब्लू बी 06 एच 1875 के चालक ओमकार कुमार उम्र 20 वर्ष पिता राजेश राम साकिन सपही थाना रजौली, जिला नवादा (बिहार) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार के नेतृत्व में की गई। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। कहा कि अवैध धंधा में संलिप्त लोगों पर बरही पुलिस लगातार कार्रवई कर रही है। इतना ही नही बल्कि बरही पुलिस जनता की सेवा में 24 घण्टे तत्पर है।

### एनटीपीसी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस



**बड़कागांव:** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने सिकरी साइट ऑफिस में विश्व पर्यावरण दिवस आयोजन किया। इस आयोजन की शुरूआत प्रवीण अनंतराव पांडे, परियोजना प्रमुख बादम कोयला खनन परियोजना के द्वारा पर्यावरण दिवस प्रतिज्ञा के साथ की गई। जो कंपनी के पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण को दर्शाता है। प्रतिज्ञा के बाद, एक पौधरोपण अभियान बी एच के 1के पीछे आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों की भागीदारी थी। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह का सतत विकास और हरित प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर बादम के परियोजना प्रमुख पी.ए. पांडेय, जीएम एलएआर एवं आरआर पंकज ध्यानी, विभागीय प्रमुख और बड़ी संख्या में कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे।

### बड़कागांव में आज सुबह 10:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक बंद रहेगी बिजली



**बड़कागांव :** बड़कागांव में बिजली सप्लाई दुरुस्त करने को लेकर बिजली विभाग के द्वारा आज सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 3:00 बजे तक मरमती कार्य किया जाएगा। जिसके कारण बिजली बंद रहेगा। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड विद्युत विभाग के कनिय अभियंता प्रभास कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि बड़कागांव बिजली सब स्टेशन से लेकर जंगल होते डेमोटांड़ तक 33000 बिजली सप्लाई में अवरोध पैदा करने वाले पेड़ों में बड़ी-बड़ी टहनियां को कटाई छटाई का कार्य किया जाएगा। ताकि आंधी तूफान आने के पश्चात किसी भी प्रकार का बिजली अवरोध नहीं हो।

# जनादेश से यह स्पष्ट है कि मोदी के मायाजाल से लोगों का भ्रम अब टूटने लगा है : उमाशंकर अकेला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** देशभर में कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रति जनादेश बढ़ने पर विधायक अकेला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड समेत देशभर के नागरिकों का आभार ब्यक्त किया। उन्होंने दुःखी मन से बधाई देते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में दुनिया का सबसे बड़ा पार्टी भाजपा का जनादेश घटा है और इंडिया गठबन्धन का जनाधार बढ़ा है। और इससे यह पता चलता है कि भाजपा और मोदी के मायाजाल से लोगों का भ्रम अब टूटने लगा है। झारखंड में भी भाजपा को 3 सीटों का नुकसान हुआ। जबकि महागठबंधन को पिछले चुनाव के अपेक्षा तीन सीटों का फायदा हुआ। इंडिया गठबन्धन का जो मत मिला है वो अप्रत्याशित है। साथ ही कहा कि बरही विधानसभा के जनता ने जो जनादेश दिया है उसके लिए तमाम जनता को बधाई देता हूँ। साथ ही उन्होंने कहा भाजपा 2014 से लगातार लोकसभा का चुनाव यहां से जीतते आ रही है। लेकिन इन्हें इनके कार्यो से नहीं बल्कि जनता के भावना को भड़काने के बाद यह जनादेश मिला है। मैंने बरही की जनता को 45 सालों से सेवा करता आ रहू हूँ। हमारी सरकार जब बनी तो मैंने जो विकास की लंबी लकीर खींची है शायद ही पहले दूसरे विधायक ने किया हो। सड़को को जाल बिछा दिया, पुल और पुलिया का निर्माण करवाया। ट्रांसफरमर लगवाया, हमलोगों ने वृद्धा पेंशन दिया, विधवा पेंशन दिया, छात्रवृत्ति की राशि में वृद्धि की, हमारी सरकार ने अबुआ आवास दिया, 125 यूनीट तक बिजली माफ किया। किसानों के ऋण को माफ किया। उसके बाद भी हमारी जनता ने हमारी कामो को नजर अंदाज करके यानि कि भूल भुलैया में 5 किलो अनाज पर जबकि 2014 के पहले के एक आदमी को 35 किलो अनाज मिलता था। लेकिन फिर भी जनता के जनादेश को स्वीकार करना चाहिए। लेकिन फिर भी मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाला जो विधान सभा होगा इसका ठीक उल्टा होगा। वर्तमान में एक आदमी के नाम पर वोट मांगा है वो है मोदी। साथ ही वाराणसी से मोदी जी का भी जनाधार घटा है औ? अयोध्या की जनता ने भी नकारा है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता ने मुझे भले ही इस चुनाव में जो काम किए हैं उसका मजदूरी नहीं दिया हो लेकिन आने वाला 2024 के विधान सभा चुनाव के पहले जहां भी सड़के नहीं बन पाई है। वो बनेगा साथ ही जो भी काम नहीं हो पाया है उसे भी पूरा करने का पूरा प्रयास रहेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के मौके पर मुखिया हेलाल अख्तर, मनोज सिंह, बालकिसुन यादव, इंद्रदेव यादव, खिरोधर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सिविल स्टैंडर्ड बनाए रखने के लिए समय पर ऋण की करें अदायगी : क्रिस्टोफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** बैंक ऑफ इंडिया बरही शाखा ने अपने केसीसी एनपीए खाता धारकों के लिए कोनरा पंचायत भवन में ऋण वसूली सह समझौता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बरही शाखा के विभिन्न पंचायत से दर्जनों एनपीए खाता धारक पहुंचे। जिन्हे ऋण वसूली से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में मौजूद बैंक अधिकारी क्रिस्टोफर होरो ने बताया कि शिविर में कुल 110000 रुपए की ऋण वसूली की गई है। जिसमे 6 ऋणधारकों से 90 हजार रुपए की एकमुश्त अदायगी की गई है। 10 लोगों ने समझौता के बाद दो से तीन किस्त में ऋण अदा करने का लिखित आश्वासन दिया। वही एक ग्राहक का पर्सनल लोन के लिए लीड भी जेनरेट किया गया। बैंक अधिकारी क्रिस्टोफर ने बताया कि बैंक के साख बनाकर रहने से भविष्य में लाभ लेने के अवसर मिलते हैं। ऋण लेना अच्छी बात है पर उसकी अदायगी के लिए लोगो को सचेत और गंभीर होनी चाहिए। यह एक मुश्त योजना फिलहाल जारी है। एनपीए खाता धारकों को इसका लाभ लेने की आवश्यकता है। शिविर में बैंक कर्मी मधु दास, मोकीम अंसारी, बीसी जयदीप कुमार सिन्हा, मोती सिंह, शीला देवी, मो मंसूर, मनोज राणा मौजूद थे। ऋण वसूली शिविर में हकीम अंसारी ने भी सार्थक भूमिका निभाई. कई ऋण धारक अपने ऋण की राशि से अचंभित थे। आरोप था कि उन्हें अंकित राशि से कम ऋण मिला है।

## लॉ कॉलेज के छात्रों ने मनाया पर्यावरण दिवस, लगाए पौधे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के छात्रों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लवकुश पाण्डेय के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर करना और छात्रों के बीच पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण से हुई, छात्रों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। मौके पर छात्र नेता अभिषेक राज ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, हम सभी को मिलकर अपने ग्रह को सुरक्षित और स्वस्थ बनाए रखने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए। इस आयोजन के माध्यम से लॉ कॉलेज के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान देने का संकल्प लिया और समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया कि एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। मौके पर लवकुश पाण्डेय, स्नेहलता, स्वाति, सोनाली, साक्षी सुभाष, अभिजित, अनिल, यश, अवनीश, राजेश, मुकेश, अभिषेक आनंद, गुलाम सरवर ऋषि आदि छात्र मौजूद थे।

## वन विभाग ने 60 बोरा अवैध केंदु पत्ता लदा दो पिकअप किया जब्त

अक्सर अंसारी



**चौपारण :** वन क्षेत्र में केंदु पत्ता के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चौपारण वन प्राणी आश्रयणी विभाग ने बड़ी कार्यवाई कर दों पिकअप मे लदा साठ बोरा केंदु पत्ता सहित पिकअप जप्त किया है। इससे बीड़ी पता के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया गया। मालूम हो की जंगलों में कई जगह तस्करी के लिए अवैध रूप से तोड़कर बड़ी मात्रा में केंदू पत्ता की तस्करी की जाति है। वहीं इस सम्बंध वनपाल मो० अयूब अंसारी ने जानकारी देते हुये बताया की गुप्त सूचना मिली की गौतम बुद्ध वन्यप्राणी आश्रयणी के सुदूरवर्ती क्षेत्र केंदुआसहोर जंगल से अवैध केंदू पत्ता लोड कर दों पिकअप परिवहन किया जा रहा। सूचना के सत्यापन करने अपने दल के साथ केंदुआसहोर जंगल पहुंचा, जहां दों पिकअप मे 60 बोरा अवैध केंदू परिवहन करते पाया, वन विभाग की टीम को देख कर दोनों पिकअप चालक गाड़ी छोड़ जंगल का लाभ उठा कर फरार हो गये। वहीं पिकअप सहित केंदू पत्ता को जप्त कर चौपारण रेंज कार्यालय लाया गया। इस अवैध कार्य में संलिप्त तस्कर को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमसंगत कानूनी कार्रवाई की जा रही है और केंदु पत्ता का अवैध पातन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। छापामारी दल में प्रभारी वनपाल मोङ्क अयुब अंसारी, वनरक्षी कुलदीप कुमार महतो, जैनेंद्र कुमार एवं दैनिक वनकर्मी शामिल थे।

## पर्यावरण संरक्षण हम सब का दायित्व है : मनीष जयसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने एक अनोखी पहल की है। प्रसाद ने हजारीबाग सदर विधानसभा में एक लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया है। जिसकी शुरूआत उन्होंने एक कार्यक्रम का आयोजन कर किया। जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं अतिथियों व पत्रकारों को पौधा भेंट कर पौधा लगाने व पौधे के सरंक्षण का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित लोकप्रिय सांसद मनीष जायसावल शामिल हुए अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मेरे राजनीति जीवन के नई पारी का पहला कार्यक्रम है। जो हमेशा याद रहेगा आगे उन्होंने कहा कि जिस तरह पर्यावरण के साथ खिलवाड़ हो रहा है वो आने वाले समय के लिए बहुत ही भयावह है। इसीलिए हम सबों को आज से ही संकल्प लेना है की अधिक से अधिक पौधे लगा कर उसका संरक्षण करें। आगे उन्होंने कहा कि प्रदीप प्रसाद के द्वारा चलाए जा रहे इस इस पुनीत मुहिम में मैं हर संभव मदद करूंगा। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख पौधे के वितरण किया जायेगा मैं मुहिम के तौर पर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के घर -घर पौधे संग जल्द जाऊंगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हमारे अभिभावक पूर्व विधायक बरही श मनोज यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिश श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल की जीत पर शंख ध्वनि और घंटा से हुआ विजय जुलूस का भव्य आगाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** बाजार समिति स्थित मतगणना हॉल से हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से प्रचंड जीत पर मंगलवार की देर शाम को मनीष जायसवाल का विजयी जुलूस निकला। जुलूस का आगाज क्षेत्र के पंडितों के दल द्वारा शंख ध्वनि और घंटा ध्वनि के साथ किया गया। तत्पश्चात भाजपा के नवनिर्वाचित हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल फूलों से आकर्षक रुप में सजे खुले जीप पर सवार होकर लोगों का हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर आभार व्यक्त करते हुए और धन्यवाद जताते हुए विक्ट्री निशान दिखाते काफिले संग चल रहे थे। उनके काफिले में भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थक हजारों की संख्या में डीजे की धुन और तासों की गड़गड़ाहट के साथ नाचते- झूमते खुशियां मनाते हुए चल रहे थे। उनके लिए एक साथ दीवाली और होली सा दृश्य था। हाथों में भाजपा झंडा लहराते हुए अबीर- गुलाल की होली खेलते हुए बीच- बीच में पटाका फोड़ते हुए चल रहे थे। विजयी जुलूस के हिंदू स्कूल चौक से शुरू होकर इंद्रपुरी चौक से मेन रोड़ होते हुए पैगोड़ा चौक, झण्डा चौक, जीटीसी चौक होते हुए महावीर स्थान मंदिर पंहुचे जहां पूजा- अर्चना करने के पश्चात पुनः अपने आवास पंहुचे और माता- पिता का आशिर्वाद प्राप्त किया। जुलुस में बजरंगबली के कॉस्ट्यूम में सजा व्यक्ति आकर्षक का केंद्र रहा। जुलुस में शुभ संकेत के रूप में मछली भी लेकर समर्थक चल रहे थे । मनीष जायसवाल ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से प्रचण्ड मतों से चुनाव जीतने पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की समस्त जनता- जनार्दन, एनडीए के निष्ठावान कार्यकर्ता, समर्थक और शुभचिंतकों के प्रति हदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझपर जो विश्वास और भरोसा जताया है उसे कायम रखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए समर्पित और तत्पर रहूंगा। क्षेत्र का विकास और जनसेवा ही मेरा एकमात्र ध्येय होगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव में बनस मेला कल, 12 वर्षो के बाद होने जा रहा है मेले का आयोजन



**बड़कागांव :** बड़कागांव में 12 वर्षो के बाद बनस पूजा एवं मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी तैयारी जोरों पर की जा रही है। पूजा समिति के अध्यक्ष पिंटू गुप्ता ने बताया कि कल 7 जून को रात में मेले का आयोजन किया जाएगा जो दूसरे दिन सुबह तक जारी रहेगा। इस दौरान 8 जून की सुबह शिव भगत अपने पीठ पर कील लगवा कर 40 फीट ऊंची लट्ठे से परिक्रमा करेंगे तथा प्रसाद स्वरूप फूल का छिड़काव करेंगे। लगभग 24 शिव भक्त पूजा में भाग ले रहे हैं। मौके पर पूजा एवं मेले की लेकर तैयारी मेंअध्यक्ष पिंटू गुप्ता, दर्शन प्रसाद कुशवाहा, पुजारी चिंतामणि महतो, कीर्तन महतो, कैलाश कुमार, आनंद कुमार, दर्शन महतो के अलावा तमाम पदाधिकारी सदस्य गण लगे हुए है।

### खनन परियोजना के तहत लगाये गये फलदार पौधे



**बड़कागांव :** बड़कागांव विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोंदलपुरा खनन परियोजना की ओर से बड़कागांव स्थित कार्यालय परिसर में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक ओर जहां उपस्थित लोगों ने बड़ी संख्या में पौधे लगाए। वहीं दूसरी ओर अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़ी संख्या में ग्रामीणों के बीच पौधों का वितरण किया गया। इनमें आम, लीची, चीकू, अनार, आंवला, नीम, नारियल, शरीफा, अमरूद, नींबू, कटहल आदि के पौधे शामिल थे। इस कार्यक्रम में तीन हजार पौधारोपण और वितरण संपन्न हुआ। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम, भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें पुरस्कार स्वरूप ड्रॉइंग किट और अन्य पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मौजूद लोगों ने पर्यावरण बचाने की भी शपथ ली। विश्व पर्यावरण दिवस पर, अदाणी प्राकृतिक संसाधन (एएनआर) वर्ष 2030 तक 100 मिलियन पेड़ लगाने के अपने मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को गर्व से दोहराता है। पृथ्वी के हरित भविष्य के लिए उनका पोषण करना के लिए कंपनी प्रतिबद्ध हैं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर लीड्स संस्था ने किया बाझा पंचायत में पौधरोपण

**कटकमसांडी:** कटकमसांडी प्रखंड के बाझा पंचायत में लीड्स संस्था ने विश्व पर्यावरण दिवस पर बांझा पंचायत के डुमरी सकरजा और रेबर पंचायत में एलआईसी एचएफएल लाइफ परियोजना के तहत पौधे लगाए। पंचायत मुखिया धनेश्वरी देवी ने पौधा रोपण अभियान की शुरुवात की। उनका आह्वान था कि लोग ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाएं और जीवन बचाएं। परियोजना समन्वयक आलोक वर्मा ने कहा कि इस दिन हर व्यक्ति को पृथ्वी का संरक्षण करना चाहिए क्योंकि यह हमारा एकमात्र आवास है। उनका कहना था कि यह दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य पृथ्वी की रक्षा करना है और मानव व्यवहार से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकना है। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए वैश्विक जागरूकता बढ़ाना चाहिए और लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वनों की कटाई की समस्याओं से निपटने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा और पर्यावरण और अपने आप को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करना होगा। वार्ड सदयश फुलेश्वरी देवी ,सीआरपी कविता देवी, झमण सिंह भोगता,किरण कुमारी, ममता देवी आदि मौके पर उपस्थित थीं।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर त्रिवेणी सैनिक के कर्मचारियों ने एक दिन में लगाये एक लाख पौधे



**बड़कागांव:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हजारीबाग स्थित एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह खनन परियोजना में त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से एक दिन में एक लाख वृक्ष लगाने का संकल्प लिया गया था,जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम सुबह के 6 बजे से शाम के 6 बजे तक सभी पालियों में काम करने वाले हजारों कर्मियों के शामिल होने से धरातल पर उतर सका। टीएसएमपीएल पर्यावरण विभाग की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों ने कम से कम 15 या उससे अधिक पौधा लगाया। मुख्य खदान के आस पास अलग-अलग स्थानों पर कर्मचारियों ने सुबह 6 बजे से ही शामिल होकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपना भरपूर योगदान दिया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प भी लिया। डायरेक्टर ऑपरेशन समेत तमाम कंपनी के सभी बड़े अधिकारी मौजूद थे। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मुहिम को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। मौके पर मौजूद डायरेक्टर ऑपरेशन संजय कुमार खटोड़ ने कहा कि पेड़ है तो जीवन है और पेड़ के बिना जीवन अधूरा है, पेड़ ही हमारे जीवन का आधार है और इसके लिए हम सभी को इमानदारी से प्रयास करने और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति संकल्प लेने की जरूरत है। हम लोगों को एक दूसरे को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित और उत्साहित करना चाहिए। श्री खटोड़ ने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर न सिर्फ हम संकल्प लें, बल्कि उसे अपने आचरण में उतारकर पौधा अवश्य लगाएं,ताकि पर्यावरण का संरक्षण हो सके और जिससे हमें शुद्ध वातावरण मिल सके। उन्होंने इस मौके पर पर्यावरण विभाग समेत सभी विभागों को इस नेक काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने और इस संकल्प को कामयाब बनाने के लिए धन्यवाद और अपना साधुवाद दिया। प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की एक विशेष थीम होती है।

एक नजर

## पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सद्दाम दोषी करार

**रांची** : अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने बुधवार को पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपित पति मोहम्मद सद्दाम को दोषी ठहराया है। दोषी की सजा के बिंदु पर कोर्ट 12 जून को सुनवाई करेगी। मामले के एक आरोपित मोहम्मद असलम को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि यह मामला अनगड़ा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बताया जाता है कि मो. सद्दाम की पत्नी ने वर्ष 2018 में आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद मोहम्मद सद्दाम पर पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। इसे लेकर अनगड़ा थाना में कांड संख्या 22/2018 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## अफसर अली की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 को

**रांची** : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले के आरोपी मोहमद अफसर अली की जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत सुनवाई हुई। अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। अब पीएमएलए कोर्ट में अगली सुनवाई 22 जून को होगी। अफसर अली की ओर से 14 मई को जमानत की गुहार अदालत से लगाई गई थी। उल्लेखनीय है कि 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में ईडी ने उसे 17 अप्रैल को कोर्ट की अनुमति पर गिरफ्तार किया था। अफसर बरियातू में सेना की 4.5 एकड़ जमीन घोटाले में भी आरोपी है। इस मामले में उसकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। अफसर अली जमीन की फर्जी दस्तावेज बनाने का मास्टरमाइंड था। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में 14 अप्रैल, 2023 को ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था। उसी समय से वह जेल में है। बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपियों को ईडी ने गिरफ्तार किया है।

### पर्यावरण को समर्पित



नवगीत

रंग नहीं कोई पानी का
रूप नहीं कोई पानी का।
अनमोल मोल पानी का ।
कट रहे रोज वन -जंगल,
नोट-वोट के सब मंगल।
राज -व्यपार सभी का दंगल,
पर्यावरण का हुआ अमंगल!
रंग नहीं कोई पानी का
अनमोल मोल पानी का।
कंक्रीटों के बढ़े बाजार,
खुली हवा का हुआ व्यापार।
बदल गए शहर के चेहरे,
हुए सब शतरंज के मोहरे।
अनमोल मोल पानी का,
मेघा दे गुड़ धानी का।
मानव श्रम बंट गए मशीनों में,
अपशिष्ट बहे नदियों में।
व्यर्थ बह रहा पानी घरों से,
खुले छूट रहे नलके घरों के।
दावानल क्या जाने मोल पानी का,
अनमोल मोल पानी का ।
पर्यावरण हो रहा दूषित,
कैसे रखें अब सुरक्षित?
अपव्ययना हो पानी का।
अनमोल मोल पानी का।
अनमोल मोल पानी का,
रंग नहीं कोई पानी का।

मंजुला शरण 'मनु'

# पर्यावरण संरक्षण में पारंपरिक ज्ञान, वैज्ञानिक अध्ययन एवं सामुदायिक पहल की भूमिका महत्वपूर्ण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग (झारखंड सरकार), झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण दिवस की थीम के अनुरूप गत 26 मई को शुरू हुए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भूमि संरक्षण को बढ़ावा देना, सुखाड़ की स्थिति से निबटने और भू-क्षरण को रोकने के मुद्दे पर जन जागरूकता फैलाना एवं सामुदायिक पहल को प्रोत्साहित करना है।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन विभाग की प्रधान सचिव सह मुख्य अतिथि वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार समावेशी विकास प्राप्त करने, पर्यावरण संरक्षण एवं सततशील प्रयासों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड को पारम्परिक रूप से हरित एवं सुरम्य प्रदेश है, इसलिए हमारे सम्मलित प्रयासों से राज्य को पर्यावरण संरक्षण एवं सततशील विकास का एक उच्च मानदंड कायम रखना चाहिए। पर्यावरण एवं समाज की उन्नति के लिए हमें सततशील जीवनशैली पर आधारित पारंपरिक ज्ञान और आदिवासी समुदायों की विरासत का अनुकरण करना चाहिए।

श्रीमती दादेल ने कहा कि झारखंड देश में जलवायु परिवर्तन के लिहाज से सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है, जो लगातार सुखाड़ और भू-क्षरण की तीव्र दर की समस्या का सामना कर रहा है। इस लिहाज से इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम झारखंड के लिए विशेष महत्व रखती है।

अभियान के व्यापक संदर्भ एवं उद्देश्य के बारे में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख डॉ. संजय ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस एक प्रेरणादायी दिन है, जो हरेक व्यक्ति के योगदान के महत्व को रेखांकित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों एवं देशी ज्ञान के अनुरूप स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से हम सार्थक बदलाव ला सकते हैं। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने, भूमि, जल एवं वन सम्पदा के नुकसान को रोकने, लोगों की आजीविका सुरक्षित करने के लिए एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का होना नितांत आवश्यक है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष शशिकर सामंत ने कहा कि वैज्ञानिक समाधानों और स्थानीय स्तर पर सततशील कदम उठा कर हम जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम कर सकते हैं, वातावरण में कार्बन फुटप्रिंट को कम कर सकते हैं और सभी के लिए खुशहाल भविष्य तैयार कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वन संरक्षक-अनुसंधान सिद्धार्थ त्रिपाठी, राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल एवं सीड के सीईओ रमापति कुमार ने भी जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण सरंक्षण पर अपने विचार रखें।

ज्ञातव्य हो कि राज्य के सभी 24 जिलों में गत 26 मई को शुरू हुए इस अभियान ने एक हजार से अधिक गतिविधियों के जरिये दस लाख से अधिक लोगों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया। अभियान के तहत वन विभाग, अन्य विभागों तथा शहरी स्थानीय निकायों के तत्वावधान में सार्वजनिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिन्हें राज्य भर के सिविल सोसाइटी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं और युवा समूहों और नागरिकों द्वारा व्यापक रूप से समर्थन मिला।

कार्यक्रम में राज्य के विविध ग्रामीण इलाकों में कार्यरत संयुक्त वन प्रबंधन समितियों एवं वन सुरक्षा समितियों के प्रतिनिधियों गंगाधर महतो, चिंता देवी, अम्बिका महतो, अभिषेक आनंद, बद्री महतो एवं शम्भू बड़ाईक को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआईटी मेसरा में किया गया पौधरोपण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआईटी मेसरा लालपुर केंद्र में बुधवार को पौधरोपण किया गया। इस दौरान गुलमोहर के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। केन्द्र की निदेशक डॉ. वंदना भट्टाचार्य ने कहा कि हर मनुष्य यदि अपने जीवनकाल में एक पौधा लगाए तो धरा की सुंदरता और बढ़ जाएगी। अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाएं। डॉ. प्रणव कुमार ने पौधरोपण करने और उनको संरक्षण देने की बात कही। उन्होंने इस दिवस की महता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ संदीप नाथ शाहदेव, डॉ विनोद कुमार शर्मास, डॉ अमृता सरकार, डॉ मानशी गुप्ता, सुभाशीष रॉय, मनोज कुमार, अनामिका कुमारी, सरिता तिग्गा, मिनी दुबे, ऐलिस टोप्पो, सोनी कुमारी, अजय कुमार, बासुदेव सिंह, डॉ महुवा बनर्जी, राणा प्रताप मिश्रा और बिनोद कुमार उपस्थित थे।

## न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने किया पौधरोपण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : पर्यावरण दिवस पर रांची सिविल कोर्ट में बुधवार को प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने अर्जुन, चंदन और रुद्राक्ष के पौधे लगाये। मौके पर न्यायायुक्त ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र के जरिये प्रकृति को समर्पित दुनियाभर में मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण दिन है। पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। दिवाकर पांडे ने कहा कि आज हमें पर्यावरण के संरक्षण, संवर्द्धन और विकास का संकल्प लेने की जरूरत है। प्रकृति और मानव का रिश्ता पुराना है। यह एक अटूट संबंध है लेकिन आधुनिकता और बढ़ती व्यस्तता के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। बढ़ती आबादी और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध इस्तेमाल से आज विश्व का तापमान चिंतित स्तर पर बढ़ रहा है।

न्यायायुक्त ने कहा कि पर्यावरण अस्थिरता और बढ़ती आबादी द्वारा जल के अंधाधुंध उपयोग के कारण जल का स्तर भी गिरता जा रहा है। पर्यावरण दिवस पर हमें अपनी वायु, जल तथा पृथ्वी को बचाने के लिए सभी व्यक्तियों की भागीदारी की आवश्यकता है। हमें जल, वायु और धरती को शुद्ध रखने का संकल्प लेना चाहिए। रांची जिला बार एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि हमें पूरे सालभर पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम के उद्देश्यों को ध्यान में रखना चाहिए। इस दौरान कई न्यायिक अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सेल में मनाया गया पर्यावरण दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : हर साल की तरह, संयुक्त राष्ट्र ने विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के लिए एक विशिष्ट थीम चुनी है- भूमि पुनरुद्धार, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता। आरडीसीआईएस सेल ने भी बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस समारोह के पूर्वार्ध में, इससे पहले रांची की सेल इकाइयों के सभी कर्मचारियों के लिए इस्पात उद्योग के संदर्भ में प्रासंगिक विषयगत दिशा में निबंध-सह-प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसके अलावा, सेल कर्मचारियों के बच्चों और कुछ स्थानीय स्कूलों के बच्चों के बीच एक चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी।

बुधवार की सुबह, सेल सैटेलाइट कॉलोनी में फुटबॉल ग्राउंड के पास एक वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया, जहां एस. के. वर्मा, ईडी (सीईटी) और एस. के. कर, ईडी (आरडीसीआईएस) ने रांची की सेल इकाइयों के अन्य मुख्य महाप्रबंधकों और महाप्रबंधकों के साथ पौधे लगाए और पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ ली।

दोपहर में, इस दिवस को भव्य तरीके से मनाने के लिए आरडीसीआईएस व्याख्यान कक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपने स्वागत भाषण में, महाप्रबंधक आई. एन. पी. गुप्ता ने इस दिवस को मनाने में आरडीसीआईएस के प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने उद्घाटन भाषण में, महाप्रबंधक पी. बनर्जी ने विषय से संबंधित उभरती चुनौतियों के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। अपने विषय संबोधन में, ईडी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि विषय ही पर्यावरणीय प्रभावों की व्यापक प्रकृति की पहचान है जो मानव अस्तित्व को खतरे में डाल रहा है।

## सीसीएल में धूम-धाम से मनाया गया पर्यावरण दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 1 जून से 5 जून तक सीसीएल परिवार ने पर्यावरण जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यकर्मों का सफल आयोजन किया। 1 जून 2024 को निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) सतीश झा ने उद्घाटन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभ आरंभ किया जिनमें लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। पेंटिंग, क्विज, स्लोगन, निबंध एवम कविता पाठ का आयोजन किया गया। 3 जून 2024 को कर्मचारियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजित हुई। 4 जून 2024 को सूती कपड़े का थैला एवं फलदार वृक्ष के पोधों का वितरण किया गया। बुधवार को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निलेन्दु कुमार सिंह की अध्यक्षता में ध्वजारोहण एवं शपथ ग्रहण किया गया।

बुधवार को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त), पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचालन), हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) सतीश झा, सीवीओ, पंकज कुमार, विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लिया।

## छात्रों ने ओलंपियाड अवाड्र्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची के दो छात्रों ने 2023-24 के लिए एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा में शीर्ष रैंक हासिल की है। जवाहर विद्या मंदिर के छठी कक्षा के छात्र वैभव ने नेशनल साइबर ओलंपियाड में प्रथम रैंक हासिल की, अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और योग्यता प्रमाण पत्र अर्जित किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के पांचवीं कक्षा के छात्र नील गोस्वामी ने भी इंटरनेशनल सोशल साइंस ओलंपियाड में प्रथम रैंक हासिल की, अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किया।




इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 70 देशों के लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें रांची के 38,518 से अधिक छात्र शामिल थे। प्रतिभागियों में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सेंट माइकल स्कूल सोपारोम, सुरेंद्रनाथ और सेंटेनरी स्कूल सहित रांची के उल्लेखनीय स्कूल शामिल थे।

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में एसओएफ ओलंपियाड विजेताओं 2023-24 की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए 26 वां सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिसरा और प्रसिद्ध लेखक एवं स्तंभकार चेतन भगत भी मौजूद थे।

समारोह में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिसरा ने 700 से अधिक उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आर्टिफिसियल इंटलीजेंस का प्रयोग मात्र एक टूल की करना चाहिए, उन्होंने कहा की एआई इंसान का स्थान नहीं ले सकती, उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए की, प्रतिस्पर्धा कभी समाप्त नहीं होती, जब आप प्रतिस्पर्धा के बारे में बात करते हैं, तो सफलता उसके पीछे आती है क्योंकि हर कोई सफल होने के लिए प्रतिस्पर्धा करता है। सफलता ही वास्तविक उपलब्धि है।

उन्होंने आगे कहा कि कोई व्यक्ति समय पर महारत हासिल करने में सक्षम नहीं हो सकता है, लेकिन उसे समय का प्रबंधन करने के लिए दृढ़ संकल्प होना चाहिए। युवा छात्रों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उन्होंने कहां से पढ़ाई की है और अपनी मातृ संस्था को कभी न भूलें। इसके साथ ही, 70 प्रतिभागी देशों के शीर्ष 26 प्रिंसिपलों और शीर्ष 60 शिक्षकों, जिनके छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर असाधारण प्रदर्शन किया उनको पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, एसओएफ ने युवा पीढ़ी के बीच हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करने, अपनी मातृभाषा में गहरी प्रशंसा और दक्षता विकसित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड को शुरू करने की घोषणा की।

संक्षिप्त खबरें

## भाजपा की जीत में ओबीसी मोर्चा की रही बड़ी भूमिका

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश की 9 लोकसभा क्षेत्रों में जीत और पांच लोकसभा क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने में ओबीसी मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पिछले दो महीना से भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव के नेतृत्व में पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं मंडल के कार्यकताओं ने प्रवास करके राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्रों में सामाजिक सम्मेलन, सामाजिक बैठक, युवा संवाद, नुक्कड़ सभा, पर्चा वितरण, छात्रावास जनसंपर्क, प्रेस वार्ता, सोशल मीडिया आदि माध्यम से नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में पिछड़ों के हित में चल रही योजनाओं, कार्यो एवं विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में विद्यार्थियों को दिये जा रहे आरक्षण को शहरी एवं ग्रामीण मतदाताओं के बीच पहुंचाया। भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर ओबीसी मोर्चा बड़े सम्मेलनों के अलावा कार्यकर्ता छोटी छोटी टोलियों में बंटकर लगभग 18 हजार से अधिक गांवों में जनसंपर्क करके पार्टी की विचारधारा और योजनाओं को पहुंचाया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने स्वयं 90 दिनों में 14 लोकसभा में 11 और 81 में 53 विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास करके कार्यक्रमों समेत जिला, मंडल, शक्ति केंद्रों और बूथ की बैठकों में हिस्सा लिया। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वर चंद्र प्रजापति, प्रदेश महामंत्री हरधर शाह, चौधरी महतो, प्रदेश मंत्री अजय शर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों ने भी लोकसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर मेहनत किया। इनलोगों ने राज्य सरकार के जेएमएम, राजद और कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा पोषित भ्रष्टाचार, घोटालों और तस्करी को जनता के बीच रखा। साथ ही नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं और भारत के विकास के संबंधित दूरदृष्टि एवं प्रयासों के संदेश को पहुंचाया। ओबीसी मोर्चा के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में हुए कार्यक्रमों में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, ढुल्लू महतो, रांची संजय सेठ, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, विधायक मनीष जायसवाल, पांकी कुशवाहा शशिभूषण मेहता, कोडरमा डॉ नीरा यादव, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, गोड्डा विधायक अमित मंडल, राजमहल विधायक अनंत ओझा, बोकारो विधायक विरंचि नारायण समेत पार्टी के कई पूर्व विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारीगण शामिल हुए। ज्ञात हो कि 3 अप्रैल 2014 को प्रदेश कार्यालय रांची में भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष बैठक में मोर्चा ने घोषणा किया था कि लोकसभा चुनाव 2024 में मोर्चा अपनी शसक्त भूमिका निभाएगा। कार्यक्रमों की शुरूआत मार्च महीने से ही शुरू हो गई थी।

## रांची सिटीजन फोरम ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण




**रांची** : विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची सिटीजन फोरम की टीम ने बुधवार को हरमू हाउसिंग कॉलोनी में पौधरोपण किया। फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में हरमू हाउसिंग कॉलोनी में बेल, पीपल, बड़, नीम, अमरूद के पौधे लगाए गए। मौके पर दीपेश कुमार निराला ने कहा कि तेजी से रांची का मौसम बदला है और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इसको देखते हुए रांची सिटीजन फोरम ने नागरिकों से अपील की है कि वे भी घर, ऑफिस, प्रतिष्ठान के आसपास पौधे लगाएं और उनकी देखभाल कर रांची के मौसम को पूर्व की भांति अनुकूल बनाने में सहयोग करें। दीपेश ने कहा कि विभिन्न सरकारी परियोजनाओं और कंक्रीट बेस्ड डेवलपमेंट के कारण वर्तमान में रांची सहित झारखंड में अत्यधिक मात्रा में पेड़ काटे गए हैं और इस तुलना में निर्धारित दर से 10 गुणा नए पेड़ नहीं लगाए गए हैं, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ा है। साथ ही इससे पानी की भी दिक्कत पैदा हो गई है और मिट्टी का कटाव बढ़ गया है। कार्यक्रम में फोरम के उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, रेणुका तिवारी, सचिव सुशील क्रांतिकारी और कोषाध्यक्ष विनोद बेगवानी सहित अन्य मौजूद थे।

## एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार हत्याकांड में चुटिया थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मी निलंबित



**रांची** : चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे संदीप की गोली मारकर हत्या करने के मामले में चुटिया थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। एसएसपी की अनुशंसा पर रांची रेंज के डीआईजी अनुप बिरथरे ने चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह को सस्पेंड कर दिया जबकि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चुटिया थानेदार के बॉडीगार्ड और घटना के समय अरगोड़ा थाना के पेट्रोलिंग वाहन के एक पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया है। रांची के एक्स्ट्रीम बार में हुई गोलीबारी और डीजे संदीप की हत्या के बाद यह जानकारी बाहर आयी थी कि चुटिया थाना प्रभारी ने अपने बॉडीगार्ड को ही मामले की जांच के लिए भेजा था। वह खुद मौके पर नहीं पहुंचे। इसकी वजह से इतनी बड़ी वारदात हो गयी। पूरे मामले में चुटिया पुलिस की अनुशासनहीनता सामने आयी थी। इस कांड के बाद यह निर्णय लिया गया कि सभी थानों में पदस्थापित बॉडीगार्ड को लाइन क्लोज किया जायेगा और उन्हें नये सिरे से अलग-अलग थानों में पदस्थापित किया जायेगा। इससे पूर्व डीजीपी ने राजधानी में बढ़ रहे अपराध पर अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में एक्स्ट्रीम बार हत्याकांड पर नाराजगी जताई थी। उल्लेखनीय है कि 26 मई की देर रात चुटिया थाना क्षेत्र में एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में खाने-पीने के दौरान बार के बाउंसर और पांच लोगों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान बार के बाउंसर ने पांचों लोगों को जमकर पीटा था। सूचना मिलने पर चुटिया थाने के पदाधिकारी बार पहुंचे। पुलिस के आने से पहले एक व्यक्ति के छोड़कर अन्य सभी लोग वहां से चले गये थे। पुलिस उस एक व्यक्ति को चुटिया थाने ले गयी। इसके बाद देर रात 01:18 बजे बार का डीजे संदीप उर्फ सैंडी टैक्सी के इंतजार में बार के बाहर स्थित लिफ्ट के पास खड़ा था। इस बीच लिफ्ट से एक हथियार बंद व्यक्ति दूसरे तल पर स्थित बार में आया और सैंडी को गोली मार दिया। उसने जाते वक्त बार के शीशे पर भी गोली दागी। गोली चलने की आवाज सुनकर गश्ती पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची घायल डीजे को रिम्स ले गयी, जहां उसकी मौत हो गयी। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह को बिहार के गया जिले के अलीपुर थाना क्षेत्र से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व 28 मई को पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में पुलिस तीन एफआईआर दर्ज कर अबतक 20 आरोपितों को जेल भेज चुकी है।

# पर्यावरण दिवस पर बीसीसीएल प्रबंधन ने लगाये सैकड़ों पौधे






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कतरास (धनबाद) :** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र अंतर्गत रामकनाली ओ बी डंप पर निर्मित पार्श्वनाथ उद्यान में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एएफओ सहित बीसीसीएल के अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने फलदार व छायादार ढाई सौ पौधे लगाकर संकल्प लिया कि अपने जीवन मे सभी को एक पौधे जरूर लगाना चाहिये,ताकि देश मे किसी को भीषण गर्मी व शुद्ध हवा के कमी से मौत न हो। एएफओ एके मंजूल ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर पेड़ पौधे के संरक्षण का संकल्प ले,बिना सड़क के रह सकते है,लेकिन वन/ शुद्ध हवा के बगैर नही रह सकते, वन विभाग के लोग वनों के दुश्मन से रोज लड़ते है,आपके लिये सांस की रक्षा करता है, पेड़ कटाई नही रुकी तो आने वाले दिनों में पेट्रोल की तरह सांस भी खरीदने पड़ेंगे,सांस रहेगी तभी जिंदगी रहेगी, इसलिये सभी को सजग होकर प्रवर्यवरण की संरक्षण करे,उत्पादन के साथ साथ पेड़ लगाकर उसी धरती को हरा भरा करना बीसीसीएल का दायित्व बनता है। प्राण वायु जीने के लिये आवश्यक है,मनुष्य की आवश्यकता अनंत है मगर सास अति आवश्यक है,देश के विकाश में पेड़ काटकर कोयला का उत्पादन जरूरी है,लेकिन वर्गीकरण ( समतल ) करके पौधे लगाना है,बीसीसीएल के कतरास क्षेत्र अंतर्गत पार्श्वनाथ उद्यान रामकनाली विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया, महाप्रबंधक कतरास जेएस महापात्रा ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार देते हुये सभी को अपने जीवन मे 10 पौधा लगाने की बात कही ताकि आने वाली पीढ़ी को ऑक्सीजन मिलता रहे। साथ ही सभी से पानी बिजली बचाने की बात कही। भविष्य में बड़े पैमाने पर पौध रोपण करने की बात कही। पर्यावरण अधिकारी रितेश रंजन ने कहा कि कतरास क्षेत्र के सभी कोलियरियों में 150 व पार्श्वनाथ उद्यान में 100 पौधे लगाये गये। जिसका संरक्षण व संबर्धन का दायित्व स्थानियो लोगो की भी उतनी ही बनती है जितनी कंपनी के लोगो को बनती है। तभी पौधे रोपने व भविष्य उज्जवल हो सकेगी। इस मौके पर कतरास क्षेत्र के सभी परियोजना पदाधिकारी, कोलियरी प्रबंधक के अलावे जीएम जे एस महापात्रा, अपर महाप्रबंधक यू के सिंह,कैलाश कुमार, सुरक्षा अधिकारी संजय चौधरी,कार्मिक प्रबंधक रामानुज प्रसाद, प्रशाशनिक अधिकारी सौरभ सिंह, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी रितेश रंजन, परियोजना पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, एकेडब्लूएमसी के मैनेजर संजय कुमार सिंह, राणा एस के सिंह, शैलाजनन्द, अजित कुमार, मो फैजल, सी महतो, राजेन्द्र प्रसाद राजा, हरेन्द्र सिंह, छोटु सिंह, कुंज बिहारी सिंह, अमरेश चौधरी, संतोष मिश्रा, नवनीत सिंह, मनोज प्रसाद, गोबर्धन महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### काली मंदिर की स्वर्ण जयंती पर निकली शोभा यात्रा



**कतरास :** बुधवार को कतरास के पंचगढ़ी बाजार काली मंदिर के स्वर्ण जयंती के अवसर पर आज सुबह भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। इस शोभा यात्रा में काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। शोभा यात्रा काली मंदिर से नर्मदेश्वर अंदर होते हुए सूर्य मंदिर पहुंची ततपश्चात पुनः काली मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से बियाडा के पूर्व चेयरमैन विजय झा, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जनशक्ति दल प्रमुख सुरज महतो, चुन्ना यादव, मंदिर अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव समीर पाल, अनिल घोष, तपन राय, निर्मल होड़, अनिर बांध, संदीप तपाधर, लालू चटर्जी, गौतम मंडल सहित अन्य लोग शामिल थे।

### जेपी सिंह बने मुख्य प्रशिक्षक

**बोकारो :** झारखंड बास्केटबॉल संघ के महासचिव श्री जय प्रकाश सिंह यानी जे पी सिंह को भारतीय बास्केटबॉल संघ ने अंडर 18 पुरूष वर्ग का मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। 6 जून से इंदौर में भारतीय टीम श्री जे पी सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। भारतीय टीम जे पी सिंह के मार्गदर्शन में अगले महीने जुलाई से श्रीलंका में आयोजित एस ए बी ए अंडर18 बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी।

# भारत विकास परिषद ने मनाया पर्यावरण दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारत विकास परिषद बोकारो की दक्षिण शाखा ने 05 जून को को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित आम्रपाली कल्याण केंद्र के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।परिषद के सदस्यों ने 12 फल एवं 34 छायादार वृक्षों का वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के शुरूआत में परिषद के अध्यक्ष संजय सिंह ने परिषद के सदस्यों एवं आगंतुकों का स्वागत किया एवं विश्व भर में मौसम के बदलते मिजाज एवं प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन और मानवीय क्रियाओं के कारण वायुमंडल में कार्बन- डाइ ऑक्साइड, मीथेन आदि गैसों की बढ़ती मात्रा पर चिंता व्यक्त की। कार्बन डाई-ऑक्साइड जैसी गैसें ऊष्मा को रोककर पृथ्वी को गर्म रखने का कार्य करती हैं, और यही 'ग्लोबल वार्मिंग' का एक मुख्य कारण भी है। कार्यक्रम की शुरूआत आशा लता के निदेशक श्री बी एस जायसवाल ने का वृक्ष लगाकर किया। इस के उपरांत शाखा के सभी सदस्यों ने भी वृक्षारोपण किया श्री सिंह ने पर्यावरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भूमि, जलवायु प्रणाली में कार्बन सिंक के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि इस की सतहें, जैसे कि जंगल, नदियां आदि ग्रह के तापमान को नियंत्रित करती हैं और कार्बन को संग्रहीत करने में मदद करती हैं। लेकिन हमारी भूमि वनों की कटाई, शहरीकरण, औद्योगिक विकास, कृषि विस्तार और असंवहनीय खेती प्रथाओं के कारण बढ़ते दबाव में है, परंतु वृक्षारोपण भूमि क्षरण को सुधारने का सब से सरल तरीका हैं, अतः हम सब को अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए। श्री सिंह ने आगे यह भी आश्वस्त किया कि इन वृक्षों का संरक्षण सोसाइटी करेगी। परिषद के सचिव ललित वर्मा ने झारखंड सरकार के वन विभाग को धन्यवाद दिया जिन के सौजन्य से परिषद को यह वृक्ष निशुल्क प्राप्त हुए। इसके अलावा वर्मा ने परिषद के सदस्यों, सोसाइटी के कर्मचारीगण का धन्यवाद किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई।


# सहयोगिनी में पर्यावरण दिवस का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सहयोगिनी द्वारा आज बहादुरपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे की कमी के कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है ,जिसका खामियाजा यह है कि समय से वर्षा नहीं हो रहा है । किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । समय से खेती-बाड़ी नहीं होने के कारण क्षेत्र से पलायन हो रहा है। जिससे सबसे ज्यादा दिक्कत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और लड़कियों को हो रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की जरूरत है। तथा जैव विविधता का संरक्षण करना जरूरी है। इस दौरान सहयोगिनी परिसर में पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की मंजू देवी, कुमारी किरण, सूर्यमणि देवी, पायल कुमारी, रवि कुमार, नीतू कुमारी, फुलेंद्र रविदास , अभय कुमार उपस्थित थे।

# डीएवी सेक्टर-6 के छात्र-छात्राओं को नीट परीक्षा में मिली सफलता




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो के बारहवीं के विद्यार्थी नित्या सिंह , अक्षय कुमार और आदर्श चंद्र तिवारी ने NTA के ठएएळ परीक्षा-2024 में सफलता प्राप्त की ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने इन सभी विद्यार्थियों की सफल होने पर उन्हें तथा उनके माता पिता को बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर उनके अतुलनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन छात्र-छात्राओं के सफलता में उनकी कठिन मेहनत, लगन, निरंतर अभ्यास के अलावा उनके माता-पिता और शिक्षकों की भी अहम भूमिका रही है, जिन्होंने उनके इस परीक्षा में सफल होने के लिए प्रेरित किया है । इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने भी बधाई और शुभकामना दी । ठएएळ-2024 परीक्षा में नित्या सिंह ने 720 में 646 अंकों के साथ AIR-14720, अक्षय कुमार ने 720 में 600अंकों के साथ AIR-81515 , आदर्श चंद तिवारी ने 720 में 490 अंकों के साथ अक्रफ-1,05,900 स्थान प्राप्त कर डीएवी सेक्टर-6 का नाम रोशन किया है ।

# विदेश में भी होने लगी है झरिया के प्रदूषण की चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद कोयलांचल स्थित झरिया सहित अन्य इलाकों में पर्यावरण की चिंताजनक स्थिति की चर्चा अब विदेश में भी होने लगी है। भारतीय पत्रकार प्रीति पूजा की पहल पर भारतीय संस्था प्राइम कम्युनिकेशन मीडिया के साथ लंदन की संस्था इंडियन इंस्पायरिंग वूमेन ने भारतीय मूल के नागरिकों द्वारा 'प्रदूषण मुक्त विश्व ' विषय पर विचार विमर्श किया। यह आयोजन 2 जून को स्ट्रीट 21 , हाउस्लो ,हाई स्ट्रीट , लंदन में आयोजित था. इसमें झरिया कोयलांचल में व्याप्त प्रदूषण की समस्या पर भारत सरकार को पत्र लिखे जाने का निर्णय लिया गया. आगामी 5 जून 2024 पर्यावरण दिवस से 5 जून 2025 तक विश्व पर्यावरण समस्या पर एक वर्षीय अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत विश्व के अनेक देशों में 'ग्लोबल गार्डन 'की




स्थापना तथा वैश्विक स्तर पर पर्यावरण जागरण के प्रति 'ग्रीन एनवायरमेंट - हेल्दी एनवायरमेंट' अभियान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। क्रियान्वयन के लिए एक कमेटी गठित की गई। जिंदगी तथा वाइब्रेट कलर्स पत्रिका द्वारा थीम पोस्टर प्रस्तुत किया गया. क्रियान्वयन के लिए एक कमेटी गठित की गई। आयोजन में मुख्य रूप से प्रीति पूजा, काउंसलर एलेन जोसेफ, राजस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट लंदन के संस्थापक सुरजीत सिंह ढोका, इंडियन आर्ट एवं कल्चर की प्रमोटर गीता जोशी, मेंटल अवेयरनेस की संस्थापक नीलम चावला, ब्रिटिश -एशियाई इवेंट की संस्थापक साक्षी विश्वास, आईटी विशेषज्ञ आशीष शर्मा, ड्रोलेज संस्था के संस्थापक सोनिया डी सलूजा, सोशल एक्टिविस्ट कुलवंत पूरी मुख्य रूप से उपस्थित थें।

# तम्बाकू मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनो के लिये जहर से कम नही

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** विश्व पर्यावरण दिवस एवं चल रहे तम्बाकू निषेध दिवस कार्यक्रम के संयुक्त अवसर पर सिविल सर्जन बोकारो डा० दिनेश कुमार एवं डीआरसीएच ओ डासेलिना टूडू के द्वारा आईडीएसपी परिसर में पौधारोपण का कार्य किया गया। जिसमें सिविल सर्जन बोकारो द्वारा बोकारो की जनता को अवगत कराया कि तम्बाकू मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनो के लिए किसी जहर से कम नही है। तम्बाकू उत्पादों के वेस्ट पारिस्थितिक तंत्र के लिये चुनौती बढा रहें हैं। ऐसे में हम सभी जनमानस को मिलकर प्रत्येक वर्ष कम से कम पांच पेड जरूर लगायें ताकि प्रकृति के लचीलापन को बचाया जा सके। डीआरसीएचओ डा सेलिना टूडू ने सभी को बताया कि तम्बाकू से प्रत्येक वर्ष लगभग 13 लाख लोगों की मृत्यू होती है जो जन स्वास्थ्य के लिये एक बहुत बडा खतरा है। वही तम्बाकू उद्योग का कचरा, तम्बाकू उत्पादों को बनाने और पैकेजिंग में पर्यावरण का भयंकर नाश किया जा रहा है और आने वाली पीढी के लिये भी खतरा बढते जा रहा है। पवन कुमार श्रीवास्तव महामारी विशेषज्ञ बोकारो एवं मो० असलम जिला परामर्शी बोकारो द्वारा बताया गया कि पर्यावरण दिवस एवं विश्व तम्बाकू निषेध दिवस को पूरे माह में आमजनमानस में जागरूकता हेतु साईकल रैली, प्रभात फेरी, स्कूल कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर डा० दिनेश कुमार सिविल सर्जन बोकारो, डा० सेलिना टूडू डीआरसीएचओ, डा अरबिन्द चिकित्सा पदाधिकारी, प्रदीप कुमार सिन्हा कार्यक्रम प्रबंधक, पवन श्रीवास्तव महामारी विशेषज्ञ, मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, आरती कुमारी मिश्रा कार्यक्रम सहायक, मो० वसीम, संतोष कुमार, असीम कुमार उपस्थित थे।

### पर्यावरण की रक्षा हमारा मौलिक दायित्व : जस्टिस राम शर्मा

**धनबाद :** विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य धनबाद सिविल कोर्ट परिसर में बुधवार को न्यायिक पदाधिकारियों व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम ने पौधारोपण किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहा कि हम अपने अधिकारों को याद रखते हैं लेकिन कर्तव्य भूल जाते हैं। पर्यावरण का संरक्षण भी हमारा मौलिक दायित्व है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक ने कहा कि हमारे चारों ओर के सभी जीव और निर्जीव तत्व पर्यावरण का हिस्सा हैं। प्रकृति के बिना मानव जीवन खत्म हो जाएगा, इस बात से भलीभांति परिचित होते हुए भी लोग प्रकृति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन ने कहा कि बढ़ते तापमान का एक कारण ग्लोबल वार्मिंग है, जो मानव जीवन को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में पर्यावरण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करके प्रकृति को हो रहे नुकसान को रोका जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नीट में राहुल ने 614 अंक अर्थात 97 प्रतिशत हासिल किया



**धनबाद :** नीट की परीक्षा में धनबाद के रायगंज तेली टोला निवासी तपन चंद्र गोलाई के पुत्र राहुल कुमार गोराई ने 614 अंक अर्थात 97 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक लाने की सफलता पाई है। राहुल गोराई दलूडीह स्थित बर्ड्स गार्डन स्कूल रायगंज का मेधावी छात्र था। इनका उद्देश्य है कि वह भविष्य में एक अच्छा चिकित्सक बनकर राष्ट्र की सेवा करें। इस क्षेत्र में बेहतर सफलता इन्होंने प्राप्त की है। स्कूल के प्राचार्य प्रमोद कुमार अध्यक्ष ए के पाल एवं अन्य शिक्षक गण ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं अपने परिवार के सदस्यों को दी है निश्चित रूप से उनकी सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र उत्साहित है।

### पर्यावरण दिवस पर ज्ञानसभा के बच्चों द्वारा किया पौधरोपण



**कतरास (धनबाद) :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ज्ञानसभा कोचिग सेंटर के छात्राओं द्वारा जनता जागरूक अभियान के तहत सैकड़ों पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में चिन्हित स्थल पर मंदिर, विद्यालय, कॉलेज व चौक चौराहों आदि स्थानों पर पौधारोपण की गई। साथ ही जनता से अपील की गया की अपने जीवन में कम से कम दो पोधा जरूर लगाए। इससे ग्लोबल वार्मिग से बच सके। व जिंदगी स्वस्थ रहे। जरूरी नही की विश्व पर्यावरण दिवस पर ही पोधा रोपण की जाय। अपने जीवन के खास दिन पर भी पौधारोपण करने का संदेश देकर जनता लोग को जागरूक करते रहे। मौके पर शिक्षक गण सहित छात्राओं भी मौजूद थे।

### ढुल्लू महतो एवं अमरेश सिंह ने धनबाद के स्वर्णिम विकास के लिए की पूजा अर्चना



**धनबाद :** बुधवार को धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो एवं इस लोकसभा में ढुलू महतो के पक्ष में ताबड़तोड़ जनसभाएं, बैठक व रैलियां कराने एवं नाराज नेताओं कार्यकताओं से सामंजस्य बैठाने, मतदाताओं का ढुलू महतो के प्रति विश्वास जगा कर भाजपा के पक्ष में मतदान कराकर ढुल्लू महतो की इस शानदार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह जीत के उपरांत प्रथम दिन ही बाबा बैजनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर एवं बासुकीनाथ मंदिर में बाबा की पूजा अर्चना करने देवघर एवं बासुकीनाथ पहुंचे। वहां विधि विधान से दोनों नेताओं ने पूजा अर्चना कर धनबादवासियों द्वारा इस लोकसभा चुनाव में धनबाद के विकास के जिम्मेदारियां का विश्वास हासिल करने के उपरांत बाबा से सेवा करने का आशीर्वाद लिया। इस दौरान अमरेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हमारे धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो के विशेष प्रयासों से धनबाद की तीव्र गति से समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण रूप रेखाएं एवं योजनाएं एक विशेषज्ञ टीम के द्वारा तैयार की जा रही है जिस पर हमारे सांसद अपने नवीनतम स्तर व जुझारू प्रयासों से शीघ्र ही भारत सरकार की मुहर लगकर शीघ्र ही धनबाद के धरातल पर इसे उतारा जाएगा। शिक्षा एयरपोर्ट, अस्पतालों,नई ट्रेनों, बिजली,पानी ओवरब्रिज जाम, सुरक्षा, विस्थापन सहित धनबाद की अन्य समस्याओं एवं जरूरतों को पूरा करने के लिए सर्वप्रथम सांसद ढुलू महतोकी थिंक टीम कटिबध हैं।

### एनडीए की जीत पर लोजपा (रामविलास) ने मनाई दिवाली




**बोकारो :** लोक जनशक्ति के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार जी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय मे नरेंद्र मोदी जी को देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी के नेतृत्व में बिहार के लोकसभा की पांच सीटों पर प्रचंड जीत पर और धनबाद सांसदीय सीट पर ढुलू महतो जी के ऐतिहासिक जीत पर बोकारो जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय पर रंग गुलाल और मिठाई बाट कर खुशियां मनाई
गई मौके पे उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल पासवान प्रदेश महासचिव सह प्रभारी संजय श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव जी पी सिंह प्रदेश महासचिव संजय कुमार युवा प्रदेश सचिव वरुण पासवान महानगर अध्यक्ष सुमन कुमार पासवान अरविंद कुमार विनोद कुमार राकेश कुमार दिलीप पासवान अरविंद कुमार परमेश्वर पासवान रमाशंकर सुनील कुमार पिंटू वक्त जे पी नारायण तुलसी साहू अरविंद पासवान लालू सिंह एवम दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### सरला बिरला के छात्रों ने नीट यूजी परीक्षा में प्राप्त की सफलता

**अनगड़ा** : सरला बिरला के छात्रों ने नीट (यूजी) 2024 में सफलता प्राप्त की अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार सरला बिरला पब्लिक स्कूल की भूमि केशरी, निवेदिता राज, कृतिका और दीपशिखा बनर्जी ने नीट (यूजी) 2024 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों एवं अपने शिक्षकों को दिया है। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि भविष्य की सफलता के लिए आज का परिश्रम महत्वपूर्ण है। कठोर परिश्रम के परिणामस्वरूप ही छात्रों ने मनचाही सफलता अर्जित की है।

### बिजली की चपेट में आने से आठ वर्षीय बच्चे की हुई मौत

**गुमला**: सदर थाना क्षेत्र के टोटो रामपुर निवासी सुरेंद्र उरांव के आठ वर्षीय बेटे श्रीराम उरांव की मौत बिजली करंट की चपेट में आने से बुधवार की सुबह हो गयी। परिजनों ने उसे आनन फानन में सदर अस्पताल गुमला लाये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं गुमला पुलिस को सूचना मिलने पर सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उसके पिता घर से कुछ दूरी पर पानी लेने के लिए सुबह निकले थे। जिस दौरान पीछे से आठ वर्षीय श्रीराम भी जा रहा था। जिस दौरान 11000 वोल्ट की तार गिरा हुआ था। जिसमें करंट प्रवाहित था। उसी के अर्थ के संपर्क में आने से उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है।

### वज्रपात की चपेट में आने से बालक की हुई मौत

**गुमला** : सदर थाना क्षेत्र के मड़वा गांव निवासी महावीर खेरवार (12) की मौत वज्रपात की चपेट में आने से गत मंगलवार की अपराहन हो गयी। परिजन उसे आनन फानन में सदर अस्पताल गुमला में भरती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने पर एसआइ राजेंद्र कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक अपनी बड़ी बहन के घर मड़वा में रहकर पढ़ाई करता था। वह मवि सेमरडीह में वर्ग तीसरी का छात्र था। गत मंगलवार को वह बकरियों को लेकर चराने के लिए मड़वा जंगल गया था। जहां अपराहन तीन बजे तेज हवा के साथ जोरदार बारिश के साथ वज्रपात होने से उसकी चपेट में आने से उसकी मौत घटनास्थल पर हो गयी।

# मोबाइल रिचार्ज नहीं करवाने और मां की डांट से नराज किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला** : गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना स्थित तेतर टोली ग्राम निवासी संजय नायक की 14 वर्षीय नाबालिग लड़की तमन्ना कुमारी ने मंगलवार के संध्या में मोबाइल रिचार्ज नहीं करवाने और मां के द्वारा लू लगने के बावजूद बगीचा में आम खाने जाने पर डांट फटकार किए जाने के कारण और परिजनों द्वारा मोबाइल में अत्यधिक गेम्स खेलने के कारण उसके मोबाइल का रिचार्ज नहीं करवानें से क्षुब्ध होकर और वह एकाएक डिप्रेशन में आकर उसने अपने घर में ही अपने दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता संजय नायक ने बताया की दो दिन पूर्व ही उसके मोबाइल का रिचार्ज समाप्त हो गया था और उसने मुझे मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए कहीं थी। लेकिन उसके द्वारा मोबाइल में अत्यधिक गेम्स खेलने के कारण मैं उसका मोबाइल चार्जर नहीं कराया था। मंगलवार को वह अपने गांव के बगीचा में आम खाने गयी हुई थी। उसे पहले लू लगा था, जिसके कारण उसकी मां उसे डांटी तो वह क्षुब्ध होकर अपने घर में घुस गई और मंगलवार के संध्या में वह अपने दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह देख हम परिजन उसे तत्काल उसे उक्त फांसी के फंदे से उतारें और आनन-फानन में उसे इलाज के लिये, पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उक्त घटना की सूचना पालकोट थाना पुलिस को दी गई और उप स्वास्थ्य केन्द्र और पुलिस को मृतक के परिजनों ने लू लगने की बात कही गई, क्योंकि उसे पहले लू लगा था, बाद में मृतक के पिता संजय नायक ने यह स्वीकार किया की उसकी 14 वर्षीय नाबालिग लड़की ने मोबाइल रिचार्ज नहीं करवाने और मां के द्वारा डांट फटकार करने के कारण वह अपने दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की हैं। उक्त सूचना मिलते ही पालकोट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें। उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

## सुखदेव भगत ने मुड़मा जतरा में मत्था टेककर शांति व भाईचारगी की कामना की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला** : लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से सुखदेव भगत प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतकर सांसद बने। सांसद बनने के उपरांत सबसे पहले सुखदेव भगत गुरुवार को मुड़मा पहुंचकर वहां पर स्थित जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर क्षेत्र में शांति, समरसता और भाईचारा की कायम रहने के लिए प्रार्थना किये। इससे पूर्व लेदा पाहन के द्वारा विधिवत पूजा पाठ संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के उपरांत ऐतिहासिक राजी पाइया जतरा समिति मुड़मा के द्वारा नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सुखदेव भगत ने सबसे पहले उपस्थित जतरा समिति के सभी लोगों का उनका अभिनंदन करने के लिए आभार प्रकट किये ।सुखदेव भगत ने कहा कि चुनाव में आदिवासी समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए वह पूरा काम करेंगे। लाखों की संख्या में सरना धर्म के मानने वाले लोग हैं। आदिवासियों की प्राकृतिक आस्था, पूजा पद्धति और विशिष्ट रीति रिवाज के संरक्षण हेतु जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड को शामिल करने की मांग को आने वाले मानसून सत्र में संसद में प्रमुखता से रखेंगे। मौके पर सीताराम भगत, कमले किस्पोट्टा रंथू उरांव, अनिल उरांव, लच्छू उरांव, वीरेंद्र उरांव, सुमित उरांव, सुका उरांव, सुशील उरांव, सुमित्रा उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दो लोग हुए घायल




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला** : गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भलमंडा मोड के समीप स्कॉर्पियो के टक्कर से बाइक सवार भलमंडा निवासी 55 वर्षीय बालेश्वर सिंह और गड़ गड़ लोंडरा निवासी जितेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्कॉर्पियो गुमला की ओर फरार हो गया। घटना की जानकारी पर रायडीह थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंच दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाई। जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक से पतरा टोली टीवी लाने जा रहे थे। जितेंद्र भलमंडा में बालेश्वर के मकान में किराए पर रहता है और गांव में ही घर बना रहा है। बालेश्वर टीवी बनाने पतरा टोली स्थित एक दुकान में दिया था जिसे दोनों लाने जा रहे थे। वही डॉक्टर ने बालेश्वर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। जबकि जितेंद्र की भी हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल दोनों का सदर अस्पताल के आईसीयू वार्ड में इलाज चल रहा है।

## बिशप लिनुस एक्का ने 210 बालक-बालिकाओं को काथौलिक दृढ़ीकरण संस्कार देकर किया दीक्षित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



चैनपुर : गुमला धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप लिनुस पिंगल एक्का ने संत जॉन कैथोलिक चर्च पेरिश में 210 बालक-बालिकाओं को काथौलिक दृढ़ीकरण संस्कार देकर दीक्षित किया। धार्मिक विधि अनुष्ठान कराने के उपरांत धर्म विश्वासियों को संबोधित करते हुए विशप लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि दृढ़ीकरण संस्कार पाने वाले युवक युवतियों के करीब यीशु रहते हैं। ईश्वर की प्रार्थना करना ही समर्पण है। जो व्यक्ति ईश्वर की शरण में जाता है उसे किसी तरह की तकलीफ नहीं होती। उन्होंने कहा कि पवित्र दृढीकरण व्यक्ति के ईश्वरीय विश्वास को दृढ़ करता है और परमेश्वर का प्रेम, आशीष और अनुग्रह दृढ़ कृत व्यक्ति को जीवन भर मिलता रहता है। दृढ़ीकरण संस्कार पवित्र आत्मा के द्वारा विश्वासियों के जीवन में आशीष कृपा का वरदान देता है। कलीसिया के सात संस्कारों में से यह एक संस्कार है। सबसे पवित्र एवं मूल्यवान वरदान खीस्त में विश्वास करना है। उन्होंने कहा कि सशक्त विश्वास से ही खीस्त का जीवन मजबूत होता जाता है। बुराई एवं पापों से हमेशा संस्कार को दूषित नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु हमेशा संकट में विद्यामान रहते हैं। इसका अनुभव एवं दृढ़ विश्वास करने की आवश्यकता है। विश्वास को तिरस्कार न करें। दृढ़ीकरण संस्कार हमें अच्छे एवं पुण्य कार्य करने तथा पाप एवं गलत कार्य करने से रोकने की प्रेरणा देता है। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर डीन फा जेबीरयानुस किंडो, फा. याकूब किंडो, बनारस से पहले फा. प्रेम कुजुर, फा. अमित खरवार, फा. पवन लकड़ा, सी. रेजिना बेक, सी. माटिल्दा साहित्य सैकड़ो की संख्या में खीस्तय विश्वासी उपस्थित थे।

### स्कूटी सवार ने मारी टक्कर, एक घायल

**गुमला** : गुमला सदर थाना स्थित छोटा खटंगा निवासी 25 वर्षीय अनिल उरांव को दसई टोली के समीप स्कूटी सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक युवक ठेला में चौमिन चिली बेचता है। मंगलवार को वह नवाडीह मेला चौमिन चिली बेचने गया था। घर वापसी के क्रम में दसई टोली के समीप पीछे से एक स्कूटी चालक उसे जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में स्कूटी चालक भी गिरकर हुआ घायल, उसे हल्की चोटे लगी और वह स्कूटी लेकर हुआ फरार। चार्मिंग चिल्ली विक्रेता अनिल कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो कर बेहोश हो गया। उसके पूरे शरीर में गंभीर चोट आई हैं। उक्त घटना मंगलवार की रात 8:00 बजे की है। स्थानीय लोगों द्वारा उसे तत्काल सदर अस्पताल गुमला लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में पर्यावरण दिवस का हुआ आयोजन




**चैनपुर** : परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पौधरोपण और पौधों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा उत्साहपूर्वक पौधरोपण से हुई। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए, इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, फादर इनोसेंट कुजूर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं पौधा लगाकर इस अभियान की शुरूआत की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी,अमित कुमार ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया और कहा, पर्यावरण हमारी धरोहर है और इसे संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। आज का यह वृक्षारोपण अभियान हमारी धरती को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक छोटा सा कदम है, लेकिन इसका प्रभाव दीर्घकालिक होगा। इसके पश्चात सभी उपस्थित स्वयंसेवकों और महाविद्यालय के कर्मचारियों ने पौधों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने किया। सभी ने प्रतिज्ञा की कि वे लगाए गए पौधों की देखभाल करेंगे और उन्हें परिपक्व वृक्ष बनने तक संरक्षण प्रदान करेंगे। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पेड़ो को गले लगाकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जिसमें अमित कुमार ने सभी उपस्थित अतिथियों, स्वयंसेवकों और कर्मचारियों का धन्यवाद किया और कहा पेड़ लगाना न केवल हमारे पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी और समाज के प्रति हमारे योगदान को भी दशार्ते हैं। मौके पर उप प्राचार्य फादर अगस्तुस एक्का, फादर अदीप तिग्गा, एन एस एस स्वयंसेवक अमृता मिंज, करीना बेबी, नीतू, मुक्ति, अनुपा, जयराम, आदि मौजूद थे।
प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

### उषा मार्टिन में पर्यावरण दिवस मनाया गया



**अनगड़ा**: रांची पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। भविष्य की पीढ़ियों को एक स्वस्थ जीवन देना है, तो पृथ्वी को हरित करने का काम करना होगा। इसके लिए हरेक व्यक्ति को ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए। उक्त बातें उषा मार्टिन के कार्यकारी निदेशक एसबीएन शर्मा ने कहीं। वह विश्व पर्यावरण दिवस पर कारखाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने बातें कहीं। पर्यावरण दिवस पर उषा मार्टिन के रॉची अवस्थित प्रतिष्ठानो में वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फलदार, इमारती तथा स्थानीय प्रजाति के करीब 120 पौधा का रोपण किया गया। उन्होनें उपस्थित सहकर्मियो एवं कामगारो को पर्यावरण संरक्षण हेतु छोटे .छोटे कदम उठाने की प्रेरणा दी।मानव संसाधन प्रमुख एन एन झा जी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के उपायो एवं सिद्धांतो को हमे आत्मसात करना होगा तभी सतत विकास और समृद्व पर्यावरण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा। पावर प्लांट हेड तन्मय सिन्हा ने हरित उर्जा को उपयोग तथा अपशिष्टो के बेहतर निष्तारण पर अपने विचार व्यक्त किए। पेंग उषा मार्टिन में आयोजित समारोह में पर्यावरणीय प्रबंधन पद्धति के मुख्य आडिटर प्रवीर सरकार ने पर्यावरण असंतुलन के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। प्लांट प्रमुख अजय कुमार ने वृक्षारोपण एवं प्रतिष्ठानो में उर्जा तथा जल की बचत करने की जरूरत बतायीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरूप दत्ता, पवन कुमार, स्नेहा ने योगदान किया।

### अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा ने की मासिक अपराध गोष्ठी

**चैनपुर** : चैनपुर स्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एसडीपीओ अमिता लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र के 6 थाना चैनपुर डुमरी जारी करूमगढ़ रायडीह व सुरसांग के थाना प्रभारीयों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी थाना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए थाना में लंबित कांडों को डिस्पोजल करने का निर्देश एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारीयों को दिया वहीं पुराने वारंटीयों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया एवं थाना के कई अन्य कार्य पद्धति पर भी चर्चा करते हुए डायरी लिखने एफआईआर लिखने सहित कई विषयों पर दिशा निर्देश दिया गया, साथ ही थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण रखने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर शमीम अहमद चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव डुमरी थाना प्रभारी लेखन हेमरन जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार कुरूपगढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत चेतन रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार एवं सुरसांग थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में किया गया पौधरोपण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला** : गुमला जिला मुख्यालय में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी के ग्राम सेवा ट्रस्ट गम्हरिया के सहयोग से बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में वृक्षारोपण के कार्यक्रम अंतर्गत सेंट पात्रिक कॉन्वेंट स्कूल के कोच बीना केरकेट्टा सेमत अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलों के प्रतिभागी छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें अनिता डुंगडुंग, रश्मि मिंज, सलीना कुमारी, एलिजाबेथ लकड़ा, नमिना कुमारी, आंचल कुमारी, कृति उरांव, खुशबू तिग्गा एवं अन्य खिलाड़ी, पंकज कुमार, उत्तम कुमार ब्रकु अमृता बहन, ब्रकु कुसुम बहन, ब्रकु शिव भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्रह्मा कुमार शिव भाई ने पर्यावरण दिवस के महत्व पर संबोधित करते हुए कहा कि 5 जून 1972 को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के रूप में पर्यावरण संरक्षण का शुभारंभ किया गया था। जिसे विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। विश्वविद्यालय के द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में दिए जा रहे कार्यों के कारण संयुक्त राष्ट्र संघ ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम में एनजीओ के रूप में ब्रह्माकुमारी को इस कार्यक्रम हेतु सुपरवाइजर के रूप में दर्जा प्रदान किया। ब्रह्माकुमारीज की सहयोगी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा निरंतर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसका उद्देश्य है,पर्यावरण की सुरक्षा एवं पर्यावरण प्रदूषण के समाधान एवं नियंत्रण हेतु नागरिकों को जागृत करना। इस कार्यक्रम अंतर्गत कई सेमिनार, जागरूकता कार्यक्रम, शाश्वत यौगिक खेती, यौगिक गृह वाटिका, वीडियो प्रदर्शन, स्वच्छता कार्यक्रम इत्यादि समय-समय पर आयोजित करती रहती है। वही ब्रह्माकुमारी अमृता बहन ने छात्राओं को सफलता का मंत्र सुनाते हुए कहा कि जीवन में हमें खुशियों को कंडीशन में बांधकर नहीं रखना चाहिए बल्कि हर एक क्षण हमें खुशी पूर्वक बिताने चाहिए चाहे वह सफलता को लेकर हो या असफलता। क्योंकि हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे तो निश्चित ही हमें सफलता के वास्तविक महत्व को समझने में आसानी होगी । क्योंकि सफल व्यक्ति उसे ही कहेंगे जो जीवन में खुश रहता है। वही अमृता बहन ने समय राज्यों की गहन अनुभूति कराई। अधिक से अधिक बिना अवसर के ही हमें वृक्ष लगाते रहने चाहिए। इसी दौरान पार्क के कुछ स्थानों पर ब्रह्माकुमारी एवं छात्राओं के द्वारा पौधारोपण किया गया। वही लोकल मीडिया न्यूज के एडिटर पंकज कुमार ने छात्राओं के साथ खेल जगत की बातों की लेनदेन की और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वह जीवन में जो चाहे वह कर सकते हैं बस उन्हें एकाग्रतापूर्वक

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज
Email Id-rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com, Phone No.-06562357595

पत्रांक.................. दिनांक.......................

प्रेस विज्ञिप्त

एतद् द्वारा सूचित करना कि पूर्व में इस प्रमंडल में पदस्थापित सहायक अभियंताओं/ कनीय अभियन्ताओं के नाम से राशि असमायोजित है ।अपने नाम पूर्व में स्वीकृत अस्थायी अग्रिम राशि का समायोजन नहीं कराना एवं लम्बित राशि के समायोजन के प्रति उदासीन रहना एक स्वीकार्य कार्य प्रणाली नहीं है ।

इस राशि के समायोजन/वसुली के लिए महालेखाकर एवं विभाग द्वारा बारम्बार अनुदेश प्राप्त हो रहा है । वर्त्तमान में आपके पदस्थापन की अद्यतन स्थिति प्रमण्डल उपलब्ध नहीं है ।

अस्थायी अग्रिम राशि की सूची निम्न है :-

| क्र0सं0 | अभियंता का नाम | पदनाम | असमाजित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गिरधर प्रसाद सिंह | सहायक अभियंता, डालनगंज 1 | 26446.10 |
| 2 | शालीग्राम कुमार | सहायक अभियंता, डालनगंज 1 | 1293410.40 |
| 3 | चन्द्रषेखर प्रसाद | सहायक अभियंता, लातेहार | 656259.07 |
| 4 | स्व0 युगेष्वर रजक | सहायक अभियंता, डालनगंज 2 | 193933.10 |
| 5 | शुभनारायण चौबे | सहायक अभियंता, डालनगंज 2 | 887010.53 |
| 6 | अमरेन्द्र कुमार सिंह | सहायक अभियंता, डालनगंज 1 | 10000.00 |
| 7 | अमीर अली वारिस | सहायक अभियंता, लातेहार | 4177.34 |
| 8 | दीनबंधु शर्मा | सहायक अभियंता, छतरपुर | 3037.77 |
| 9 | मुक्तेष्वर उपाध्याय | सहायक अभियंता, कृषि बजार समिति, डालटनगंज | 1138.05 |
| 10 | सुरेश सिंह | कनीय अभियंता, डालटनगंज | 115.00 |

अतः आप सबों से अपेक्षा की जाती है कि इस विज्ञप्ति के साथ ही आप अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाई तथा राशि समायोजन या जमा करना अविलम्ब सुनिश्चित करेंगे ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR.NO.325292 District(24-25):D

# उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार का कौन जिम्मेदार ?



प्रभुनाथ शुक्ल

भाजपा ने उड़ीसा और आंध्र में भले अच्छा खासा प्रदर्शन किया, लेकिन उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य उसके हाथ से निकल गया। उसका सियासी खेल बिगाड़ दिया है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह ममता बनर्जी के खिलाफ हिंदुत्व को लेकर उग्र राजनीति की गई उसका परिणाम सामने है। भाजपा ममता बनर्जी पर जितनी तीखी और हमलावर हुई बंगाल में ममता की जमीन उतनी ही मजबूत हुई। फिलहाल यह चुनाव आम जनता ने लड़ा है अपने अधिकारों को लेकर लड़ा है। उसने बेरोजगारी, महंगाई और आरक्षण जैसे मुद्दे को लेकर मतदान किया।

देश का आम चुनाव परिवर्तन की राजनीति का संदेश है। इस चुनाव को जनता ने अपने मुद्दों के साथ लड़ा है। वह धर्म की राजनीति करने वाली भाजपा जैसी पार्टी को नया संदेश दिया है। सरकार कोई भी बनाए या सत्ता किसी के हाथ में हो, लेकिन अब आम लोगों के हित की बात होनी चाहिए। जनता ने धर्म और जाति के खिलाफ जनादेश दिया है। देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी बहुमत का आंकड़ा अकेले बल पर नहीं छू पाई। मोदी की करिश्माई राजनीति का जादू अब खत्म होता दिख रहा है। वाराणसी में साल 2014 और 2019 में जीत के अंतराल का जो गणित था वह इस बार कायम नहीं रहा। राहुल गाँधी उनसे अधिक मतों से जीत हासिल किया। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव भले जीत गए , लेकिन यह जीत इतनी बेहतर और शानदार नहीं कहीं जा सकती। नैतिक रूप से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय मोदी के सामने हारकर भी जीते हैं। हिंदुत्व की उग्र राजनीति का उत्तर प्रदेश से सफाया हो गया है। दो लड़कों की जोड़ी ने यहाँ कमाल कर दिखाया है। भाजपा को उत्तर प्रदेश से सबसे बड़ी उम्मीद थी, लेकिन राहुल गाँधी और अखिलेश यादव ने उस उम्मीद को तोड़ दिया है। इस जोड़ी ने जो काम साल 2019 में नहीं कर पायी उसे 2024 में अंजाम तक पहुंचा दिया। मोदी और योगी का जादू नहीं चल पाया है। यहाँ की जनता ने हिंदुत्व की राजनीति को सिरे से नकार दिया है यह अपने आप में वह बड़ा संदेश है। संविधान, आरक्षण और बेरोजगारी की जंग ने धर्म की राजनीति को बड़ा संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के युवाओं ने राहुल गाँधी के रोजगार के मुद्दे को दिल से लिया और दो लड़कों की जोड़ी पर भरोसा जताया। सबसे बड़ा संदेश अयोध्या ने दिया है फैजाबाद सीट ने उसे आइना दिखाया है। ओबीसी और दलित और मुस्लिम वोट ने कमाल कर दिखाया है। ओबीसी वोट भाजपा के हाथ से फिसल गया। यह भाजपा के लिए चुनौती है।

जिस उत्तर प्रदेश पर भाजपा को बड़ा नाज था उसने मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ वोट किया। अब सवाल उठता है की प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह यूपी की हर चुनावी जन सभाओं में योगी के सुशासन का गुणगान करते नहीं थकते थे। लेकिन खुद योगी अपने राज्य में भजपा को नहीं बचा पाए।फिलहाल इसके लिए कौन जिम्मेदार है मोदी या योगी। सबसे अहम सवाल है कि जनता मोदी और योगी के नाम पर कब तक वोट करेगी। उत्तर प्रदेश में जिन सहयोगियों पर उन्हें अटूट भरोसा था वह भी कुछ नहीं कर पाए। यहाँ अखिलेश यादव का पीडीए फामूर्ला काम कर गया। यूपी में दलित वोटर मायावती की निष्क्रिय राजनीति को भाँप गया लिहाजा वह इण्डिया गठबंधन की तरफ चला गया। मुसलमान और यादवों के साथ दूसरी पिछड़ी जातियों ने इण्डिया को वोट किया। भाजपा जिस ओबीसी पर पूरा भरोसा जताती थीं उसी ने जमीन चटा दिया।

उत्तर प्रदेश में भाजपा की सीधी हार के लिए केंद्रीय नेतृत्व मुख्यमंत्री से अधिक जिम्मेदार और जबाबदेह है।क्योंकि जिस तरह मीडिया में संगठन को लेकर जिस तरफ स्थिति बनी वह भी अहम कारण रहा है। टिकट बंटवारे को लेकर भी सवाल उठे। ठाकुरो की नाराजगी वाला मुद्दा भी अहम रहा। आंतरिक तौर पर जिस तरह विपक्ष के नेताओं को चुनाव के दौरान जाँच एजेंसियों का इस्तेमाल किया गया वह भी अहम है। यूपी में योगी और अमितशाह के रिश्ते को लेकर भी पार्टी की आंतरिक लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। कई नेताओं के टिकट कटने से भी इसका प्रभाव पड़ा। दूसरी बात यह बात बराबर मीडिया में चर्चा रहीं की मोदी और अमितशाह के आगे किसी की नहीं लगती है।

भाजपा कुछ भी कहे लेकिन आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी से बिल्कुल परेशान है। युवाओं ने इस बार इण्डिया को जमकर वोट किया। क्योंकि यूपी आज तक कोई ?सी परीक्षा नहीं हुई जिसका पेपर लीक न हुआ हो। यूपी में काफी संख्या में सरकारी पद खाली पड़े हैं। जिसकी वजह से आम आदमी परेशान है। पीएम मोदी ने अपने चुनावी भाषण में सिर्फ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का उपहास उड़ाते रहे। रोजगार और अग्निवीर योजना के प्रति गुस्सा चुनावों में साफ दिखता है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई लोकसभा सीटें मुस्लिम बाहुल्य हैं। मुस्लिम आरक्षण को लेकर जिस तरह पीएम कांग्रेस पर हमलावर हुए उससे मुस्लिम वोट सीधे इण्डिया गठबंधन की तरफ मुड़ गया। इसके अलावा माफिया अतीक और अफजल अंसारी की मौत और बुलड़ोजर नीति ने भी बेड़ागर्त किया। तीन तलाक बिल से राहत महसूस करने वाली मुस्लिम महिलाएं भी अबकी बार भाजपा को वोट नहीं किया। मुस्लिम और यादव के साथ अन्य ओबीसी में गजब का ध्रुवीकरण देखा गया यह भजपा के लिए बड़ा सबक है। सिर्फ विपक्ष को जेल भेजकर देश नहीं चल सकता है इसके लिए नीति बदलनी होगी। आईटी सेल की भाषा भी बदलनी होगी। सबका साथ सबका विकास भाषण के साथ जमीन पर उतरना होगा। फिलहाल यूपी में योगी भूमिका अहम है केंद्रीय नेतृत्व उन्हें किनारे कर सफल नहीं हो सकता है। योगी सरकार और कानून व्यवस्था को लेकर खरे उतरे हैं। इस हार के तमाम अन्य कारण भी हैं।

पूर्वांचल में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। भाजपा - राजभर की जोड़ी कुछ नहीं कर पाई। अगर बहुजन समाज पार्टी खुद को सेफ पॉलटिक्स की राजनीति से अलग रहते हुए इंडिया गठबंधन का हिस्सा होती तो उत्तर प्रदेश में भाजपा की जमीन खत्म हो गई होती और बसपा का नया जीवन मिल जाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए बड़ा संदेश है। इस जनादेश से साबित हो गया है कि अब राजनीति दूसरी तरफ मुड़ रहीं है। जौनपुर में धनंजय सिंह के साथ जिस तरह का सियासी दाबाव बनाया गया उसका भी बुरा असर दिखा और भाजपा जौनपुर सीट हार गईं।

अगर भारतीय जनता पार्टी एनडीए गठबंधन के साथ सरकार बनाएगी लेकिन सरकार का भविष्य क्या होगा कहना मुश्किल है। भाजपा अब तक जो खुला खेल-खेल रही थी वह नहीं खेल पाएगी। उसकी उम्मीद पर पानी फिर गया है। वह खुद बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई। कहा जाता है उत्तर प्रदेश दिल्ली की राजनीति का रास्ता तय करता है उत्तर प्रदेश में ही भाजपा को आइना दिखा दिया। इसके पीछे खुद भाजपा संगठन की आंतरिक राजनीति रही है।

2024 का जनादेश कांग्रेस के लिए नया संदेश लेकर आई है। राहुल गांधी के विजन को कटघरे में खड़ा करने वाली भाजपा खुद कटघरे में खड़ी है। अब तक जितनी आक्रामकता से साल 2014 और 2019 में बहुमत पाकर सरकार चलती रही है हाल में वैसा कुछ नहीं कर पाएगी। सरकार वह भले बना ले, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाएगी। क्योंकि संसद में विपक्ष की अच्छी खासी तादाद होगी। भाजपा तमाम ऐसे बिल लाना चाहेगी लेकिन अब डगर मुश्किल हो गई है। क्योंकि अब बीजेपी को गठबंधन धर्म भी निभाना पड़ेगा।

भाजपा ने उड़ीसा और आंध्र में भले अच्छा खासा प्रदर्शन किया, लेकिन उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य उसके हाथ से निकल गया। उसका सियासी खेल बिगाड़ दिया है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह ममता बनर्जी के खिलाफ हिंदुत्व को लेकर उग्र राजनीति की गई उसका परिणाम सामने है। भाजपा ममता बनर्जी पर जितनी तीखी और हमलावर हुई बंगाल में ममता की जमीन उतनी ही मजबूत हुई।फिलहाल यह चुनाव आम जनता ने लड़ा है अपने अधिकारों को लेकर लड़ा है। उसने बेरोजगारी, महंगाई और आरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर मतदान किया। भाजपा मोदी के चेहरे पर ही रह गई। फिलहाल जिस अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ और जो हिंदी पट्टी हिंदुत्व का गढ़ कही जाती है। भाजपा को विपक्ष ने पटकनी दिया। राहुल गाँधी एक नए अवतार में उभरी है। फिलहाल जनादेश पूरी तरह सम्मान किया जाना चाहिए। सरकार एनडीए बनाए या इंडिया उसमें आम आदमी के हितों का पूरी तरह ख्याल रखना चाहिए। बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और आम आदमी के अधिकार की बात होनी चाहिए। यह भाजपा और कांग्रेस के लिए बड़ा संदेश है।



## संपादकीय

### अप्रत्याशित जनादेश

आम चुनाव का जनादेश बेहद अप्रत्याशित रहा। बेशक भाजपा-एनडीए के पक्ष में स्पष्ट बहुमत लगता है, लेकिन भाजपा अपने बूते बहुमत के जादुई आंकड़े को छूती नहीं लगती। भाजपा अभी तक 243 सीटों पर विजयी रही है, जबकि मतगणना जारी थी। बहुमत के लिए कमोबेश 272 का आंकड़ा अपेक्षित है। दूसरी ओर कांग्रेस 97 सीटें जीती थी। यह आंकड़ा 2019 की 52 सीटों से लगभग दोगुना है। यह आलेख लिखने तक 'इंडिया' गठबंधन ने 228 सीटें जीत कर देश को चौंका दिया है। भाजपा को सबसे बड़ा झटका उप्र में लगा, जहां वह 70 से अधिक सीटें जीतने की रणनीति पर काम कर रही थी, लेकिन अब आंकड़ा 35 के करीब थमता लगता है। सपा और कांग्रेस 40 सीटों से भी आगे थीं। उप्र ने भाजपा की स्पष्ट जीत के तमाम समीकरण उलट दिए हैं। पार्टी नेतृत्व समझ ही नहीं पा रहा है कि आखिर उप्र में ऐसा झटका क्यों लगा? उप्र के अलावा पश्चिम बंगाल में 'दीदी' का करिश्मा एक बार फिर चला और भाजपा सबसे शानदार जीत हासिल करने में नाकाम रही है। ममता बनर्जी की पार्टी 'तृणमूल कांग्रेस' कुल 42 सीटों में से 32 सीट पर निर्णायक तौर पर आगे थी। राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों में भी, भाजपा के लिए, खूब उलटफेर हुए। तमिलनाडु और पंजाब में तो भाजपा 'शून्य' रही है। दक्षिण भारत की पहली उम्मीद केरल साबित होता लगता है, जहां भाजपा 2 सीटों पर आगे थी। अब की बार आंध्रप्रदेश, केरल में भाजपा का खाता खुलता लग रहा है। हालांकि तेलंगाना में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करती लग रही है, लेकिन कर्नाटक का प्रदर्शन वैसा नहीं रहा, जिसकी अपेक्षा थी। आंध्रप्रदेश में तेलुगूदेशम पार्टी-भाजपा गठबंधन को विधानसभा में प्रचंड बहुमत मिला है, लिहाजा नए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू होंगे। बेशक गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि राज्यों में भाजपा ने लगभग 'क्लीन स्वीप' किया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा पहली बार बहुमत हासिल करने में नाकाम रही है।

## लोकतंत्र की जीतः एनडीए की सरकार बनेगी, विपक्ष भी खुश

एग्जिट पोल एक बार फिर धराशायी हो गए पर ईवीएम जीत गई। लोकसभा चुनाव में एनडीए के 300 सीटें पार न करने पर इंडी गठबंधन बहुत खुश है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एनडीए की सीटें बहुत कम होने पर खुश होकर कहा कि लोकतंत्र जीत गया। विपक्ष गठबंधन भी अपने दावे के मुताबिक 295 तक का आंकड़ा नहीं छू पाया। अगर देखा जाए तो विपक्षी गठबंधन भाजपा को अकेले मिली 242 सीटों तक मिलकर नहीं पहुंच पाया। दक्षिण में भी एनडीए सबसे बड़े गठबंधन के रूप में उभरा है।

पिछले दो आम चुनाव में पूर्ण बहुत पाने वाली भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में करारा झटका लगा है। 370 पार का नारा देने वाली 242 तक ही रह गई। उत्तर प्रदेश में 2014 में 73 और 2019 में 64 सीटें जीतन वाला एनडीए इस बार केवल 36 पर सिमटता दिख रहा है। सपा और कांग्रेस 80 में से 18 सीटें जीत चुके हैं जबकि 26 सीटों पर निर्णायक बढ़त बनाए हुए हैं। मध्य प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल, असम, जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने अपनी जीत को बरकरार रखा। मध्य प्रदेश में भाजपा ने सभी 29 सीटों पर जीत हासिल की है। दिल्ली की सात, उत्तराखंड की पांच और हिमाचल की चार सीटों पर भी भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है। ओडिशा में भाजपा ने पहली बार 21 में से 19 सीटें जीती हैं। आंध्र प्रदेश और ओडिशा के विधानसभा



चुनावों में भी एनडीए ने परचम फहराया है। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में भाजपा 80 सीट जीत रही है। आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीतने के साथ तेलुगु देशम पार्टी विधानसभा में 130 से ज्यादा सीटें जीत रही है। अब इन दो राज्यों में एनडीए की सरकार होगी। बिहार ने भाजपा ने जदयू के साथ मिलकर विपक्ष के सभी दावों को धराशायी कर दिया है।

विपक्ष इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत हार बता रहा है। दस वर्ष केंद्र में मजबूती से सरकार चलाने वाले मोदी के नेतृत्व में एनडीए तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारी में हैं। देखा जाए तो दस वर्ष की सरकार के बाद तीसरी बार सरकार बनाने का मौका पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बाद अब मोदी को मिलेगा। भारतीय राजनीति के इतिहास में मोदी की यह बड़ी जीत है, क्योंकि तीन दर्जन से ज्यादा विपक्षी दल मिलकर चुनाव लड़ने के बावजूद एनडीए को सत्ता से बाहर नहीं कर पाए। हां इतना जरूर है कि पिछले चुनाव में 55 सीटें जीतने वाली कांग्रेस इस बार 100 तक पहुंच गई है।

भाजपा ने इस बार 112 सीटों पर दूसरों दलों से आए नेताओं को उम्मीदवार बनाया था। इस बार जनता ने दलबदलू नेताओं को नकार दिया है। भाजपा में आए कई दलबदलू नेताओं को जनता ने चुनाव में हरा दिया है। चुनाव से पहले एक दर्जन से ज्यादा कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए थे। इनमें से कुछ नेता ही चुनाव जीत पाए हैं। हरियाणा में भाजपा को पांच सीटों का नुकसान हुआ है। हरियाणा में सरकार में नेतृत्व परिवर्तन के कारण उपजी नाराजगी का भाजपा को भारी नुकसान हुआ है। 2019 में सभी दस सीटें जीतने वाली भाजपा हरियाणा में इस बार पांच सीट ही जीत पाई। इसी तरह राजस्थान में पिछले चुनाव में 25 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार 14 सीट ही जीत पाई है। सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को उत्तर प्रदेश में हुआ है। इसकी एक बड़ी वजह भाजपा कार्यकताओं की नाराजगी मानी जा रही है। एक कहा जा रहा है कि योगी सरकार के प्रशासन-पुलिस की भूमिका के कारण जनता में नाराजगी बढ़ रही थी। भाजपा नेताओं की जनता से दूरी बढ़ने के कारण इस बार लोकसभा सीटें बहुत कम हो गई। उत्तर प्रदेश में जनता ने मोदी सरकार के कई मंत्रियों को हरा दिया है।

**(रास बिहारी, लेखक वरिष्ठ पत्रकार और नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के अध्यक्ष हैं)**


## चिंतन-मनन

### दया, प्रेम, करुणा हमारी मूल प्रवृत्तियां हैं

मनुष्य-जीवन नाना प्रकार के प्रपंचों और प्रवृत्तियों का पुंज है। हम सब में अनेक भाव-कुभाव प्रत्येक पल मन-हृदय से टकराते रहते हैं। हमारा जीवन इन्हीं अच्छाइयों-बुराइयों के बीच व्यतीत होता रहता है। प्रेम और घृणा, उपकार और अपकार भी हमारे जीवन के अनिवार्य अंश हैं। जीवन में उपकार की प्रवृत्ति का अत्यंत महत्व है। दया, प्रेम, करुणा हमारी मूल प्रवृत्तियां हैं।

इन्हीं से उपकार की भावना जाग्रत होती है। उपकार से व्यक्ति श्रेष्ठ बनता है। किसी आपदा में पड़े व्यक्ति का आप उपकार करके देखें। उसका तो कल्याण होगा ही, किंतु इससे आपका मन प्रसन्नता से भर जाएगा। आपका रोम-रोम प्रफुल्लित हो उठेगा और आपके अंग-अंग में सैकड़ों सुमन खिलकर मुस्कराने लगेंगे। 1निःस्वार्थ उपकार में मिला सुख आपके जीवन को सार्थक कर देगा। कभी-कभी आप हम देखते हैं कि अचानक संकट की घड़ी में जब केवल भगवान का सहारा होता है, तब कोई आकर आपकी ऐसी सहायता कर देता है जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होती। सहायता करने वाला व्यक्ति मात्र भगवत् प्रेरणा के चलते ही अयाचित उपकार करके आपको चकित कर देता है, किंतु ऐसा करके उसे जो संतुष्टि मिलती है वही उसका समुचित पुरस्कार है। सच्चे मन और बिना किसी लालच के किया गया उपकार श्रेष्ठ माना गया है। इस उपकार के बदले में किसी प्रकार के प्रतिउपकार से आप यदि ऐसा कुछ करते हैं तो उसे श्रेष्ठता की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। हमारे यहां संतों ने कहा है कि यदि कोई आपका अपकार भी करे तो भी आप उसका उपकार ही करें। अपकार की भावना में हिंसा की अभिव्यक्ति होती है और उपकार में प्रेम और त्याग की। यह प्रेम आपको ईश्वरीय पथ की ओर ले जाता है और अपकार की भावना से मन में प्रतिशोध उत्पन्न होता है जो पतन का परिचायक है। यह हमें ईश्वर से विमुख करता है। उपकार की सहज प्रवृत्ति सब में कुछ न कुछ अंश में होती है। यह साधु-पुरुषों की संगति से बढ़ती है। यदि हम किसी का उपकार करते हैं तो यह मानव-जीवन की बड़ी उपलब्धि है। किसी के दुख में सहायक बनकर आप उससे जो आशीर्वाद प्राप्त करते हैं वह आपके दोनों लोकों को संवारता है। यह जीवन क्षण भंगुर है। इसमें आप यदि अपने सामर्थ्य के अनुसार किसी व्यथित व्यक्ति की सहायता करके उसे उबार लेते हैं तो इसका फल ईश्वर की ओर से आपको अवश्य मिलेगा।

## पति की लंबी आयु के लिए पत्नी करती है वट वृक्ष पूजा



डॉ श्रीगोपाल नारसन



कहते है एक बार सावित्री ने अपने पति के प्राणों की रक्षा यमराज से की थी।उसी घटना की याद को ताजा कर पत्नियां अपने पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देती है।

वट अमावस्या का पर्व ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व पर सुहागिन स्त्रियां वट वृक्ष की पूजा करती हैं और अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।इसे वट सावित्री व्रत भी कहते ,सौभाग्य प्राप्ति का यह एक महत्वपूर्ण त्यौहार माना जाता है।वटवृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु तथा अग्रभाग में शिव का वास माना जाता है। वट वृक्ष को देव वृक्ष भी कहा गया है।कहते है कि देवी सावित्री भी इस वृक्ष में निवास करती हैं।इतिहास साक्षी है, वटवृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पति सत्यवान को अपनी तपस्या के बल पर पुनः जीवित किया था। तब से यह व्रत ह्यवट सावित्रीह्न के नाम से जाना जाता है।इस दिन विवाहित स्त्रियां अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए वटवृक्ष की पूजा करती हैं। वृक्ष की परिक्रमा करते समय इस पर 108 बार कच्चा सूत लपेटा जाता है और महिलाएं सावित्री-सत्यवान की कथा सुनती हैं।सावित्री की कथा सुनने से कहते है ,सुहागिनों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं और पति के सारे संकट दूर होते हैं। एक कथा के अनुसार सावित्री, मद्रदेश में अश्वपति नाम के राजा की बेटी थी।विवाह योग्य होने पर सावित्री को वर खोजने के लिए कहा गया तो उसने द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान का को पसंद किया।यह बात जब नारद जी को पता चली तो वे राजा अश्वपति से बोले कि सत्यवान अल्पायु हैं और एक वर्ष बाद ही उसकी मृत्यु हो जाएगी। यह सच्चाई जानकर भी सावित्री सत्यवान से ही विवाह के लिए अड़ी रही। सावित्री के सत्यवान से विवाह के पश्चात सावित्री सास-ससुर और पति की सेवा में जुट गई। नारद जी ने मृत्यु का जो दिन बताया था, उस दिन सावित्री भी सत्यवान के साथ वन में चली गई।वन में सत्यवान जैसे ही पेड़ पर चढ़ने लगा, उसके सिर में असहनीय दर्द शुरू हो गया।वह सावित्री की गोद में अपना सिर रखकर लेट गया। कुछ देर बाद सावित्री ने देखा यमराज अनेक दूतों के साथ वहां पहुंचे और वे सत्यवान के प्राणों को लेकर दक्षिण दिशा की ओर चल दिए।

सावित्री को अपने पीछे आते हुए देख कर यमराज ने कहा, हे पतिपरायणे! जहां तक मनुष्य साथ दे सकता है, तुमने अपने पति का साथ दे दिया।अब तुम लौट जाओ।सावित्री ने कहा, जहां तक मेरे पति जाएंगे, वहां तक मुझे जाना चाहिए। यह मेरा पत्नि धर्म है। यमराज ने सावित्री की धर्मपरायण वाणी सुनकर वर मांगने को कहा।सावित्री ने कहा, मेरे सास-ससुर अंधे हैं, उन्हें नेत्र-ज्योति दें।

यमराज ने ह्यतथास्तुह्न कहकर उसे लौट जाने को कहा, किंतु सावित्री उसी प्रकार यमराज के पीछे चलती रही। यमराज ने उससे पुनः वर मांगने को कहा, सावित्री ने वर मांगा, मेरे ससुर का खोया हुआ राज्य उन्हें वापस मिल जाए। यमराज ने ह्यतथास्तुह्न कहकर उसे फिर से लौट जाने को कहा, परंतु सावित्री नहीं मानी। सावित्री की पति भक्ति व निष्ठा देखकर यमराज भावुक हो गए। उन्होंने एक और वर मांगने के लिए कहा, तब सावित्री ने वर मांगा, मैं सत्यवान के पुत्रों की मां बनना चाहती हूं।कृपा कर आप मुझे यह वरदान दें।

सावित्री की पति-भक्ति से प्रसन्न हो, इस अंतिम वरदान को देते हुए यमराज ने सत्यवान को पाश से मुक्त कर दिया और चले गए।सावित्री अब उसी वट वृक्ष के पास आई। वट वृक्ष के नीचे पड़े सत्यवान के मृत शरीर में जीव का संचार हुआ और वह उठकर बैठ गया। सत्यवान के माता-पिता की आंखें ठीक हो गईं और उन्हें उनका खोया हुआ राज्य वापस मिल गया।

सावित्री व्रत के दिन सूर्यग्रहण भी लग रहा है। हालांकि यह सूर्यग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इस कारण यहां पर इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा।इस पर्व को मनाने के लिए सुहागिन महिलाएं सुबह जल्दी उठें और स्नान करें। स्नान के बाद व्रत करने का संकल्प लें। शृंगार करें। इस दिन पीला सिंदूर लगाना शुभ माना जाता है। वट व्रक्ष के पास या वृक्ष की टहनी रखकर सावित्री-सत्यवान और यमराज की मूर्ति रखें। वट वृक्ष में जल डालकर उसमें पुष्प, अक्षत, फूल और मिठाई चढ़ाएं। वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद मांगें। वृक्ष की सात बार परिक्रमा करें। इसके बाद हाथ में काले चना लेकर इस व्रत का कथा सुनें। कथा सुनने के बाद पंडित जी को दान देना न भूलें। दान में आप वस्त्र, पैसे और चने दें। अगले दिन व्रत को तोड़ने से पहले बरगद के वृक्ष का कोपल खाकर उपवास समाप्त करें।इस पर्व का एक आशय जहां पति के प्रति समर्पण भाव है,वही वट वृक्ष की पूजा के रूप में पर्यावरण का संरक्षण करना भी है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)

## एक नजर

### फास्टफूड दुकान से अंग्रेजी शराब बरामद



**छतरपुर(पलामू) :** छतरपुर नगर क्षेत्र के छतरपुर- जपला रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के बगल से मंगलवार को भोला फास्टफूड सेंटर से छतरपुर पुलिस ने अंग्रेजी शराब की 59 बोतले बरामद की। छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि फास्टफूड सेंटर के फ्रिज में अलग-अलग कंपनियों के करीब 59 बोतल अवैध तरीके से रखे हुए थे। मामले पर कार्रवाई करते हुए मौके पर से प्रदीप कुमार, उम्र करीब 26 वर्ष, ग्राम खाटीन थाना छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं फास्टफूड सेंटर से अवैध माल को जप्त किया गया।

### डीएवी आईईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में पौधरोपण का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर (पलामू) :** डीएवी आई ई टी इंजीनियरिंग कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियो के समक्ष प्राचार्य प्रो संजीव श्रीवास्तव ने भूमंडलीय ऊष्मीकरण और जलवायु परिर्वतन विषय पर व्यापक रूप से चर्चा की। स्वच्छ पर्यावरण जागरुकता अभियान पर कार्यशाला का विमोचन किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने लोगो से आग्रह किया की वे महाविद्यालय और अपने घरों के आस पास ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करे और वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बरकरार रखे। कार्बन डाईऑक्साइड की अधिकता से हिमालय पर्वत का ग्लेशियर पिघलता जा रहा है और समुद्रतल स्तर बढ़ता चला जा रहा है, जो हमे विनाश की ओर ले जा रहा है। मृदाअपरदन में रोकथाम हेतु प्लास्टिक का काम से कम इस्तेमाल पर जोर दिया। इसके साथ ही साथ मृदा शक्ति में वृद्धि हेतु काम से कम रासायनिक उर्वरक के इस्तेमाल करने की सलाह दी। सभी लोगो से आग्रह किया की वे घर से जुट या कपड़े की थैली में सब्जी खरीदे। उन्होंने अपने कार्यालय के कर्मचारियों को कम से कम पेपर उपयोग करने की सलाह दी और डिजिटाइजेशन के द्वारा पेपरलेस कार्य करने को बढ़ावा दिया। कार्यशाला के उपरांत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कॉलेज के छात्रों, शिक्षको और कर्मचारियों के द्वारा कॉलेज के प्रांगण में पीपल, नीम और कदम के वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर कॉलेज के आई क्यू ए सी डायरेक्टर डॉ. आनंद प्रकाश, प्रो. रूप कमल, डॉ सुमित कुमार अग्रवाल, सभी शिक्षक गण और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर बिट्टू पाठक ने मनाया जन्मदिन

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में पलामू जिला के कांग्रेसियों ने जिला अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने मुबारकबाद दिए एवं केक काटकर जिला अध्यक्ष का जन्मदिन मनाएं । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कांग्रेस भवन के प्रांगण में फलदर वृक्ष लगाकर अपने जन्मदिन को यादगार बनाया और उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक कहा कि आज जिस प्रकार से मौसम का हाल है। इससे निजात पाने के लिए हम सभी को विशेष अवसरों पर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए और पर्यावरण में पेड़ पौधों का संख्या बढ़ इसके लिए अपने महत्वपूर्ण दिवसों को यादगार के रूप में बदलने के लिए पेड़ पौधा लगाना चाहिए।

# हत्या के चार दोषियों को उम्रकैद की सजा रास्ते की जमीन को लेकर हुआ था विवाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू):** पलामू की अदालत ने बुधवार को हत्या के चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनायी और जुमार्ना लगाया। रास्ते की जमीन को लेकर हुए विवाद में अजय राम पासी की हत्या कर दी गयी थी। वह मजदूरी का काम करता था। ये मामला वर्ष 2020 का है। अदालत ने इन्हें सुनायी आजीवन कारावास की सजा पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में हत्या के चार दोषियों को शंकर कुमार महराज की अदालत ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इनमें चैनपुर थाना क्षेत्र के गुरहा निवासी गुड्डूपासी, रामावतारपासी, महेश पासी और सुनीता देवी शामिल हैं। मजदूरी करने घर से निकले लेकिन वापस नहीं लौटे। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गुरहा निवासी विकास कुमार पासी ने चार लोगों के खिलाफ चैनपुर थाने में कांड संख्या (468/2020) 20 दिसंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें उसने कहा था कि रास्ते की जमीन को लेकर विवाद हुआ था। इसमें चारों ने उसके पिता को मार डाला था। पहले गाली-गलौज एवं झगड़ा हुआ था। 19 दिसंबर 2020 को उसके पिता अजय राम पासी मजदूरी का काम करने गए थे, लेकिन वह देर शाम तक वापस घर नहीं लौटे। विकास कुमार पासी एवं उसकी मां गीता देवी उन्हें खोजने के लिए निकले, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुत्र और पत्नी ने बांध पर देखा मृतक का शव। 20 दिसंबर 2020 की बात है। मृतक का पुत्र विकास कुमार पासी और उसकी पत्नी सुबह से ही अजय राम पासी को ढूंढ रहे थे। इसी क्रम में डुमरिया बांध पर पहुंचे तो उन्होंने अजय राम पासी का शव पड़ा देखा। ललाट पर चोट और गर्दन पर जख्म के निशान थे। टांगी से काटकर की गयी थी हत्या। बताया जाता है कि कुल्हाड़ी (टांगी) से काटकर अजय राम पासी की हत्या कर दी गयी थी। साक्ष्य छिपाने की नीयत से डुमरिया बांध के पास उसका शव फेंक दिया गया था। 302/34 के तहत उम्रकैद एवं साढ़े सात हजार रुपए जुमार्ना एवं 201/34 के तहत पांच साल की सजा व पांच-पांच हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया।

## चेकडैम में डूबने से हुई पांच वर्षीय बच्चे की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**छत्तरपुर(पलामू) :** छतरपुर थाना क्षेत्र के कऊवल पंचायत के बिहड़ टोला के रहने वाले मंजय कुमार यादव के पांच वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार की बगैया स्थित चेकडेम में डूबने से सोमवार को मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकुश के दादी अपने बहन के घर अपने पति रामचंद्र यादव के साथ गए थे, इसी क्रम में अंकुश उनके पीछे-पीछे चला गया जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। वहां जाने के क्रम में रास्ते में पड़ने वाले एक चेकडैम में बच्चों को नहाते देख अंकुश भी नहाने लगा। जिससे अंकुश की डूबने की वजह से उसकी मौत हो गई, वहीं एक अन्य लड़का भी पानी में डूबता जा रहा था जिसे सही समय पर स्थानीय लोगों के द्वारा बचा लिया गया। ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी छतरपुर पुलिस को देते हुए उसके परिजनों ने अपने निजी वाहन से बच्चे को अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छतरपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रेतर करवाई में जुट गई। साथ ही शव को अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया हैं। वही परिजनों ने कहा यह चेकडैम मौत का चेकडैम में तब्दील हो चुका है इसके पूर्व भी इस चेकडैम में कई बच्चो को डूबने की वजह से मौत हो चुकी है।

## वी बाजार के कारण सड़क पर जाम, जनता परेशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू) :** जपला मुख्य बाजार के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने वी बाजार के शुभारंभ होने से जहां सैकड़ों की तादाद में ग्राहक खरीदारी करने वी बाजार में जुट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर, उन ग्राहकों के वाहनों के सड़कों पर खड़ा करने से आम राहगीरों एवं अगल-बगल के दुकानदारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर जाम में फंसे लोगों ने बताया कि वी बाजार के शुभारंभ होने के कारण प्रतिदिन सड़कों पर 40-50 की संख्या में मोटरसाइकिल एवं अन्य गाड़ियां खड़ी रहती हैं, जिस कारण यहां हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है, वहीं फुटपाथ विक्रेताओं का कहना है कि आए दिन नगर पंचायत की तरफ से अतिक्रमण हटाने को लेकर हम लोगों को परेशान किया जाता है। वहीं इतने बड़े वी बाजार के शुभारंभ होने पर घंटों-घंटा मुख्य बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है, पर इस तरफ किसी भी नगर पंचायत कर्मी एवं पदाधिकारी का ध्यान तक नहीं है, यहां तक की एसडीओ पीयूष सिन्हा भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी नियम का डंडा केवल गरीब-गुरबों पर ही चलता है, बड़े लोगों के पास इनका कोई नियम-कानून नहीं चल पाता। अब ऐसे में देखना यह दिलचस्प होगा कि आए दिन जाम की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी एवं हुसैनाबादअनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा की क्या भूमिका रहती है?

## अपनी करनी से हारा राजद : भाकपा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह पलामू जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी जितेंद्र सिंह, उमेश सिंह चेरो, अभय कुमार भूइंया ने संयुक्त बयान प्रसारित कर कहा कि देश में हुए जनादेश का स्वागत करते हुए आम जनता को धन्यवाद दिया है एवं मोदी जैसे तानाशाही प्रधानमंत्री को सजने का काम किया है। पलामू जिला मैं इंडिया गठबंधन की ओर से राजद की उम्मीदवार ममता भूइंया को उम्मीदवार बनाया और लालू प्रसाद यादव के कहने पर सीपीआई के महासचिव ने भाकपा के उम्मीदवार को वापस लेने का निर्देश दिया और उसी के तहत अभय कुमार भूइंया ने अपना नामांकन वापस ले लिया परंतु राजद के उम्मीदवार या राजद का कोई नेता चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क अभियान नहीं किया। और नहीं सहयोगी पार्टियों से सहयोग लिया। यहां तक कि सहयोगी पार्टियों से बातचीत करना भी मुंनासिफ नहीं समझा जिस कारण भाजपा के उम्मीदवार इतना अधिक मतों से जीत गया। वहीं भाजपा में रह चुकी ममता भूइंया को रजत में शामिल कर पलामू संसदीय क्षेत्र भेजा गया परंतु आम जनता ने उसको स्वीकार नहीं किया और और भाजपा के पुराने उम्मीदवार को ही समर्थन दिया। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि भाकपापलामू जिला में व्याप्त जन समस्याओं और उसका निदान के लिए आम जनता के साथ हमेशा खड़ी रहेगी और आने वाला विधानसभा में डाल्टेनगंज से पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी निश्चित रूप से विधानसभा के उम्मीदवार होंगे।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में छह घंटे बिजली रही बाधित, मरीज परेशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू):** जेल गेट के पास ट्रांसफार्मर में आग लगने की वजह से आज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करीब 6 घंटे तक बिजली बाधित रही। जिसके वजह से अस्पताल में करीब 6 घंटे तक अंधेरा छाया रहा। मंगलवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टर रोहित पाण्डेय की ड्यूटीथी। उन्होंने अस्पताल में लाइट नहीं रहने के बाद भी मरीजों की सेवा को बाधित नहीं होने दिया। अस्पताल में अंधेरा होने पर उन्होंने अपने स्टाफ से बाहर के दुकान से मोमबत्ती मंगवा कर मरीजों का इलाज किया। वही बिजली बाधित होने के कारण अन्य वार्डों में दाखिल मरीज गर्मी के कारण परेशान होते रहे। गर्मी से राहत पाने के लिए काफी समय तक मरीज अस्पताल परिसर में बैठे रहे। लिफ्ट बंद रहने की वजह से कई गंभीर मरीजों को तो ऊपरी मंजिल से बड़ी मुश्किल से नीचे परिजनों ने लाया।

# पर्यावरण, प्रकृति व प्राण बचाना है तो अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाने की है जरूरत : कौशल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**छतरपुर (पलामू) :** छतरपुर अनुमंडल के केरकी कला के वनों में विश्व पर्यावरण दिवस के 52 वां और वन राखी मूवमेंट के 48 वां स्थापना दिवस पर प्रकृति, पर्यावरण और प्राण बचाने के लिए वनों में प्रभात फेरी निकाला गया। जिसमें आसपास के करीब 20 गांव के हजारों पर्यावरण प्रेमी लोग शामिल थे। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल बतौर मुख्यातिथि ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पक्षियों के भोजन के लिए बरगद का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरणविद कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट से निजात पाने के लिए किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत है । क्योंकि वृक्ष खेती को आकालसुखाड़ का भय नहीं है। वृक्ष की खेती किसानों के लिए फिक्स्डडिपॉजिट की तरह काम आता है। इतना ही नहीं इससे जल संकट और ऑक्सीजन संकट भी उतपन्न नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जहां-जहां कटते हैं वन वहां वहां हुआ है बिनाश, कोरोना काल इसका गवाह है। दिल्ली और महाराष्ट्र में अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ का ही परिणाम है कि वहां बेकाबू गर्मी, जल संकट और प्रदूषण बेतहासा बढ़ा है। जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। वन राखी मूवमेंट के अगुआ कौशल किशोर ने वन बचाने वाले सभी 500 पर्यावरण प्रेमी महिलाओं एवं पुरुष को शॉल ओढ़ा कर मिठाइयां, के साथ फलदार पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद प्रतिनिधि सुभाष गुप्ता, डाली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि, सुचित कुमार जायसवाल, चराई मुखिया रविंद्र राम, छतरपुर के पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह, हरिराम, रामजी सिंह, कपिल देव सिंह, राजेश्वर विश्वकर्मा, कृष्ण प्रसाद, सत्येंद्रसिंह, बनारसी देवी बलराम सिंह ने वन राखी मूवमेंट से होने वाले वनों की सुरक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा पर अपना विचार व्यक्त किया। और कहा कि आज 40 वर्षों से केरकी कला में कौशल के द्वारा चलाया गया वनरखीमूवमेंट के कारण क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता आयी है यही कारण है कि इस क्षेत्र के हजारों एकड़ उजड़े वन आज सघन वन का रूप ले लिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष नागेश्वर सिंह ने की। जबकि संचालन गायक शिवनाथ सुरीला ने किया। मौके पर वन राखी मूवमेंट के सदस्यों में सुमित जायसवाल, मनोज गुप्ता, श्याम बिहारी सिंह, श्याम देव विश्वकर्मा, जयराम विश्वकर्मा, विश्वनाथ भुईयां, लीलावती देवी अलावेपर्यावरणविद द्वारा कन्या पूजन में शामिल अनिता कुमारी, सुषमा कुमारी, निशा कुमारी, आरती कुमारी, सोनी कुमारी आदि उपस्थित थी।

## संक्षिप्त खबरें

### उम्मीद पर खरा उतरने की होगी पूरी कोशिश : वीडी राम



**पलामू :** 13 पलामू संसदीय सीट से चुनाव जीतने के बाद बीजेपी कैंडिडेट वीडी राम ने वोटरों एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया। डालटनगंज में अपने आवास पर बुधवार को पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए यह जनादेश मिला है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता और पार्टी नेताओं ने हर एक स्तर पर जीत सुनिश्चित करने के लिए उनका साथ दिया। उनका अभिनंदन करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण हम वोटरों का आभार जताते हैं, जिन्होंने तीसरी बार उन पर विश्वास जताया और अपार समर्थन दिया। एक बार फिर दुगनी एनर्जी से पलामू संसदीय क्षेत्र का विकास करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। सांसद ने कहा कि जिस आशा और उम्मीद से उन्हें मौका दिया गया है, उस पर वे खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि जिस उम्मीद से पलामू सहित पूरे देश में एनडीए पर भरोसा जताया गया है, उस पर प्रधानमंत्री हर हाल में खरा उतरने का प्रयास करेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश का अभूतपूर्व विकास करेंगे। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि वीडी राम ने झारखंड में सार्वधिक वोट से जीत हासिल कर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने में इनका सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि सांसद वीडी राम ने अपने दो टर्म के दौरान संसदीय क्षेत्र के मामले को प्रमुखता से सदन में उठाया और उसका रिजल्ट इस चुनाव में उन्हें मिला। मौके पर सांसद वीडी राम का पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर एवं फूलमाला पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया।

### हिंडालको मुरी में विश्व पर्यावरण सप्ताह धूमधाम से मनाया गया



**सिल्ली/मुरी :** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी में विश्व पर्यावरण सप्ताह बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 31 मई को श्री गणेश पूजन के साथ विश्व पर्यावरण दिवस का शुभारंभ किया गया। हिंडाल्को के ठेकेदार एवं कर्मचारियों ने मिलकर इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए पोस्टर, स्लोगन, कविता लेखन, वायो डायवर्सिटी फोटोग्राफी, स्टेप काउंट इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 2 जून को छोटे-छोटे बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता एवं महिलाओं के लिए पर्यावरण नाटक का आयोजन किया गया। संध्या में कॉलोनी के बच्चों द्वारा आर एम पी3 में वृक्षारोपण किया गया। 4 जून को कर्मचारियों के लिए प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही साथ बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभात फेरी साउथ प्लॉट कॉलोनी से जागरूकता अभियान निकालते हुए एलुमिना क्लब पहुंचे। तत्पश्चात झंडोंतोलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के बाद सभी को पर्यावरण सुरक्षा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई। अंत में हिंडाल्को के एमडी सतीश पाई के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों के बीच संदेश दिया गया एवं बच्चों के द्वारा एलुमिना क्लब में वृक्षारोपण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को फूल का पौधा एवं वर्मी कंपोस्ट खाद का वितरण किया गया।

### रुद्राक्ष यज्ञ के छठे दिन आवाहित देवताओं का हुआ पूजन



**सिल्ली/मुरी :** आम बगान लोदमु उत्तरी सिल्ली, राँची में चल रहे रूद्र महायज्ञ के षष्ठं दिवस पर काशी से पधारे वैदिक विद्वानो के द्वारा आवाहित देवताओं का पुजन, पाठ, हवन और आरती का कार्य संपन्न किया गया। संध्याकालीन सत्र में जगद्गुरु वनांचलधर्मपीठाधीश्वर स्वामी दीनदयालजी महाराज ने कहा कि सनातनधर्मी से बड़ा प्रकृति पुजक कोई नहीं है। हम पशुओं का देवस्वरुप में पुजन करते है। गाय को माता के रुप में, वृषभ को शिवजी के वाहन के रुप में, सिंह को दुगार्जी के वाहन के रुप में, गरूड़ को विष्णु के वाहन के रुप में, हंस का ब्रम्हा जी के वाहन के रुप में। यहाँ तक कि हम गदहे का भी पूजन करते हैं शीतला माता के वाहन के रुप में। हम वृक्षो का भी पुजन पीपल, बरगद, आँवला, शमी, तुलसी आदि का पुजन देवस्वरुप में करते हैं हम नदियों का भी माता के रुप में जैसे गंगा माँ, यमुना महारानी, नर्मदा महारानी देवस्वरुप में पुजन करते हैं। हम तो नाग को भी नागपंचमी के दिन दुध और लावा का भोग लगाते है तो हमसें बड़ा प्रकृतिपूजक कौन है? समाधी बाबा ने कहा कि राम ही केवल प्रेम प्यार। भगवान की प्राप्ति प्रेम से ही होती है। भक्त के वश में भगवान होते हैं। चित्रकुट से पधारी हुई रामलीला के द्वारा सीताहरण की दिब्य लीला का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया। इस महायज्ञ में नौ दिवसीय अखण्ड भंडारे का भी आयोजन किया गया है। समस्त यज्ञ समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण और क्षेत्रीय जनता इस महायज्ञ को सफल बनाने हेतु तन मन धन से लगे हुये हैं।

### एक्यूप्रेशर परिषद ने मनाया पर्यावरण दिवस



**अनगड़ा :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटी सिलवे रांची के द्वारा पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुरूआत एक्यूप्रेशर परिषद प्रदेश सचिव डॉ मधुसूदन पांडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्वर्गीय बृज बिहारी पांडे की पुण्यतिथि के उपलक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर वृक्षारोपण किया गया एवं टिहरी भात वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने कहा की एक्यूप्रेशर और पर्यावरण का बहुत ही गहरा नाता है । जैसे मिट्टी जल अग्नि और हवा पर्यावरण के लिए आवश्यक है। इस तरह शरीर को संतुलित करने के लिए इनका रहना आवश्यक है सभी ने शपथ ली के पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के समस्त स्टाफ मा एक्यूप्रेशर सेंटर के डॉक्टर ललिता कुमारी, डॉ प्रीति कुमारी, विजय लिंडा, जगन्नाथ महतो, अखिल पाठक, श्री राम बालक सिंह, भोलानाथ ठाकुर, अशोक कुमार पांडे, परी कुमारी, तारा कुमारी कार्यक्रम का संचालन नरेश महतो ने किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के वृक्ष जैसे पीपल बर नीम शरीफा अमरूद अशोक कर्नल शमी शूटिं के कई एक पौधे लगाए गए।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तालझारी के विभिन्न इलाकों में किया गया पौधरोपण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**तालझारी :** पर्यावरण दिवस के शुभअवसर पर बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लालमाटी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर वृंदावन, महाराजपुर उप स्वास्थ्य केंद्र सहित आसपास के पंचायत में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। सरस्वती शिशु विद्या लालमाटी विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया गया। वहीं वृन्दावन में सी एच ओ एस्थर हेंब्रम की अगवाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम मनाया गया। वहीं महाराजपुर में कल्याणी पंचायत की मुखिया संतोषनी मुर्मू और सी.एच.ओ. अरुणा किस्कू के द्वारा पीपल का वृक्ष और फूल का पौधा लगाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि पर्यावरण की शुद्धता के लिए पेड़ो को लगाना अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गया है। पेड़ो का अंधाधुन कटाई की जा रही है और पेड़ो का रोपण तेजी से नही किया जा रहा है। जिसके कारण मौसम का मार भी झेलना पड़ रहा है। गर्मी का प्रकोप इतना बढ़ गया है की लोगो के लिए ये असहनीय हो गया है।यदि ऐसा ही हाल रहा तो आने वाले दिन में लोग गर्मी को सह नही पाएगा और अत्यधिक मृत्यु इसके कारण होगा। इसलिए अभी से सुधार की आवश्यकता है। सभी लोगो को अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए। वहीं मौके पर लालमाटी पंचायत के मुखिया बबिता देवी, कल्याणी पंचायत के मुखिया मुखिया संतोष्णी मुर्मू, संतोष कुमार उपाध्याय, सोनेलाल ठाकुर, उत्तम मंडल, राजकिशोर दुबे, उज्जवल साहा, मिथिलेश यादव, पृथ्वी चांद टुडू, अनीता सिंह, वर्षा कुमारी, आकांक्षा भारती, सहिया साथी मेरी कर्मकार, एमपीडब्ल्यू वीरेंद्र ठाकुर, ए एन एम टेरेसा मुर्मू, सहिया पर्यवेक्षक, बीटीटी अवधेश कुमार ठाकुर, सी.एच.ओ. अरुणा किस्कू, एएनएम किशोरी सिन्हा, संगीता कुमारी, एमपीडब्ल्यू जाफर आलम, उपस्थित थे।



## एक नजर

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**साहिबगंज :** साहिबगंज रेलवे पश्चिम फाटक के आगे रसूलपुर दहला के पास बुधवार की सुबह करीब 7:00 बजे भागलपुर की ओर से आने वाली कटवा ट्रेन की चपेट में आने से एक 40 वर्षीय युवक की मौत मौके पर हो गई। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतक रसूलपुर दहला के रहने वाला रविंद्र पासवान उर्फ जुलूम पासवान (40) पिता स्वर्गीय शंकर पासवान था। मृतक का छोटा भाई रवि पासवान ने बताया कि वह रेलवे लाइन पार कर काम से जा रहा था, तभी भागलपुर की ओर से आने वाले कटवा ट्रेन से धक्का लग गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भाई ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। मिठाई दुकान में काम करता था। वही उसकी पत्नी बर्तन चौका का काम करती है। मृतक का तीन पुत्र है, पहला 10 वर्षीय, दूसरा 8 वर्षीय, तीसरा पुत्र 6 वर्षीय है। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन पुत्र छोड़ गया है। पत्नी और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही डॉक्टर विवेकानंद मंडल द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। नगर थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### शराब पर एमआरपी से अधिक की हो रही वसूली



**कोटालपोखर:** साहेबगंज जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र बाजार में शराब बिक्री में एमआरपी से अधिक वसूली एक बार फिर तेज है। हर दिन अवैध तरीके से शराब दुकानदार लाखों रुपयों की वसूली कर रहे हैं, यह समस्या हर दिन की है। अब शराब दुकानदारों ने उत्पाद विभाग को ठेंगा दिखाना शुरू कर दिया है। ये दुकानदार पूरे हक से अधिक रुपये मांगते हैं। उन्हें कार्रवाई का कोई भय नहीं। अगर कोई उन्हें एमआरपी से अधिक रुपये लेने से रोकने की कोशिश करता है, टोकता है तो दुकानदार उस ग्राहक से ऐसे व्यवहार करते हैं, जैसे उसने कोई जुर्म कर दिया हो। दुकानदार पूरे हक से 20 रुपये से लेकर 40 रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। शराब के शौकीन किसी तरह दुकानदार को उसकी मनमानी कीमत देकर शराब खरीद रहे हैं। आखिर अवैध वसूली होने पर एजेंसी वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। कर्मचारियों पर कार्रवाई के अलावा उस प्लेसमेंट एजेंसी के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए। कर्मचारी को जो आदेश है, उसका वे अनुपालन कर रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि एजेंसी के इशारे पर ही शराब बिक्री में एमआरपी से अधिक कीमत ली जा रही है। बीयर पर 20 रुपये अधिक कर रखा है।

### ट्रांसफॉर्मर बदलने से ग्रामीणों को मिली राहत

**चाईबासा :** बहरागोड़ा प्रखंड के भुतिया पंचायत अंतर्गत मागड़ोशोल गांव के बलरामडीह टोला में नया ट्रांसफॉर्मर लग गया है। अब ग्रामीणों को अंधकार और गर्मी से राहत मिलने लगी है। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण करीब एक माह से लोग परेशान थे। ट्रांसफॉर्मर जलने की जानकारी ग्रामीणों ने क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य फुलमनी मुर्मू को। जिला परिषद सदस्य ने संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराते हुए यथाशीघ्र नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का आग्रह किया था। इस पर विभाग ने पहल करते हुए बुधवार को जले हुए ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर नया ट्रांसफॉर्मर लगा दिया।

## गोड्डा में बच्चों ने रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** विश्व पर्यावरण दिवस पर अदाणी फाउंडेशन के सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम में मोतिया, डुमरिया, बक्सरा, पटवा आदि गांवों के 8 स्कूलों, 6 आंगनवाड़ी केंद्रों के 300 बच्चों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। गांवों में बच्चों ने रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पावर प्लांट से सटे गांवों में बच्चों ने फलदार पौधों (आम, अमरुद, जामुन, आंवला) का रोपण किया। साथ ही स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित पोस्टर बनाएं। विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेताओं समेत सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ भी दिलाई गई। अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के सभी वर्ग के लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने के साथ अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। उल्लेखनीय है कि इस साल अदाणी फाउंडेशन ने 50 हजार से अधिक फलदार पौधरोपण की घोषणा की है।

## पर्यावरण दिवस का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** प्रत्येक वर्ष 05 जून को पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में हमारा भूमि हमारा भविष्य थीम को लेकर सिद्धू कान्हू इनडोर स्टेडियम साहेबगंज में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, उपायुक्त हेमंत सती, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी संयुक्त रूप से दीप जलाकर पर्यावरण दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने अपने समबोधान में कहा की इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 05 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 05 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसके पश्चात से हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी को अनुरोध किया कि हम सब एक-एक वृक्ष अवश्य लगाए और पर्यावरण की रक्षा करें। उपायुक्त ने अपने पर्यावरण संदेश में कहा हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के पीछे एक थीम होता है। इस बार का थीम हमारा भूमि हमारा भविष्य है। साहेबगंज के लिए पौधा रोपण करना बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारा वातावरण साफ-सुथरा रखने में पेड़ों का विशेष महत्व है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे कम से कम अपने जन्मदिन पे एक पौधा जरुर लगाएं और पौधा लगाने के बाद उसकी देखरेख भी करें। कार्यक्रम के उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अन्य पदाधिकारी गण द्वारा संयुक्त रूप से वृक्ष रोपण किया।

## पर्यावरण दिवस पर नवभारत जागृति केंद्र एवं एसबीआई फाउंडेशन ने संगोष्ठी का किया आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** बिलासी टाउन स्थित नवभारत जागृति केंद्र एवं एसबीआई फाउंडेशन के सौजन्य से विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें पर्यावरण सुरक्षा एवं पृथ्वी की संरक्षण हेतु संगोष्ठी में चर्चा की गई, कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए केंद्र के प्रोग्राम प्रबंधक सुदर्शन पांडे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में आज वातावरण इतनी तेजी से बदल रहा है।जलवायु का स्तर भी गिरता जा रहा है।इसका एकमात्र कारण यह है कि पृथ्वी पर वृक्षों की कमी है और पृथ्वी का अगर संरक्षण करना है तो वृक्ष लगाएं और वृक्ष को लगाने के लिए उपस्थि लोगों को प्रेरित किया गया और वहीं एसबीआई फाउंडेशन व नव भारत जागृति केन्द्र के सौजन्य से झारखंड के देवघर ज़िला और बिहार के जमुई ज़िला में व्यापकरूप से प्रकृति की सुरक्षा एवम पृथ्वी का संरक्षण के साथ साथ वर्षा जल का संग्रहण भू जल का क्षरण मिट्टी का क्षरण रोकने हेतु एक बहुत बड़ा प्रयास किया जा रहा है।एसबीआई द्वारा संचालित प्रोग्राम के देवघर ज़िला के संयोजक साहब ने बताया की एसबीआई फाउंडेशन के द्वारा 25 तालाब का जीर्णोद्धार 170 कुप का मरम्मती और 6000 फलदार पौधों को लगाया गया है।इस योजना से 2500 किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावे भूजल संरक्षण पृथ्वी को हरा भरा बनाने एवं हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में पांच पौधा लगाने हेतु अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर दिनेश मौया ने बताया अस्पताल के डॉ एंथ्रोपन ने भी अपना विचार प्रकट किया कार्यक्रम में प्रशांत कुमार जुगल महतो प्रेम शंकर ठाकुर एवं शांतना बेरा आदि की विशेष भूमिका रही।

## भाविप की देवघर शाखा ने मनाया पर्यावरण दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**देवघर :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज भारत विकास परिषद देवघर शाखा ने पर्यावरण दिवस का आयोजन किया। दून पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिषद ने लगभग 50 महिलाओं के बीच जावा (अरहुल) फूल के पौधे का वितरण किया। परिषद के देवघर शाखा अध्यक्ष आलोक मल्लिक ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में हर घर में पेड़ पौधों का होना काफी जरूरी है। और इसलिए आज प्रतीकात्मक रूप से आप सबको जावा फूल का पौधा दिया जा रहा है जिसे आप अपने घरों में अवश्य लगावें। महिला एवं बाल विकास प्रकल्प की संयोजक कंचन शेखर ने उपस्थित महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण की जरूरत और इसमें समाज की जागरूकता और कर्तव्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण असंतुलन से आज पूरा विश्व प्रभावित हो रहा है और हमें विभिन्न विभीषिकाओं और आपदाओं को झेलना पड़ रहा है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम पर्यावरण अनुकूल अपने वातावरण को संरक्षित रखें और अपने घरों, बागों तथा खुले स्थानों पर फलदार पौधे, छायादार पौधे, फूलों के पौधे आदि अवश्य लगाएं। इस अवसर पर प्रीति कुमारी, संगठन सचिव एसपी भुईयां बिलास, किरण बरनवाल, आकांक्षा तथा अतिथि अंजनी कुमार सिंह मौजूद थे।

## महाविद्यालय में पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर साहिबगंज महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर एस आर आई रिजवी एवं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर प्राचार्य ने अतिथि बजरंगी प्रसाद यादव को अंग वस्त्र देकर सम्मान प्रदान किया तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं है ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़ पौधे, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ों सबको महत्व को समझें। समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि निरंतर बढ़ते हुए तापमान एवं गर्मी की तपिश को कम करने के लिए पौधा लगाना बहुत आवश्यक है। साहिबगंज महाविद्यालय परिसर में विभिन्न जगहों पर आम, महोगनी, जामुन, सरीफा, सागवान इत्यादि छायादार वृक्ष लगाए गए। छात्रावास के स्वयंसेवकों द्वारा न्यू आदिवासी कल्याण छात्रावास में भी वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को छायादार पेड़ भी वितरित किया गया जिससे वे अपने घरों के आसपास खाली जगह पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण कर सकें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कुमार प्रशांत भारती, बी.एड विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर डेविड यादव, इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दिनेश कुमार यादव, शिक्षा शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर नलिन विलोचन, एवं स्वयंसेवकों में सोनम, सुनिधि, पूजा, नेहा, प्रियांशी मुदित, राजा, रितेश, अविनाश, चंदन, न्यास, ललित, मनीष, सुनिधि वैष्णवी पूजा इत्यादि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य विभाग ने की मासिक समीक्षा बैठक



**बरहेट :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर हेमंत मुर्मू के अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, बीटीटी, अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। वही बैठक में नियमित टीकाकरण के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर हेमंत मुर्मू ने दिशा निर्देश देते हुए बताया कि सभी कर्मी अपने-अपने एच डबल्यू सी में मरीज को इलाज नियमित रूप से करेंगे,बैठक में बारी-बारी से समीक्षा की गई। इधर बैठक के पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। वहीं सभी कर्मियों को पर्यावरण की रक्षा को लेकर संकल्प दिलाए। वहीं मौके पर बीपीएम प्रियरंजन सिंह, डबल्यू एच ओ विकास शर्मा, के टी एस फ्रांसिस टुडू, बीटीटी केदारनाथ पंडित, सी एच ओ, चुन्नू , रोजमेरी सोरेन, प्रकाश, एएनएम अन्य मौजूद थे।

### सांसद विजय हांसदा की हैट्रिक पर कांग्रेसियों ने दी बधाई



**बरहरवा :** राजमहल लोकसभा से सांसद विजय कुमार हॉसदा की लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक हैट्रिक जीत पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बरकत खान के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने विजय हॉसदा के निजी आवास पर पहुंच कर बुके देकर एवं फूल माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सांसद विजय हॉसदा ने गर्मजोशी से सभी कांग्रेसी कार्यकताओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया तथा आभार जताया। साथ ही बरकत खान ने विजय हॉसदा से कहा कि शपथ ग्रहण के उपरांत अपने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निदान कराने का सफल प्रयास करे। वहीं मौके पर प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, प्रखण्ड अध्यक्ष रणजीत टुडू, जिला महासचिव भोला महतो, उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी अनन्त लाल भगत, जिला को-कॉर्डिनेटर सह प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, विशाल कुमार कुशवाहा, मसलू शेख, मोकिम शेख, सैदुल्लाह, आशिफ, जियाउल अंसारी, राहुल अंसारी, लोकनाथ घोष, चंदन घोष सहित दर्जनों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### भाजपा को ठुकराने के लिए राजमहल संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को बधाई : सीपीएम




**साहिबगंज :** सीपीआई की केंद्रीय चुनाव अभियान समिति राजमहल संसदीय क्षेत्र के सभी मतदाताओं को बधाई देते हुए सीपीआई (एम) को वोट देने वाले तमाम वोटरों का अभिनंदन किया है। इस संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने भाजपा की करारी हार सुनिश्चित करते हुए देश के संविधान और लोकतंत्र की हिफाजत के लिए चल रहे संघर्ष में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। इस चुनाव में सीपीएम को पिछली बार मिले मतों से ज्यादा वोट मिले हैं। सीपीआई (एम) को कुल 37 हजार 291 वोट मिले है।एक प्रमाणित तथ्य यह भी है की सीपीएम के धुंआधार राजनीतिक अभियान से ही भाजपा को पराजित करने में सफलता मिली है। सीपीआई (एम) इसी महिने चुनाव नतीजों की विस्तृत समीक्षा कर इस संसदीय क्षेत्र के चिन्हित ज्वलंत मुद्दों पर लगातार आंदोलन संगठित किए जाने की कार्ययोजना तय कर मैदान में उतरेगी। सीपीआई (एम) इस चुनाव में दिन-रात बिना थके मेहनत करने वाले अपने पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों को बधाई देती है कि उन्होंने कम साधन और अभाव में भी जबर्दस्त राजनीतिक प्रचार अभियान चलाकर लाल झंडे की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम किया है।

### व्यवहार न्यायालय साहेबगंज में पर्यावरण दिवस मनाया गया




**साहिबगंज :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, साहेबगंज -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार ने व्यवहार न्यायालय परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण को बचाने और जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीया शेखर कुमार व अन्य ने भी पौधा लगाया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी राजेश श्रीवास्तव, प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, चीफ एलएडीसी अरविन्द गोयल सहित न्यायालय कर्मी उपस्थित थे।

### फॉसिल्स पार्क के बगल में खुलेआम हो रहा बालू, गिट्टी, ईंट का अवैध धंधा



**मंडरो:** मिजाचौकी बोआरिजोर मुख्य सड़क पर मंडरो बाजार के करीब 100 से 200 मीटर की दूरी पर फॉसिल पार्क मोड़ के अगल बगल में दिन के उजाले में हो या रात के अंधेरे में सालो भर अवैध रूप से ईट भट्ठा का निर्माण, अवैध बालू, अवैध गिट्टी की बिक्री खुलेआम किया जाना स्थानीय प्रशासन पर एक चैलेंज हो चुका है, वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीचे से लेकर ऊपर सभी को हिस्सा मिल रहा है। नहीं तो 24 घंटे मुख्य सड़क के किनारे अवैध धंधा चलाना कोई छोटी बात नहीं है। अब देखना है इसपर जिला के वरीय अधिकारी द्वारा इस मामले को संज्ञान में लिया जाता है या नहीं।

# भागलपुर में दो शूटर समेत मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## आधा दर्जन बदमाशों ने की थी फायरिंग

**भागलपुर।** के सबौर थाना क्षेत्र के ग्लोबल हॉस्पिटल के समीप मुखिया पर हुए गोलीबारी मामले में पुलिस ने दो शूटर समेत मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पीयूष ने पांच लाख में शूटर को हायर किया था। पारिवारिक और आपसी विवाद में बदला लेने के लिए बिहपुर के हेरियो पंचायत के मुखिया सच्चिदानंद सिंह का हत्या करवाना चाहते थे। बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी आनंद कुमार, सिटी एसपी राज, सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी, विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी



जानकारी दी। एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि पीयूष कुमार और मुखिया सच्चिदानंद सिंह के बीच कई सालों से आपसी विवाद चल रहा था। जिसके लिए पीयूष ने पांच लाख में शूटर को हायर किया और मंगलवार की देर रात जब मुखिया घर वापस लौट रहे थे। तब वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने आगे बताया कि नवगछिया के हरिओम पंचायत के मुखिया सच्चिदानंद सिंह को अपराधियों द्वारा गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। इस संबंध में सबौर थाना में सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया था।

इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन घंटे के अंदर तीन अपराधकर्मियों को अवैध लौड़े हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शूटर की पहचान बेलदौर खगरिया निवासी प्रफुल्ल सिंह के पुत्र अंकित कुमार, सहरसा थाना क्षेत्र निवासी विदुर यादव के पुत्र संपत यादव शामिल है जबकि घटना के मुख्य मास्टरमाइंड सुरेंद्र सिंह के पुत्र पीयूष कुमार को पुलिस ने दबोचा है।

अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक पिस्टल 14 कारतूस एक खोखा बरामद किया है। हरिओम पंचायत के मुखिया सच्चिदानंद सिंह को मंगलवार की देर रात सबौर थाना क्षेत्र के ग्लोबल हॉस्पिटल के समीप आधा दर्जन बदमाशों ने 100 मीटर तक पीछा कर उन पर जमकर गोलीबारी की थी। घटना में एक गोली सच्चिदानंद सिंह के पेट में जा लगी, जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी के बाद सिटी एसपी सिटी डीएसपी समेत तीन थाने की पुलिस और खुद मौके पर एसएसपी एफएसएल की की टीम पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई थी पुलिस ने इस मामले में 3 घंटे के अंदर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

## सांसद राजीव प्रताप रूडी की फ्लाइट में बैठे ललन सिंह



**बिहार।** के सारण संसदीय क्षेत्र से मिली जीत के बाद बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूडी बुधवार को रिलेक्स मूड में दिखे। वे पटना से फ्लाइट लेकर दिल्ली पहुंचे। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। रूडी जब फ्लाइट के अंदर पहुंचे तो किसी ने पूछा आप जाइंट किलर साबित हुए हैं, आपने रोहिणी आचार्य को नहीं, लालू जी को हराया है। इसे किस रूप में ले रहे हैं? इस सवाल पर उन्होंने कहा कि जीत तो जीत होती है। मैं समझता हूं कि जरा ये फ्लाइट पहले टेक ऑफ कर जाए, लैंडिंग भी अच्छी करनी है। राजनीतिक टेक ऑफ अच्छा रहा है। आगे भी अच्छा रहेगा। फ्लाइट में मुंगेर से जेडीयू सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने मजाकिया अंदाज में पूछा- जल्दी दिल्ली पहुंचा दीजिएगा ना। बता दें, कि भाजपा नेता के साथ राजीव प्रताप रूडी ट्रेंड और स्किल्ड पायलट हैं। उनके पास कमर्शियल पायलट का लाइसेंस है। उन्होंने 2007 में फ्लोरिडा में विमान उड़ाने की ट्रेनिंग ली थी। इसके बाद से लगातार विमान उड़ाते रहे हैं। रूडी के पास विमान उड़ाने का लंबा एक्सपीरियंस है।

वे अब भी इंडिगो की फ्लाइट उड़ाते हैं। इंडिगो में वे बतौर ऑनरेरी पायलट अपनी सेवाएं देते हैं। रूडी ने फरवरी, 2015 में बेंगलुरु में हुए एयर शो में पहली बार फाइटर प्लेन उड़ाया था। उन्होंने 40 मिनट तक सुखोई विमान उड़ाया, वे उसमें को-पायलट थे।

## दरभंगा में शादी की फर्स्ट एनवर्सरी पर पति की मौत

**दरभंगा।** में शादी की पहली सालगिरह पर सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। वो आज सुबह अपनी पत्नी के लिए गिफ्ट खरीद कर बाजार से वापस घर आ रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक की पिकअप से टक्कर हो गई। हादसे में मौके पर ही युवक की मौत हो गई। दुर्घटना बिरौल-शिवनगरघाट मुख्य मार्ग पर सिसौनी नटबाबा स्थान के पास हुई। मृतक की पहचान जगदीशपुर कहुआ गांव के हरिराम महतो के पुत्र राम सुशील महतो उर्फ गोलू महतो (23) के रूप में की गई। गोलू की



मौत उसके घर से तीन किमी दूर हो गई। इधर हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची उसकी पत्नी पति का शव देख बेहोश हो गई। परिजन उसे उठाकर ऑटो की मदद से घर लेकर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप से टक्कर के बाद गोलू के सिर पर जोरदार चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। मौके पर जुटे लोगों ने उसकी जेब से मिले एक पहचान पत्र के आधार पर परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों के साथ ही गोलू की पत्नी भी घटनास्थल पर पहुंच गई। उसने जैसे ही पति का शव देखा, वो बेहोश हो गई। परिजन उसे गोद में उठाकर ऑटो तक ले गए। इधर, दुर्घटना के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। लोगों ने मुआवजे की मांग पर कुछ देर के लिए सड़क जाम भी कर दिया। वहीं, घटना की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। थानाध्यक्ष अमृतलाल बर्मन ने कहा मामले मृतक के पास पहचान पत्र मिला है। मृतक की दादी मानो देवी ने पुलिस को बताया कि गोलू शादी की सालगिरह का सामान खरीदने घर से निकला था। वहीं, दूसरी ओर प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बिरौल की ओर से एक पिकअप बिशनपुर की ओर जा रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी।

## बीजेपी के लिए फायदेमंद रहे नीतीश लालू का फॉमूर्ला भी हिट

**पटना।** यह बात ठीक है कि बिहार में एनडीए 30 सीटें जीता और इंडिया को सिर्फ 9 सीटें मिलीं। लेकिन इस चुनाव ने सबका, कमोबेश कुछ ने कुछ दरका दिया। कोई भी पार्टी या गठबंधन यह दावा नहीं कर सकता है कि उसके जनाधार या समीकरण के वोट साथ रहे, नहीं छितराए। वोट की टूट-फूट की कारगर मरम्मत करके ही अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव जीता जा सकेगा। अपने वोट को मजूबती से सीमेंटेड करने में जो जितना कामयाब होगा, उसका परचम उतना ही लहराएगा। लालू यादव इस चुनाव में कुशवाहा,भूमिहार और वैश्य को साधने में सफल रहे, लेकिन अपने माय समीकरण को पूरी तरह नहीं बचा पाए। चुनाव में सबसे ज्यादा



जात की चली। धर्म से भी ज्यादा। जात ही धर्म बन गई। इसे सबने निभाया। खुद से। मन से। लगभग सभी जात के लोगों ने अपनी जात के उम्मीदवारों को तवज्जो दी। ज्यादातर जगहों पर लोगों ने नेताओं, खासकर जातीय क्षत्रपों की बात नहीं मानी। बात मानी जाती, तो पूर्णिया में राजद की बीमा भारती तीसरे नंबर पर नहीं रहतीं और औरंगाबाद से भाजपा के सुशील कुमार सिंह नहीं हारते। बीमा को यादवों ने वोट नहीं दिया, तो कुशवाहा जमात ने सुशील की बजाए अभय कुशवाहा को पसंद किया। पिछले चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी एनडीए में नहीं थे। अबकी रहे। उपेंद्र हार गए। हालांकि, एनडीए के मौजूदा स्वरूप की आजमाइश कारगर रही। हां, उसे 9 सीटों का नुकसान हुआ। 5 भाजपा को। 4 जदयू को। लोजपा के सभी 5 उम्मीदवार जीते।

भाजपा का नीतीश कुमार के साथ होना बहुत फायदेमंद रहा। नीतीश के 12 में से 7 उम्मीदवार एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीते। सबसे बेहतर परफॉर्मेंस लोजपा का रहा। और अभय कुशवाहा (औरंगाबाद) की जीत में यह कामयाबी दिखी। ये जातियां एनडीए की वोटर रही हैं। अब एनडीए की बड़ी चुनौती हैं।

## मुजफ्फरपुर में पुजारी और सेवैत धरने पर बैठे अध्यक्ष ने दो पुरोहितों के एंट्री पर लगाया है रोक

**मुजफ्फरपुर।** में प्रसिद्ध बाबा गरीब नाथ मंदिर के पुजारी और सेवक पूजा-पाठ छोड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे गए हैं। गरीब नाथ मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव के खिलाफ पुजारी नाराज चल रहे हैं। बाबा गरीब नाथ मंदिर में बीते दिनों दो पुरोहितों पर धांधली का आरोप लगाते हुए मंदिर के अंदर में प्रवेश करने पर रोक लगा दिया है। इसके बाद एक पुरोहित को धमकी दिया जाने वाले ऑडियो वायरल होने के



बाद आज से बाबा गरीब नाथ मंदिर के सभी पुजारी, पुरोहित और सेवैत धरने पर बैठ गए और खुद को दैनिक कार्य से अलग कर लिया है और सभी लोग धरने पर बैठ गए हैं। इस दौरान सेवक हिमांशु पाठक ने कहा कि मंदिर के पुजारी एक बड़े अधिकारी के द्वारा दबाव बनाया था। इसको लेकर पुरोहित नाराज हैं। व्यवस्था ठीक करने के बजाय दो पंडितों को मंदिर के अंदर में प्रवेश पर रोक लगाया गया और एक को धमकी दी गई, जिसके बाद मंदिर का पुरोहित समाज असुरक्षित महसूस कर रहा है। इसको लेकर हमलोगों ने निर्णय लिया है कि अब इसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर अपना विरोध जता रहे हैं। वहीं अगर मांग पूरी नहीं हुई, तो अनिश्चित काल के लिए भूख हड़ताल करेंगे। जिसको लेकर हमने रउद्द पूर्वी अमित कुमार और अध्यक्ष को अवगत करा दिया गया है। न्यास के द्वारा दो पंडित को हटाया गया था, जिसको लेकर नाराजगी है। भक्तों के द्वारा अपने स्तर से पूजन कार्य और प्रवेश पर रोक नहीं है।

## पूर्णिया में झाड़ियों में फेंका मिला लड़की का शव



**पूर्णिया।** में झाड़ियों से 27 साल की एक लड़की का शव मिला है। लाश सदर थाना क्षेत्र के गुलाबबाग जीरोमाइल के समीप पुराना पेट्रोल पंप के झाड़ियों में मिला। रास्ते से होकर गुजर रहे कुछ लोगों की नजर शव पर पड़ी। कुछ ही देर में आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने लड़की के शव की शिनाख्त कर ली है, जिसकी पहचान सदर थाना क्षेत्र के दमका चौक राजभट्ट निवासी सहदेव भट्ट की बेटी रजनी कुमारी (27) के रूप में की गई है। मृतका की बहन ने बताया कि रजनी 1 साल से वो अपने परिवार को छोड़कर मिट्ठु नाम के लड़के के साथ रह रही थी। रजनी और मिट्ठु कुमार दोनों नशे के आदी थे। मृतका की बहन का आरोप है कि मिट्ठु उनकी बहन से धंधा करवाता था और फिर देर रात घर आता था। मिली कि रजनी की हत्या कर दी गई है। फिलहाल सदर थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री चखेंगे भागलपुर के जदालू आम का स्वाद




**भागलपुर।** राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित विशिष्ट लोगों को 18वीं बार सुल्तानगंज के महेशी का जदालू आम भेजा गया। पिछले साल जदालु आम की 2500 पेटियां तैयार पड़ी रह गई थी पर उसे केंद्र सरकार को नहीं भेजा जा सका था। नतीजा यह हुआ कि हजारों जदालु आम सड़ गए थे। इसके कारण किसानों को भी लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा था। इसकी वजह उस वक्त पैदा हुए केंद्र और बिहार सरकार के रिश्तों की कड़वाहट थी। वहीं, इस बार बुधवार को विक्रमशिला एक्सप्रेस की मदद से 22 सौ पैकेट जदालु आम बिहार भवन भेजा गया। पिछले साल भागलपुर के किसानों को जिला लेवल के अधिकारियों की ओर से 2500 पेटी भागलपुरी जदालु आम की खेप तैयार रखने को कहा गया था। इसमें 500 पेटी आम बिहार सरकार के मंत्रियों को और 2 हजार पेटी आम केंद्र के सभी मिनिस्ट्री को भेजा जाना था, लेकिन डिलीवरी से कुछ घंटे पहले अधिकारियों ने मना कर दिया। भागलपुर के जदालु आम को ऋकटैग भी मिला हुआ है। यह आम शुगर फ्री होता है, जिसे कोई भी डायबिटीज मरीज खा सकते हैं। यह अपने स्वाद और सुगंध के लिए मशहूर है। भारत के सबसे अच्छे किस्म के आमों में यह भी शामिल है। अपनी इसी खासियत के चलते पूरी दुनिया में यह आम प्रसिद्ध है। भागलपुरी जदालु आम दुनियाभर में भेजा जाता है। वर्ष 2007 से मैंगो मैन के नाम से प्रसिद्ध किसान अशोक चौधरी ने भागलपुर से जदालु आम दूसरे राज्यों और देशों में भेजने की शुरूआत की थी। मधुबन नर्सरी से सोमवार और मंगलवार को आम की पैकिंग की पूरी प्रक्रिया पूरी की गई थी। बुधवार को विक्रमशिला ट्रेन की मदद से आम, बिहार भवन भेजा गया। मंगलवार को अधिकारियों की निगरानी में आम की पैकेजिंग की गई थी। इसके बाद बुधवार को आम दिल्ली भेजा गया। जहां विशिष्ट लोग अंग की जदालू का स्वाद चखेंगे। सौ क्विंटल आम की तुड़ाई हुई थी, जिससे 2000 पैकेट बनाकर दिल्ली के लिए भेजा गया। नर्सरी के संचालक और मैंगो मैन के नाम से मशहूर अशोक चौधरी ने बताया कि 100 क्विंटल आम को 22 पैकेट में पैकिंग कर दिल्ली भेजा गया है। एक पेटी में 20 आम लगभग 5 किलो का था। अति विशिष्ट और विशिष्ट लोगों को अंग की सौगात भेजने की परंपरा वर्षों से रही है। 2000 पैकेट दिल्ली, 500 पैकेट आम पटना भेजे गए हैं। आम के पैकेट पर बिहार सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रेम भेंट लिखा हुआ है। दिल्ली भेजे जाने वाले आमों की पैकिंग अधिकारियों की निगरानी में की गई। अशोक चौधरी ने आगे बताया कि बीते 2007 से आम भेजने की परंपरा जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार सरकार की ओर से विशेष अतिथियों को आम भेंट करते हैं। दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य गणमान्य लोग आम का स्वाद लेते हैं। भागलपुर के जदालु आम को वर्ष 2018 में ज्योग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग मिला था। जदालू अनूठी सुगंध और स्वाद के लिए जाना जाता है, जिसके लिए भागलपुर की यह आम काफी प्रचलित है। यही वजह है कि बिहार सरकार ने ज्योग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग दिया। यहां से प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र बाबू से लेकर जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी समेत कई प्रधानमंत्री को यह आम भेजा जाता था, हालांकि बीच में बंद हो गई थी। इसके बाद 2007 से यह सिलसिला जारी है। मैंगो मैन अशोक चौधरी बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में इस बार 40% फसल की नुकसान हुई है। हालांकि, आम का पैदावार पिछले साल ठीक-ठाक था, लेकिन इस बार गिरावट हुई है। किसानों को नुकसान भी हुआ है। सबौर के किसान मुकेश बताते हैं कि मौसम में बदलाव होने की वजह से आम के फसल में नुकसान हुआ है।

### वैशाली में 100 से अधिक लीटर शराब जब्त वाहन की नंबर प्लेट बदल करता था तस्करी




**वैशाली।** के पातेपुर थाना क्षेत्र के 50 हजार रूपए के कुख्यात अपराधी व इनामी शराब तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। इसमें जिला आसूचना इकाई और जिले के अन्य थाना को शामिल कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आसूचना इकाई व महुआ थाना पुलिस ने मानवीय आसूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर 50 हजार का इनामी व कई कांडों में वांछित शराब तस्कर राहुल कुमार सिंह को पकड़ा है। इसके बाद पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि आज भी उसका शराब का खेप पातेपुर होते हुए आने वाला है। इस सूचना के सत्यापन के लिए तुरंत पातेपुर थानाध्यक्ष को उक्त गाड़ी को पकड़ने के लिए चेकिंग के लिए बोला गया। इस क्रम में मुर्गियाचक पर एक उजले रंग का वाहन आता दिखाई दिया। लेकिन, पुलिस चेकिंग देखकर यह गाड़ी का चालक गाड़ी लेकर भाग गया। इसके बाद उक्त गाड़ी की तलाशी ली गई, तो गाड़ी के डिक्की व सीट के नीचे छिपाकर रखा कुल 189 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया और उक्त वाहन को जब्त किया गया। इस संदर्भ में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2018 दर्ज कर संलिप्त शराब तस्कर राहुल कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इनके घर से चोरी का एक पिकअप बरामद किया गया है। अन्य शराब कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 50,000 रुपए के इनामी शराब कारोबारी व अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। इसे आवश्यक कार्रवाई करने के उपरांत जेल भेज दिया गया है।

## पटना में फिल्मी स्टाइल में मर्डर का वीडियो



**पटना।** में बीच सड़क हुए गैंगवार में मर्डर का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में बदमाश फिल्मी स्टाइल में हत्या की वारदात को अंजाम देते दिख रहे हैं। बदमाश दिनदहाड़े बीच सड़क पिस्टल निकाल कर दो युवकों का पीछे करते हुए फायरिंग करने लगते हैं। दोनों युवकों को गोली लगती है। राहुल ऊर्फ मंगल की इलाज के दौरान मौत हो जाती है और सूरज गोप अभी भी इलाजरत है। बताया जाता है रहा है कि बदमाश कुख्यात सूरज को मारने आए थे, लेकिन मौत राहुल की हो गई। घटना पटना सिटी के आलमगंज थाना इलाके की है। विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपी सूरज की हत्या की साजिश जेल में बंद दो कुख्यात के इशारे पर रची गई थी। गोलीबारी की घटना में बुरी तरह से जख्मी सूरज जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। चला गया था। संगत में वह गोलीबारी की घटना को शिकार हो गया। हमला हुआ है। परिजनों के साथ राजेश्वर हास्पिटल की इमरजेंसी में पहुंची। पत्नी के अनुसार उस समय सूरज होश में थे। घायल पति सूरज ने पत्नी को बताया कि जेल में बंद मोनू पटेल के भाई विक्की पटेल तथा सागर लाल के गुर्गो ने उस पर गोली चलाई है।

## 1952 के बाद औरंगाबाद में गैर राजपूत सांसद

**बिहार।** के मिनी चित्तौड़गढ़ का राजनीतिक किला ढह गया है। लालू यादव की पॉलिटिकल चाल ने यहां नया इतिहास रच दिया है। औरंगाबाद सीट से राजपूतों की जीत का सिलसिला लालू यादव ने ब्रेक कर दिया है। यहां एंटी इनकंबेंसी के बाद भी सिटिंग कैंडिडेट पर भरोसा जताना एनडीए के लिए घातक हो गया।औरंगाबाद को मिनी चित्तौड़गढ़ कहा जाता है। यहां भाजपा के सुशील कुमार सिंह और महागठबंधन से आरजेडी के अभय कुमार सिन्हा की सीधी टक्कर रही है। भाजपा ने सीटिंग सांसद सुशील कुमार सिंह को कैंडिडेट बनाया, जबकि लालू यादव ने इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग से पहले ही पार्टी से अभय कुमार सिन्हा को कैंडिडेट बना दिया था। वहां कांग्रेस से निखिल



कुमार के टिकट को लेकर चर्चा थी, लेकिन लालू ने पहले ही गेम कर दिया था। लालू के इस ट्रिक ने कमाल कर दिया और राजपूतों के गढ़ में अपना कैंडिडेट जीता दिया। पॉलिटिकल एक्सपर्ट लव कुमार कहते हैं कि औरंगाबाद को ऐसे ही मिनी चित्तौड़गढ़ नहीं कहा जाता है। यहां राजपूतों का वर्चस्व रहा है। साल 2014 लोकसभा चुनाव में मोदी की लहर थी। लहर के बीच इस सीट पर भाजपा का खाता खुला। यहां से भाजपा के टिकट पर सुशील कुमार सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी को हराया था। सुशील सिंह इससे पहले 2009 में जदयू के टिकट पर चुनाव लड़े और राजद के शकील अहमद खान को हराया था। इसके पहले जदयू ने 1999 और 2004 में सुशील कुमार सिंह को टिकट दिया, लेकिन वह दोनों बार हार गए थे। पॉलिटिकल एक्सपर्ट बताते हैं कि छोटे साहब के नाम से मशहूर सत्येंद्र नारायण सिंह का औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में दबदबा रहा है। पॉलिटिकल एक्सपर्ट प्रवीण बागी बताते हैं कि मिनी चित्तौड़गढ़ कहे जाने वाले औरंगाबाद ने बिहार को राजपूत सीएम दिया था। सत्येंद्र नारायण सिंह 11 मार्च 1989 से 6 दिसंबर 1989 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। इनके सीएम रहते 1989 में लोकसभा का चुनाव हुआ। कांग्रेस के टिकट पर इनकी बहू श्यामा सिंह मैदान में उतरीं, लेकिन जनता दल के रामनरेश सिंह से चुनाव हार गईं। सत्येंद्र 1991 में पहली बार चुनाव हार गए। जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ रहे राम नरेश सिंह ने उन्हें हराया। वे 1996 में एक बार फिर कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे, लेकिन हार गए। इस हार के बाद वह कभी चुनाव नहीं लड़े और 2006 में उनका निधन हो गया। साल 1952 में औरंगाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस के सत्येंद्र नरायण सिंह सांसद चुने गए। साल 1957 के लोकसभा चुनाव में फिर सत्येंद्र नारायण सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। वीरेंद्र कुमार सिंह को सांसद चुना गया। वहीं, 1998 के लोकसभा चुनाव में सुशील कुमार सिंह विजयी हुए और 1999 में यह सीट कांग्रेस के श्यामा सिंह के पास चली गई।



अगर हम यह कहें कि बनारस इतिहास, सभ्यता, मिथक और दंतकथाओं से भी पुराना है, तो यह गलत न होगा। वाराणसी को यह नाम यहां पर स्थित दो नदियों के कारण दिया गया, वरुण और असि।

# इतिहास से भी पुराना बनारस


यह कहना शायद मिथ्या होगी कि विश्व में ऐसा कोई हिन्दू है, जो कि उत्तरप्रदेश में गंगा नदी के पावन तट पर बसे काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी के बारे में नहीं जानता। वाराणसी के साथ ही साथ इसे बनारस और काशी के नाम से भी जाना जाता है, जो कि विश्व के प्राचीनतम नगरों में से एक है। अगर हम यह कहें कि बनारस इतिहास, सभ्यता, मिथक और दंतकथाओं से भी पुराना है, तो यह गलत न होगा। वाराणसी को यह नाम यहां पर स्थित दो नदियों के कारण दिया गया, वरुण और असि। यह दोनों नदियां काशी में गंगा में समाहित हो जाती है, जिस कारण से इसका नाम वाराणसी पड़ा। पुराणों के अनुसार काशी का निर्माण स्वयं भगवान शिव और देवी पार्वती के द्वारा किया गया था और इसीलिये इसे तीर्थों का तीर्थ समझा जाता है।

## कहां ठहरें

होटल ताज गंगेज़, होटल सिद्धार्थ, होटल गौतम ग्रैंड, होटल इंडिया, प्रीति गेस्ट हाउस, अम्बिका लॉज, होटल मोती महल

## कब जाएं

वैसे तो वाराणसी का मौसम हर समय सुहाना रहता है, लेकिन अगर आप वाराणसी जाना चाहते है, तो सबसे अच्छा समय सितंबर से मार्च को होगा, जब आप बारिश या गर्मी की समस्या के बिना आराम से पूरा नगर घूम सकते है।



## कैसे पहुंचें

**रेल द्वारा:** वाराणसी भारतीय रेलवे का एक मुख्य स्टेशन है। भारत के कई प्रमुख नगरों से वाराणसी के लिये सीधी ट्रेनें उपलब्ध रहती है। इसके अतिरिक्त वाराणसी से मात्र 16 किमी की दूरी पर स्थित मुगलसराय एक अन्य निकटतम प्रमुख स्टेशन है, जो कि भारत का सबसे बड़ा रेलवे यार्ड है।

**सड़क द्वारा:** वाराणसी एनएच 2, एनएच 7 और एनएच 29 के द्वारा भारत के सभी प्रमुख नगरों से जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेष के सभी निकटतम प्रमुख नगरों से बस सेवा भी उपलब्ध रहती है। इसके अतिरिक्त आप निजी वाहन का प्रयोग भी कर सकते हैं।

**वायुयान द्वारा:** बाबतपुर एयरपोर्ट वाराणसी का प्रमुख एयरपोर्ट है, जो कि वाराणसी से 18 किमी की दूरी पर स्थित है।




**बिड़ला मंदिर:** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के एक भाग के रूप में स्थित नए विश्वनाथ मंदिर को ही बिड़ला मंदिर कहते है। पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा योजनाबद्ध किये गये इस मंदिर का निर्माण भारत के अत्यंत प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने बिड़ला परिवार द्वारा करवाया गया था। इस मंदिर के द्वार हर धर्म के लोगों के लिये खुले हैं।

**कालभैरव मंदिर:** कालभैरव मंदिर मुख्य पोस्ट ऑफिस विश्वेश्वरगंज के पास स्थित एक प्राचीन मंदिर है। ऐसा कहा जाता है कि कालभैरव काशी के रखवाले हैं और उनकी आज्ञा के बिना कोई भी बनारस में ठहर नहीं सकता है। इसीलिये उन्हें वाराणसी का कोतवाल भी कहते हैं।

**सारनाथ:** वाराणसी से करीब 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित सारनाथ भगवान बुद्ध को समर्पित है। सारनाथ बौद्ध धर्म का धार्मिक केन्द्र और चार तीर्थों में से एक है। बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति के बाद भगवान बुद्ध ने सारनाथ में ही अपने पांच शिष्यों को अपने पहले उपदेश दिये थे। सारनाथ में प्रवेश करते ही सबसे पहला महत्वपूर्ण स्थान चौखंडी स्तूप स्थित है, जिसका निर्माण सम्राट अशोक द्वारा करवाया गया था। धमेक स्तूप भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्तूप है और इसी के पास स्थित मूलगंध कुटि विहार भी स्थित है, जो कि एक बौद्ध मंदिर है। इसके अतिरिक्त सारनाथ में अन्य कई बौद्ध मंदिर भी है, जैसे कि चीनी मंदिर, तिब्बती मंदिर, जापानी मंदिर आदि। सारनाथ संग्रहालय भी सारनाथ के प्राचीन इतिहास का एक झरोखा देखने के लिये एक अच्छा स्थान है।

**रामनगर:** वाराणसी से मात्र 14 किमी की दूरी पर रामनगर स्थित है, जो कि रामनगर किले के लिये प्रसिद्ध है। गंगा नदी के किनारे इस किले का निर्माण सन् 1750 में वाराणसी के राजा के द्वारा करवाया गया था, लेकिन यह आज अपने संग्रहालय के लिये प्रसिद्ध है, जिसमें विंटेज कार, शाही पालकी, तलवारें, बंदूकें आदि सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त भी वाराणसी में कई अन्य महत्वपूर्ण स्थान है, जैसे कि अन्नपूर्णा मंदिर, भारत कला भवन, काशी विद्यापीठ, दुर्गा मंदिर, जैन मंदिर आदि।

## क्यों देखें

**चौरासी घाट:** पवित्र गंगा नदी के तट को कुल चौरासी घाटों में विभाजित किया गया है, जिनमें स्नान करके शुद्ध होने के बाद ही श्रद्धालु काशी विश्वनाथ के दर्शन को जाते हैं। वैसे तो लगभग सभी घाटों का कोई न कोई ऐतिहासिक महत्व है, लेकिन कुछ घाट ऐसे भी है, जो कि धार्मिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैसे, काशी विश्वनाथ मंदिर के सबसे निकट स्थित दशाश्वमेध घाट के लिये माना जाता है कि यहां पर भगवान ब्रह्मा ने दस अश्वों की बलि दी थी। मणिकर्णिका घाट के लिये यह माना जाता है कि शिव के नृत्य करते समय यहीं पर उनके कान की मणि गिरी थी। हरिश्चन्द्र घाट के लिये यह किंवदंती है कि इस घाट पर स्थित श्मशान पर ही राजा हरिश्चन्द्र काम किया करते थे। काशी का सबसे पहला घाट अस्सि घाट है और सबसे आखिरी आदि केशव घाट जिसे वेदेश्वर घाट भी कहते हैं। गंगा दशहरा के दिन यहां एक शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है, जो कि अस्सि घाट से वेदेश्वर घाट तक जाती है।


**काशी विश्वनाथ:** बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ का मंदिर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में स्थित भगवान शिव के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर की प्राचीनता का अंदाजा लगाना तो आज भी संभव नहीं है क्योंकि इस मंदिर का वर्णन पुराणों में भी किया गया है। वैसे तो इस मंदिर को कई बार क्षतिग्रस्त किया गया और कई बार इसका पुनर्निर्माण भी करवाया गया, लेकिन वर्तमान मंदिर का निर्माण इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा सन् 1780 में करवाया गया था, जिसके बाद सन् 1835 में पंजाब के राजा महाराज रणजीत सिंह जी द्वारा इस मंदिर के गुंबदों पर करीब एक हजार किलोग्राम सोना लगवाया गया।



**संकटमोचन मंदिर:** काशी में असि नदी के किनारे रामभक्त हनुमान के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक संकटमोचन मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण गोस्वामी तुलसीदास के द्वारा करवाया गया था। हनुमान जी को संकटमोचन के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है सभी संकटों को हरने वाला। इस मंदिर को वानर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यहां पर कई मंदिर है, जिन्हें प्रसाद दिए बिना आपका मंदिर से बाहर जा पाना मुश्किल है।

**भारत माता मंदिर:** वाराणसी का भारत मंदिर भारत माता को समर्पित किया गया एक मंदिर है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कैंपस में स्थित इस मंदिर का निर्माण बाबू शिव प्रसाद गुप्ता जी के द्वारा करवाया गया था, जिसका उद्घाटन सन् 1936 में महात्मा गांधी के हाथों से हुआ था। इस मंदिर में संगमरमर का बना भारत का एक नक्काशीदार मानचित्र है।

**तुलसी मानस मंदिर:** तुलसी मानस मंदिर का निर्माण वाराणसी के नागरिकों द्वारा किया गया था। यह मंदिर मूलरूप से भगवान राम और उनके जीवनचरित्र को समर्पित है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण उसी स्थान पर करवाया गया है, जहां पर गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की थी। इस मंदिर में एक रामचरितमानस का वर्णन करती हुई एक विद्युत प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाता है।



# नीदरलैंड ने नेपाल को आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट मुकाबले में हराया





**न्यूयार्क (एजेंसी)।** डलास (ईएमएस)। टिम प्रिंगल और लोगन वैन बीक की शानदार गेंदबाजी और मैक्स ओ'डाउड के अर्धशतक की सहायता से ही नीदरलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट के अपने पहले ही मुकाबले में नेपाल को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में नेपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में ही 106 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को नीदरलैंड की टीम ने 19.4 ओवर में ही चार विकेट खोकर 109 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में ओ'डाउड ने अपनी नाबाद पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। वहीं नेपाल की ओर से सोमपाल कामी, दीपेंद्र सिंह ऐरी और अविनाश बोहरा ने एक-एक विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच प्रिंगल ने 20 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं वैन बीक ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि पॉल वैन मीकरेन और बास डलीडे को दो-दो विकेट मिले।

इस मैच में नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के टॉस जीतकर नेपाल को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित किया और नेपाल की पारी को ध्वस्त कर दिया। नेपाल की ओर से कप्तान रोहित पौडेल ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। उन्होंने 37 गेंद की पारी में पांच चौके लगाए जबकि निचले क्रम में करण केसी ने 17 और गुलशन झा ने 14 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। माइकल लेविट एक रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। वह सोमपाल का शिकार बने। ओ'डाउड और विक्रमजीत सिंह 22 ने इसके बाद बल्लेबाजी की कमान संभाली।

ओ'डाउड को इसके बाद साइब्रेंड एंगलब्रेक्त 14 का अच्छा साथ मिला। ओ'डाउड ने 47 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद डलीडे ने इसी ओवर में चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी।

## नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन से हटे, इस वजह से लिया फैसला




**पेरिस (एजेंसी)।** दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी और गत फ्रेंच ओपन चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने घुटने की चोट के कारण मंगलवार को क्वार्टरफाइनल से पहले टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया।

साइबेरिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे रोलैंड गैरोस से हटना पड़ रहा है, मैंने कल के मैच में पूरे दिल से खेला और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और दुर्भाग्य से, मेरे दाहिने घुटने में एक मेनिस्कस टियर के कारण मेरी टीम और मैंने सावधानीपूर्वक विचार किया, जिसके बाद एक कठिन निर्णय लेना पड़ा।'

उन्होंने कहा, 'मैं इस सप्ताह फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और अपने प्रशंसकों को उनके प्यार और निरंतर समर्थन के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं।' उल्लेखनीय है कि नोवाक जोकोविच को सोमवार को हुए मुकाबले में अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के साथ हुए मैच के दौरान उन्हें घुटने में चोट लग गई थी।

## अश्विन की आत्मकथा का विमोचन 10 जून को, क्रिकेट स्टार बनने से पहले के जीवन की भी मिलेगी जानकारी



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के अनुसार अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आत्मकथा का विमोचन इसी माह 10 जून को होगा। सिद्धार्थ मोंगा के साथ इस अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई 'आई हैव द स्ट्रीट्स- ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी क्रिकेट स्टार बनने से पहले अश्विन के जीवन का एक सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रण पेश करेगी।

अश्विन ने अपने एक बयान में कहा कि एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। इस पुस्तक के जरिये मुझे उम्मीद है कि कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटर प्रेरित होंगे। इस पुस्तक में उनकी बचपन की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके मध्यमवर्गीय परिवार के जबरदस्त समर्थन और चेन्नई में क्रिकेट के माहौल के बारे में बताया गया है।

अश्विन 300 टेस्ट विकेट तक सबसे जल्दी पहुंचे हैं। इस 37 वर्षीय क्रिकेटर के नाम 2 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब और एक चैंपियंस लीग टी20 ट्रॉफी भी है।

अश्विन को भारत के अब तक के सबसे शानदार ऑफ स्पिनरों में से एक माना जाता है। वह गेंद में कई विविधताएं पैदा करता है और गेंद को फ्लाइट कराता है, जिससे उसे स्पिन करने और बल्लेबाज पर डिप करने का अधिक मौका मिलता है। अपने सामान्य ऑफ-ब्रेक के अलावा, वह आर्म बॉल और कैरम बॉल भी फेंकते हैं, जो उन्हें विकेट दिलाता है। आईपीएल में वह अपनी लेग-ब्रेक और गुगली के लिए भी जाने गए।

## ब्रेथवेट की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी वेस्टइंडीज

**-15 सदस्यीय टीम में होल्डर की वापसी, युवा खिलाड़ी मिकाइल को मिला अवसर**




**सेंट जॉन्स (एजेंसी)।** क्रेग ब्रेथवेट की कप्तानी में वेस्टइंडीज की टीम इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली रिचर्ड्स-बॉथम टेस्ट सीरीज में उतरेगी। वहीं तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ टीम के उप-कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज बोर्ड ने इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस टीम में ऑलराउंडर जैसन होल्डर को भी शामिल किया गया है। टीम से कई खिलाड़ियों को बाहर करते हुए कुछ युवा खिलाड़ियों को इसमें जगह दी गयी है। इसी के तहत ही 23 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मिकाइल लुइस को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। लुइस ने लीवार्ड आइलैंड्स हरिकेंस के लिए अपने पहले प्रथम श्रेणी सत्र में 48.71 की औसत से 682 रन बनाए थे। अगर लुइस इंग्लैंड में वेस्टइंडीज के लिए डेब्यू करते हैं, तो वे टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले सेंट किट्स के पहले खिलाड़ी होंगे।

वहीं चोट के बाद वापसी कर रहे होल्डर के होने से टीम को बल्लेबाजी के साथ ही एक बेहतर गेंदबाज भी मिलता है। इसके अलावा रोच, सील्स और शमर जोसेफ भी इस टेस्ट टीम में शामिल हैं। इसके अलावा उभरते हुए तेज गेंदबाज ईसाई थोर्न भी टीम के साथ सीखने के लिए रहेंगे। थोर्न ने पहले प्रथम श्रेणी सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने अपने पहले आठ मैचों में 16.29 की औसत से 31 विकेट लिए थे। टीम टोनब्रिज स्कूल में प्रशिक्षण शिविर के लिए 23 जून को इंग्लैंड पहुंचेगी। उसके बाद 4 जुलाई से बकिंघम में 4 दिवसीय अभ्यास मैच खेला जाएगा।

मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, भविष्य को देखते हुए टीम को अनुभव और उभरती हुई प्रतिभाओं के साथ तैयार किया गया है। इंग्लैंड के हालातों को देखते हुए एक मजबूत टीम संयोजन तैयार किया गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है: क्रेग ब्रेथवेट (कप्तान), एलिक अथानाजे, जेसन होल्डर, जोशुआ डा सिल्वा (विकेटकीपर), केवम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, जाचरी मैक्कास्की, किर्क मैकेंजी, गुडाकेश मोती, केमार रोच, जेडन सील्स और केविन सिंक्लेयर।

## तीरंदाज दीपिका का लक्ष्य विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन रहेगा



नई दिल्ली। भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी 14 जून से तुर्की के अंताल्या में होने वाले विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन रहेगा। दीपिका इस अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों को बेहतर करने के लिए विदेश में ट्रेनिंग कर रही हैं। पिछले माह शंघाई में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद से ही दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल कर लिया गया था। विश्व क्वालीफाइंग में बेहतर प्रदर्शन कर दीपिका और अन्य भारतीय तीरंदाज पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का भी प्रयास करेंगे। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और आने-जाने का खर्च उठायेगा। वहीं मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिये भी वित्तीय सहायता को मंजूर कर लिया है। इसके अलावा प्रवीण जाधव को तीरंदाजी उपकरण खरीदने और निशानेबाज रेइजा ढिल्लों को भारत में 11 दिन तथा इटली में एक सप्ताह अभ्यास की भी अनुमति दे दी गयी है। ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के लिए विजन एंड आई ट्रेनिंग कोच की भी व्यवस्था की जाएगी। एथलीट एल्डोस पॉल और किशोर कुमार जेना और बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय को भी सभी प्रकार की सहायता दी जाएगी।

## भारतीय टीम में संतुलन की कमी : स्टाइरिस



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर स्कॉट स्टाइरिस ने कहा है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप में उतरी भारतीय टीम काफी बेहतर और प्रतिभाशाली है पर उसे जीत के लिए अपनी कमजोरियों को दूर करना पड़ेगा। स्टाइरिस के अनुसार भारतीय टीम में संतुलन की कमी है। स्टाइरिस ने टूर्नामेंट की अपनी पांच पसंदीदा टीमों की घोषणा करते हुए उनकी कमजोरियों को भी बताया है।

स्टाइरिस ने कहा, मुझे लगता है कि अगर वे सभी टीमें अपनी फॉर्म में आ जाती हैं तो किसी भी समय संभवत: चार या शायद पांच पसंदीदा टीमें जीत की दावेदार होंगी। दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन काफी अच्छा है। इसके अलावा भारतीय टीम भी प्रतिभाशाली है पर उसका क्षेत्ररक्षण ठीक नहीं है। टीम का संतुलन भी एक समस्या है। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि मुझे लगता है कि घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भी प्रबल दावेदार होंगी।

## यह सिर्फ मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं है: संन्यास की पूर्व संध्या पर बोले सुनील छेत्री



**चेन्नई (एजेंसी)।** कोलकाता - भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी।

फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'यह मेरे और मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं है। मैं इसे इस तरह से नहीं देखता हूं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं। यह आसान नहीं होने वाला है, लेकिन हम तैयार हैं। हमें जबरदस्त समर्थन मिलेगा।'

इस 39 साल के स्ट्राइकर ने अपने आगे की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'अगर हम कल जीतते हैं तो हम लगभग क्वालीफाई (तीसरे चरण के लिए) कर लेंगे। हमें घरेलू और विदेशी सरजमीं पर पांच-पांच मैच खेलने का मौका मिलेगा। मैं अच्छे सूट पहनूंगा और जहां भी टीम खेलेगी वहां मैच देखूंगा।' छेत्री ने कहा, 'मैं हर दिन टीम के खिलाड़ियों से बात करता हूं। मैं उन्हें इस सपने के बारे में बताता रहता हूं। मुकाबले से पहले लंबा शिविर मददगार होता है। आपके पास टीम की खामियों को दूर करने के लिए अधिक समय होता है।'

छेत्री से जब पूछा गया कि वह संन्यास के अपने फैसले पर फिर से विचार कर सकते हैं तो उन्होंने इसका ना में जवाब दिया। देश के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, 'नहीं सर, मेरे सूट तैयार हो गए हैं और अब मैं टीम के खिलाड़ियों के खेल का लुत्फ उठाउंगा। मैंने इसके बारे में बहुत सोचा है। मेरी 19 साल की यात्रा बहुत अच्छी रही। टीम जहां भी जाएगी, मैं एक प्रशंसक के तौर पर जाऊंगा और टीम का समर्थन करूंगा।'

इस मौके पर भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि उन्हें टीम की तैयारियों पर पूरा विश्वास है। स्टिमक ने कहा, 'हमें इन खिलाड़ियों का ख्याल रखना होगा। उनकी टीम में भी सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर नहीं है। हमें भी संदेश झिंगन की कमी खलेगी। उन्होंने कतर के खिलाफ पिछले मैच में अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया था।' भारतीय कोच ने कहा, 'मुझे हालांकि अपनी तैयारियों पर पूरा भरोसा है। यह फुटबॉल का खेल है और खिलाड़ियों को इसका लुत्फ उठाना चाहिये। नतीजा हमेशा भगवान के हाथ में होता है।'

## लालियानुआला चांगटे को छेत्री की जर्सी मिलने की उम्मीद




कोलकाता। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री के संन्यास के बाद लालियानुआला चांगटे को उनकी नौवें नंबर की जर्सी मिल सकती है। छेत्री 6 जून को सॉल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में अपना अंतिम मैच खेलेंगे। भारतीय टीम इस मैच के लिए कोलकाता पहुंच गई है। विंगर लालियानुआला चांगटे ने कहा, 'मेरा कद और खेल नौवें नंबर की जर्सी के अनुरुप है पर यह मिलती है या नहीं ये भगवान का फैसला होगा। साथ ही कहा कि अगर मुझे ये जर्सी मिलती है तो ये मेरे लिए एक उपलब्धि होगी।' चांगटे को 2023 में 'एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर' का अवार्ड मिला था। इस खिलाड़ी ने छेत्री के संन्यास पर कहा, 'हर कोई दुखी है पर उनकी उपलब्धियों को देखते हुए हम उनके लिए खुश भी हैं। उन्होंने देश के लिए जो किया है, उसे देखते हुए ड्रेसिंग रूम में हमें उनकी काफी कमी खलेगी.पर मैं उम्मीद करता हूं कि कोई जिम्मेदारी लेगा।' सुनील छेत्री ने भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल किए हैं और वह ये रिकार्ड बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। भारत के लिए अपने पदार्पण को याद करते हुए चांगटे ने कहा कि तब छेत्री ने उनका मनोबल बढ़ाया था। चांगटे ने कहा, 'जब मैं पहली बार जब मैं भारत के लिए खेला था तो उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि खेल का आनंद लो। उनके साथ खेलना सौभाग्य की बात है। मैं उनके साथ हर ट्रेनिंग सत्र को याद करता हूं।

## जो टीम दबाव का बेहतर तरीके से सामना करेगी, उसी को मिलेगी जीत: शाहिद अफरीदी

**-भारत-पाक मुकाबले को खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता बताया**


**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने भारत-पाक मुकाबले को खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता करार दिया है।इस पूर्व ऑलराउंडर के अनुसार दोनो में से जो टीम नौ जून को दबाव का बेहतर तरीके से सामना करेगी उसी को जीत मिलेगी। इससे पहले हुए टी20 विश्व कप में विराट कोहली की आक्रामक बल्लेबाजी से भारतीय टीम को जीत मिली थी। टी20 विश्व कप के एम्बेसडर अफरीदी ने कहा, 'मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना ??है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है। जब मैं उन मुकाबलों में खेलता था, तो मुझे भारतीय प्रशंसकों से बहुत प्यार और सम्मान मिलता था और यह दोनों टीमों के लिए बहुत अहम है।

साथ ही कहा, 'भारत के खिलाफ यह अवसर दबाव से निपटने के बारे में है। दोनों टीमों में बहुत प्रतिभा है, उन्हें बस उस दिन एकजुट होने की जरूरत है। इस मैच में और पूरे टूर्नामेंट में यही होगा। इस दौरान जो टीम अपना धैर्य बनाए रखेगी उसे ही जीत मिलेगी। अफरीदी ने कहा कि इस प्रारुप ये बताना बेहद कठिन है कि कौन जीत का प्रबल दावेदार रहेगा। इसका कारण ये है कि टी20 क्रिकेट बहुत अप्रत्याशित है और दौनो ही टीमों की बल्लेबाज में अब बहुत गहराई है। आपका आठवें नंबर पर आने वाला बल्लेबाज 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर मैच जीत सकता है। मुझे उम्मीद है कि इस बार पाक टीम जीतेगी हालांकि ये बताना बेहद कठिन है। उन्होंने माना कि इस टूर्नामेंट से पहले पाक टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। अफरीदी ने कहा, 'भले ही टीम के फॉर्म में निरंतरता की



कमी हो पर मेरा मानना है कि उनके पास वेस्टइंडीज और अमेरिका अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सभी चीजें हैं।

## आर्थिक संकट के कारण पेरिस पैरालंपिक खेलों की तैयारी नहीं कर पा रही पैरा निशानेबाज मोना



नई दिल्ली। पैरा निशानेबाजी विश्व कप में लगातार तीन स्वर्ण पदक विजेता मोना अग्रवाल आर्थिक संकट के कारण आगामी पेरिस पैरालंपिक खेलों की तैयारी भी नहीं कर पा रही। मोना के पास नई व्हीलचेयर खरीदने के लिए भी पर्याप्त रकम नही है। जरूरी धनराशि नही जुटा पा रही हैं जिससे उनकी पेरिस पैरालंपिक खेलों की तैयारी प्रभावित हो रही है। मोना पोलियो से ग्रस्त है और पैरा निशानेबाजी में 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) वर्ग में भाग लेती है। इस निशानेबाज ने मार्च में पैरा निशानेबाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत कर भारत को पैरालपिक खेलों के लिए नौवां और अतिम कोटा दिलाया था। मोना ने इसके बाद अप्रैल में कोरिया के चांगवोन में पैरा विश्व कप में एक और स्वर्ण पदक जीता था। प्रायोजकों से मिली पूरी धनराशि उन्होंने राइफल खरीदने और कोरिया में खेली गई प्रतियोगिता पर खर्च कर दी। जिसके कारण वह संकट में फंसी है। मोना को ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) में शामिल किए जाने की उम्मीद थी पर उन्हें शामिल नहीं किया गया जिससे उन्हें आर्थिक सहायता नहीं मिल पायी।

## भारतीय टीम टी20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचेगी: हरमनप्रीत

**ढाका (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है भारतीय टीम इस साल अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचेगी। साथ ही कहा कि भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें भी अंतिम चार में पहुंचेंगी। महिला टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में खेला जाएगा। हरमनप्रीत के अनुसार हाल के समय में उनकी टीम ने बांग्लादेश का दौर किया है और उस अनुभव का लाभ भी टीम को विश्वकप में मिलेगा। इसमें भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में शामिल किया गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड की टीमें हैं।

हरमनप्रीतम के अनुसार भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं क्योंकि इन सभी टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। हरमनप्रीत ने कहा, 'क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं इसलिए उम्मीद है कि ये चारों ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बांग्लादेश को 5-0 से हराया था। हरमनप्रीत ने एक समारोह के दौरान कहा, ''मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा जिसका मुकाबला करने के लिए हमारी टीम उत्साहित है क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया था। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, 'अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमारा मनोबल बढ़ेगा इसलिए मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित हूं। हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान बांग्लादेश टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की सीरीज में शानदार जीत से टीम बेहतर हुई है।



# नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए वैज्ञानिक आधार पर प्रभावी कार्य करें : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए वैज्ञानिक आधार पर तेजी से कार्य किये जाएं। फलदार और छायादार पौधे का अधिक रोपण किया जाए और न्याय पंचायत स्तर तक पौधरोपण अभियान चलाया जाए। वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए वनाग्नि संभावित क्षेत्रों में नमी संरक्षण की दिशा में विशेष ध्यान पर जोर दिया। मुख्यमंत्री धामी ने जल संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान-2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और जल संचय की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। इसके लिये सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक आधार पर जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए यूकॉस्ट, यूसर्क एवं जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए कार्य करने वाली अन्य संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाए। किसी भी अभियान को सफल बनाने में जन सहभागिता बहुत अहम होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 से 16 जून तक प्रदेशभर में जल उत्सव सप्ताह व्यापक स्तर पर मनाया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य करने वालों के साथ ही इस दिशा में जन भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन नदियों और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए अभी तक चिन्हित किया गया है, उनका बेसलाइन डाटा भी बनाया जाए। इनके पुनर्जीवीकरण के लिए लघुकालिक और दीर्घकालिक योजना के साथ कार्य किये जाएं। वर्षा जल संचय की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाई गई नीति का नियमानुसार पालन सुनिश्चित करवाया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वनाग्नि से संभावित क्षेत्रों में वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए ऐसे क्षेत्रों में नमी संरक्षण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए वन विभाग पूरी योजना बनाकर कार्य करे। जो जल स्रोत तेजी से सूख रहे हैं, उनके संरक्षण के लिए सुनियोजित तरीके से कार्ययोजना बनाकर कार्य किये जाएं। चाल-खाल और अमृत सरोवरों के निर्माण में और तेजी लाई जाए। शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण संचय और संरक्षण के लिए प्रभावी तरीके से कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आगामी हरेला पर्व से व्यापक स्तर पर पौधरोपण के लिए अभियान चलाने को कहा। यह अभियान एक माह तक चलाया जाए। फलदार और छायादार वृक्षों का अधिक रोपण किया जाए। पौधरोपण के साथ उनका संरक्षण सबसे अधिक जरूरी है, इनके संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल ने हेड रेस टनल की खुदाई का काम पूरा होने पर किया आखिरी विस्फोट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने नेपाल के संखुवासभा जिले में 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना की 11.8 किमी लंबी हेड रेस टनल के लिए खुदाई का काम पूरा होने पर आखिरी विस्फोट किया। अरुण-3 जलविद्युत परियोजना का क्रियान्वयन एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। इस दौरान नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री शक्ति बहादुर बस्नेत; नेपाल प्रांत एक के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र कार्की, नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव, एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुशील शर्मा,



नेपाल निवेश बोर्ड के सीईओ सुशील भट्ट, एसएपीडीसी के सीईओ अरुण धीमान, एसजेवीएन के कार्यकारी निदेशक राकेश सहगल, नेपाल सरकार और स्थानीय अधिकारियों के अन्य अधिकारी सुरंग सफलता समारोह में उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए नेपाल के प्रधानमंत्री ने 'प्रचंड' कहा कि यह सफलता हमें स्वच्छ, नवीकरणीय ऊर्जा प्रदान करने और क्षेत्र के सतत विकास में योगदान देने के लक्ष्य के करीब लाती है। उन्होंने चल रहे प्रयासों के लिए सराहना व्यक्त की और अरुण-3 जलविद्युत परियोजना को समय पर पूरा करने की सुविधा के लिए नेपाल सरकार की प्रतिबद्धता जताई। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेपाली समकक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' पिछले साल बिजली के आयात के लिए दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौते पर सहमत हुए थे। उन्होंने कहा कि निर्यातोन्मुख 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना का पूरा होना, इसके लिए एक बड़ा मील का पत्थर होगा। एसजेवीएन के सीएमडी सुशील शर्मा ने नेपाल के प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि हेड रेस टनल की सफलता 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना के निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि हेड रेस टनल का सफल समापन अरुण नदी की जलविद्युत क्षमता का उपयोग करने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीएमडी ने प्रधानमंत्री को परियोजना की प्रगति और संबंधित 217 किमी लंबी ट्रांसमिशन लाइन के बारे में जानकारी दी।

## मानसून में ग्रेटर निगम बांटेगा 5 लाख पौधे खुद लगाएगा 45 हजार

**जयपुर :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम ग्रेटर द्वारा मानसरोवर के वार्ड नंबर 81 स्थित दुर्गामाता पार्क शान्ति नगर एवं सीके बिरला अस्पताल के बाहर जीवीपी पॉइन्ट को हटाकर पौधारोपण किया गया। उपायुक्त स्वास्थ्य, उपायुक्त गैराज, उपायुक्त मानसरोवर जोन, उपायुक्त उद्यान रविन्द्र सिंह के द्वारा वार्ड नंबर 81 में अशोक, मोलश्री, नीम, शीशम, जेकरेण्डा, टिकोमा आदि के 458 छोटे-बड़े पौधे लगाए। स्थानीय विकास समितियों और स्थानीय निवासियों ने मौके पर ही पत्र लिखकर पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज ने बताया कि आमजन द्वारा इस प्रकार पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी लेना अपने आप में महत्वपूर्ण है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का क्लेम सेटलमेंट अनुपात 99.17% रहा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने वित्त वर्ष 2024 में 99.17% का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो हासिल किया है, जो कि इंडस्ट्री में सर्वश्रेष्ठ रेश्यो में से एक है। वैध मृत्यु दावे का निपटान करने के लिए कंपनी के पास केवल 1.27 दिन का औसत समय था, और 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मृत्यु दावों के लिए कंपनी कुल 1,867 करोड़ रुपये का भुगतान करने में सफल रही। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 97.94% था, वहीं दूसरी तिमाही के लिए यह 98.14% और तीसरी तिमाही के लिए यह 98.52% था। यह दर्शाता है कि सभी तिमाहियों में कंपनी के दावा निपटान में निरंतरता जारी है।

दावेदारों या नामांकित व्यक्तियों को सुविधा प्रदान करने के लिए,



आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ डिजिटल माध्यमों की पेशकश करता है, जिसमें व्हाट्सएप और कंपनी की मोबाइल ऐप शामिल है। इसकी सहायता से उपर्युक्त व्यक्ति बिना किसी परेशानी के दावा दायर कर सकते हैं और साथ ही उसे ट्रैक भी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी दावे से संबंधित दस्तावेजों को घर से प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान करती है। श्री अमीश बैंकर, चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर, ने कहा, जीवन बीमा परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में सहायता करता है। इसलिए हम चाहते हैं कि सभी वास्तविक दावों का जल्द से जल्द निपटान हो। वित्त वर्ष 2024 में, हमने 99.17% का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो हासिल किया, जो कि इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। सभी दस्तावेज प्राप्त करने के बाद, हमें बिना जाँच के रिटेल दावों के लिए मृत्यु दावे के निपटान में केवल 1.27 दिन का औसत समय लगा। विशेष रूप से, विगत दस वर्षों में, कंपनी ने मृत्यु दावों के लिए कुल 12,112 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, जो लाखों परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा, कंपनी की 'क्लेम फॉर श्योर' पहल सुनिश्चित करती है कि सभी दस्तावेज प्राप्त होने के बाद महज एक दिन में वैध मृत्यु दावों का निपटान किया जाएगा। इस पहल के तहत कंपनी, वित्त वर्ष 2024 के दौरान एक दिन में 4,000 से अधिक दावों का निपटान कर चुकी है।

# जेल और बेल का खेल खेलना बंद कर देना चाहिए केजरीवाल को : वीरेंद्र सचदेवा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज हो जाने पर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सीएम केजरीवाल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि आज कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आप वहीं रहें और आपको जो भी स्वास्थ्य के देखभाल की जरूरत होगी, जेल अधिकारी मुहैया कराएंगे। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली की जनता ने नकार दिया है। आआपा पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप एक गंभीर आरोप है। इसलिए मुझे लगता है कि अब उन्हें सोचना चाहिए कि उन्हें बार-बार जेल और बेल का खेल खेलना बंद कर देना चाहिए और कोर्ट के फैसले को स्वीकार करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की



स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। फैसला सुनाने के दौरान केजरीवाल के वकील ने उनके स्वास्थ्य पर चिंता जताई। इस पर कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन को केजरीवाल के स्वास्थ्य संबंधी जरूरी टेस्ट कराने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आपको जब भी स्वास्थ्य की चिंता हो, आप कोर्ट आ सकते हैं।

## एक नजर

### कलिंपोंग में सड़क हादसा, तीन की मौत

**कलिंपोंग :** कलिंपोंग में एक वाहन दुर्घटना में एक 10 महीने के शिशु सहित तीन की मौत की खबर बुधवार को सामने आई है। मृतकों में विनोद छेत्री एवं उनका 10 महीने का बच्चा और चालक नितेश छेत्री शामिल है। वहीं, इस घटना में बिनोद छेत्री की पत्नी और एक बच्चा घायल हो गए है। सभी कालिमपोंग अंतर्गत सांगसे फिकले के निवासी बताए गए है। फिलहाल घायलों का कालिमपोंग जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक वाहन मंगलवार देर रात लाभा बाजार पार करने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क से 500 फिट नीचे गिर गई। वाहन में चालक सहित एक ही परिवार के चार लोग सवार थे। घटना के बाद पुलिस ने बचाव अभियान चलाया और घंटों की मशक्कत के बाद घायलों को बरामद कर अस्पताल ले गए।

### पर्यावरण दिवस पर सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा लगाए गए पौधे

**जौनपुर :** जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा जौनपुर में विभिन्न स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए शहर वासियों, ग्रामिणों, कृषकों एवं आम जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीवानी न्यायालय परिसर में जिला जज एवं अन्य न्यायाधीशों द्वारा पौधरोपण कार्यकम, शिव मन्दिर ऋषि तालाब, खेतासराय-शाहगंज में पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यकम, बदलापुर शारदा देवी महाविद्यालय में छात्राओं एवं समाज सेवी द्वारा पौधरोपण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता कार्यकम, मड़ियाहू बीएनबी पीजी कालेज में एनसीसी कैडेट्स एवं कमाण्डेट के साथ पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम, बक्शा रेलवे यार्ड पौधशाला पर विद्यर्थियों को पर्यावरण के महत्व को बताते हुए।

### देश में सियासत गर्म, एनडीए की बैठक के लिए नीतीश और चंद्रबाबू नायडू पहुंचे दिल्ली

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद बुधवार को राजधानी दिल्ली का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अहम बैठक होने वाली है। इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेलुगु देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू दिल्ली पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री निवास पर होने वाली एनडीए की बैठक में नई सरकार के गठन पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में भाजपा नेता अमित शाह और जे पी नड्डा सहित विभिन्न घटक दलों के नेता पहुंचेंगे। बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करना सभी की जिम्मेदारी : ठाकुर संजय सिंह

**हरिद्वार :** खेल संगठन की सक्रियता एवं मजबूती का केन्द्र खिलाड़ी हैं। खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करना सभी की जिम्मेदारी है इसलिए खेल, खिलाड़ी तथा संगठन में परस्पर बेहतर संबंध बना रहना जरूरी है। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ठाकुर संजय सिंह ने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में यह बातें कही। राजपूत पंचायती धर्मशाला के पृथ्वीराज चौहान सभागार में बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे ठाकुर संजय सिंह ने कहाकि खिलाड़ी चाहे किसी भी खेल अथवा विद्या से सम्बंधित हो, उसकी मदद को सभी को सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके द्वार सभी खिलाड़ियों की हर संभव मदद को सदैव खुले हैं। भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनने पर पहली बार देवभूमि पहुंचे ठाकुर संजय सिंह को क्षत्रिय महासभा द्वारा पगड़ी, अंगवस्त्र, गंगाजलि, रूद्राक्ष माला एवं सम्मान-पत्र भेटकर कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजपूत पंचायत धर्मशाला के ट्रस्टी अध्यक्ष राजीव सिंह ने कहा कि क्षत्रिय एवं राजपूत संगठनों को भी आर्थिक एवं संसाधनों के अभाव से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री डॉ. शिवकुमार चौहान ने कुश्ती जैसे जोखिम भरे खेल में तकनीक एवं कौशल विकास के साथ खिलाड़ियों को और अधिक अवसर तथा बेहतर सुविद्याएं एवं संसाधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

### लोकसभा चुनाव में सिर्फ आधा प्रतिशत मतों ने बढ़ाया सीटों का फासला

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव में कभी-कभी अधिक मेहनत करने पर कम सीटें हासिल होती हैं, तो कभी-कभी कम मेहनत करने पर अपेक्षा से अधिक सीटें हासिल हो जाती हैं। महाराष्ट्र में भी कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र के लोकसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी को 43.91 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि हमें 43.60 प्रतिशत मिले। सिर्फ आधा प्रतिशत से कम वोट की वजह से महाविकास आघाड़ी को 30 सीटें मिलीं और हमें 17 सीटें ही मिल सकी हैं। इसी तरह वोटों में भी मामूली अंतर भी सीटों की संख्या को प्रभावित करता है। चुनाव में सामयिक मुद्दे ज्यादा असरदार होते हैं। इन मुद्दों से अगर समय रहते निपट लिया गया तो इनसे होने वाले नुकसान कम होते हैं, अगर ध्यान नहीं दिया तो नुकसान अधिक होता है। फडणवीस ने कहा कि इस चुनाव से पहले से मराठा आरक्षण का मुद्दा चल रहा था। राज्य सरकार ने मराठा आरक्षण तो दे दिया, लेकिन मराठा नेताओं को समझाने में हम सफल नहीं हुए। इसका नुकसान चुनाव में हमें हुआ और हमारी सीटें कम हुईं। इसी तरह चुनाव के दौरान ही अचानक विरोधियों ने संविधान बदलने का जोरदार अपप्रचार करना शुरू किया।

### उत्तराखंड में सहस्रताल रेस्क्यू अभियान जारी, 10 ट्रैकर्स को किया गया एयरलिफ्ट

**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सहस्रताल ट्रैकिंग रूट पर फंसे ट्रैकर्स की खोज एवं बचाव के लिए चलाया गया अभियान युद्धस्तर पर जारी है। अभी तक कुल 10 ट्रैकर्स को घटना स्थल से एयरलिफ़्ट कर सुरक्षित निकाला जा चुका है। हर्षिल हेलिपैड पर वायुसेना के एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर को बैकअप में तैनात किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बुधवार को मीडियाकर्मियों को यह जानकारी दी। ट्रैकिंग एसोसिएशन ने मंगलवार शाम को उत्तरकाशी के आपातकालीन परिचालन केंद्र को सूचना दी थी की सहस्रताल के ट्रैकिंग रूट पर गये 22 सदस्यों वाला ट्रैकिंग दल खराब मौसम के कारण रास्ता भटक गया है। खराब मौसम के कारण ट्रैकिंग दल के चार सदस्यों की मौत हो गई है। आज चार और ट्रैकर्स की मौत की खबर मिली है। इसके साथ ही एक और ट्रैकर्स की मौत की आशंका जताई गई है। 10 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कॉलर राजेश, ट्रैक लीडर ने सोमवार को सूचना दी थी कि मौसम खराब के कारण सहस्रताल से उत्तरकाशी की तरफ 3.5 किमी कुठलीटॉप में 13 ट्रैकर्स हैं जिसमें चार ट्रैकर्स की मृत्यु एवं नौ ट्रैकर्स का स्वास्थ्य खराब है। इसके अलावा सात ट्रैकर्स धर्मशाला बैस कैम्प में, दो ट्रैकर्स कुशकल्याण में सुरक्षित हैं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली, चलाया सफाई अभियान

**जयपुर :** विश्व पर्यावरण दिवस पर अक्षय पात्र फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए एक अनूठी पहल की और जयपुर की जनता को जागरूक करने के लिए संस्था द्वारा अक्षय पात्र से आरसूएचएस तक जागरूकता रैली निकाली गई साथ ही एक महा सफाई अभियान भी चलाया गया। जगतपुरा के अक्षय पात्र फाउंडेशन ने प्रताप नगर स्थित शहर के सबसे बड़े हॉस्पिटल आरसूएचएस के बाहर स्लिप लेन पर पड़े कचरे एवं प्लास्टिक की थेलियो की महासफाई का अभियान चलाया और पुरे क्षेत्र को साफ सुथरा किया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में संस्था द्वारा अक्षय पात्र से आरसूएचएस तक जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसमे जयपुर की जनता को पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छ पर्यावरण हमारे लिए कितना जरूरी है इसकी महत्ता भी समझाई गई। हॉस्पिटल परिक्षेत्र के बाहर स्लिप लेन पर संस्था द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर कचरे और प्लास्टिक के अम्बार को साफ किया गया इसके कारण हॉस्पिटल में आने वाले मरीज एवं गेट पर खड़े रहने वाले ऑटो वालो को परेशानी होती थी तथा प्लास्टिक खाने से गौ-माता को भारी नुकसान होता है। जन जाग्रति के लिए वहा पर कुछ स्लोगन भी लिखे गए जिससे लोग जागरूक हो एवं अनचाहे स्थानों पर प्लास्टिक फेंक कर जाने-अनजाने गौ हत्या का पाप अपने सिर नहीं ले।


### युवा 5जी के साथ, लावा युवाओं के लिए लेकर आया है पावर-पैक्ड 5जी का अनुभव

**रांची :** भारत के प्रमुख स्मार्टफोन ब्रांड, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने आज बेहद दमदार युवा 5ॠके लॉन्च की घोषणा की, जिसे बेमिसाल स्पीड और बेजोड़ प्रदर्शन की पेशकश के लिए डिजाइन किया गया है। युवा 5ॠ पहले से बेहतर बैटरी बैकअप, बिजली की तरह तेज रफ़्तार और अव्वल दर्जे के कैमरा फीचर्स के साथ पूरे दिन चलने वाला साथी है, जिस कंपनी ने दो मेमोरी वेरिएंट में बाजार में उतारा है। 5 जून 2024 से युवा 5ॠ अमेजन, लावा ई-स्टोर और लावा रिटेल आउटलेट्स में 9499 रुपये 64 GB और 9999 रुपये 128 GB की कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। युवा 5जीको आज के जमाने के युवाओं के लिए डिजाइन किया गया, जो मैट फि निश के साथ प्रीमियम स्लीक लुक और दो बेहतरीन कलर वेरिएंट- मिस्टिक ब्लू और मिस्टिक ग्रीन में ढेर सारी सुविधाओं की पेशकश करता है। इस 'मेड इन इंडिया' स्मार्टफोन में बेहद उम्दा ग्लास बैक डिजाइन, साइड फिंगरप्रिंट सेंसर, 4GB+4GB RAM के साथ-साथ ढेर सारी तस्वीरों, वीडियो और बड़ी फाइलों जैसे डेटा हेतु उच्च क्षमता वाले स्टोरेज के लिए 64/128GB UFS 2.2 फ्ढट मौजूद है। 8MP सेल्फी कैमरा तथा 50टढ अकडुअल रियर कैमरा लैंडस्केप और सेल्फी की अच्छी क्वालिटी की तस्वीरें प्रदान करता है, साथ ही इसमें बॉटम फायरिंग स्पीकर और टाइप-सी यूएसबी केबल के साथ 18ह की फास्ट चार्जिंग की सुविधा भी मौजूद है। यूजर्स को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लावा के वादे अनुरूप, लावा युवा 5जीक्लीन एंड्रॉयड 13 पर चलता है, जो ब्लोटवेयर और विज्ञापन से पूरी तरह मुक्त है, साथ ही इसमें फेस अनलॉक फीचर भी दिया गया है। लावा नियमित अंतराल पर सॉफ्टवेयर अपडेट का वादा करता है, जिसमें 2 साल तक सिक्योरिटी अपडेट और एंड्रॉइड 14 में अपग्रेड शामिल है। इसके अलावा, लावा की ओर से हैंडसेट पर 1 साल की वारंटी और एक्सेसरीज पर 6 महीने की वारंटी दी जाती है। लॉन्च के मौके पर, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के मार्केटिंग हेड, श्री पुरावंश मैत्रेय ने कहा, लावा में ग्राहकों के सुखद अनुभव का सफर हमारी व्यावसायिक नीति का सबसे अहम हिस्सा है।

# भाजपा के लिए सबक है बंगाल का जनादेश, हर सीट पर बढ़ा तृणमूल का वोट

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी इलाकों में तो अपना परचम लहराया ही है। इसके साथ ही राज्य की राजनीति में अहम स्थान रखने वाले पश्चिमी जंगलमहल क्षेत्र में भी बढ़त हासिल करते हुए यहां 29 में से 18 सीट हासिल की हैं। भाजपा उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल में मतुआ पट्टी पर अपना प्रभुत्व बनाए रखने में सक्षम थी, जो राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में भी महत्व रखता है। इसके बावजूद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में सात अधिक सीट



हासिल की हैं।

तृणमूल ने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 29 सीट पर जीत प्राप्त की है जबकि भाजपा ने केवल 12 सीट जीतीं, जो 2019 में उसे प्राप्त सीटों से 6 कम हैं। कांग्रेस केवल एक सीट जीतने में सफल रही जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पिछले चुनाव की तरह अपना खाता खोलने में विफल रही। तृणमूल कांग्रेस ने गंगा के मैदानी इलाकों में 16 लोकसभा सीटों में से 14 सीट जीती हैं। इस क्षेत्र में उत्तर और दक्षिण 24 परगना, कोलकाता, हावड़ा और हुगली जिले शामिल हैं। इस क्षेत्र में भाजपा की सीट तीन से घटकर दो रह गईं। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने डायमंड हार्बर में हैट्रिक बनाते हुए 7.10 लाख वोटों के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की, जो शायद पिछले कुछ दशकों में पश्चिम बंगाल में जीत का सबसे ज्यादा अंतर है। भाजपा को बशीरहाट निर्वाचन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की उम्मीद थी, जिसके अंतर्गत संदेशखाली आता है लेकिन उसकी उम्मीदवार रेखा पात्रा को तृणमूल के हाजी नुरुल इस्लाम से लगभग दो लाख वोट से हार का सामना करना पड़ा है। इस क्षेत्र में प्रभावी रही तृणमूल कांग्रेस ने सत्ता विरोधी लहर और मौजूदा सांसदों के खराब प्रदर्शन के कारण छह सीट - उत्तर 24 परगना में तीन, दक्षिण 24 परगना में दो और हुगली में एक पर नए उम्मीदवारों को खड़ा किया। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में भी, तृणमूल ने 24 परगना के दो जिलों में सभी सीट पर जीत हासिल की थी। तृणमूल कांग्रेस ने आदिवासी बहुल पश्चिमी जिलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिन्हें सामूहिक रूप से जंगलमहल के नाम से जाना जाता है। इस इलाके में आठ संसदीय क्षेत्र हैं। भाजपा और तृणमूल ने जंगलमहल में चार-चार सीट जीतीं जबकि राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी को 2019 की तुलना में एक सीट का फायदा हुआ। भाजपा को तब झटका लगा, जब केंद्रीय मंत्री और निवर्तमान सांसद सुभाष सरकार बांकुड़ा सीट पर तृणमूल के अरूप चक्रवर्ती से 32 हजार 778 वोटों के अंतर से हार गए। हालांकि, भाजपा उत्तर बंगाल में अपना प्रभुत्व बनाए रखने में सफल रही, जिसमें पहाड़ियां, तराई और डुआर्स शामिल हैं, जहां उसे आठ में से छह लोकसभा सीट पर जीत मिली है। कांग्रेस उम्मीदवार इशा खान चौधरी ने मालदा दक्षिण से 1.28 लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की। केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक कूचबिहार में तृणमूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया से 39 हजार 250 वोटों से हार गए।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**